सूर्योदय 5:24 सूर्यास्त 7:22

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.2 न्यू | 23.4 अधि |
| धर्मशाला | 21.0 न्यू | 32.0 अधि |

बाजार


| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77209.90 |
| निफ्टी | 23501.10 |

सोना 71,560 चांदी 98,500

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



अपने नौ विधायकों की चिंता करें जयराम: सुक्खू

पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 22 जून, 2024 | 9 आषाढ़, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 185, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

**टी-20 विश्व कप** आज के मैच

वेस्टइंडीज vs अमेरिका
स्थान: ब्रिजटाउन, समय : सुबह 6:00 बजे

भारत vs बांग्लादेश
स्थान: एंटीगा, समय : शाम 8:00 बजे

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- यूजीसी नेट परीक्षा रद्द होने के विरोध में गरजी एसएफआई -पेज 2
- योग को बनाएं दिनचर्या का महत्वपूर्ण हिस्सा : मुकेश -पेज 7
- बड़ी बहन से मिलने शक्तिपीठ सोलन पहुंची मां शूलिनी देवी -पेज 12
- भारत को बांग्लादेश से रहना होगा सतर्क -पेज 13
- सियाचिन की बर्फीली चोटियों से लेकर कन्याकुमारी तक किया योग -पेज 14

## न्यूज शॉर्ट्स

### सरकार की उदासीनता पर राज्यपाल ने जताया रोष



**शिमला।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर शिमला के रिज मैदान पर हुए कार्यक्रम से प्रदेश सरकार के नुमाइंदे नदारद नजर आए। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने रोष प्रकट किया। योग दिवस की संध्या पर राज्यपाल शिमला में राष्ट्रीय पुस्तक मेले का विमोचन करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार की ओर से जिस तरह की उदासीनता इस कार्यक्रम को लेकर दिखाई गई वह असहनीय है।

### भर्तृहरि महताब होंगे अगले प्रोटेम स्पीकर



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति कर दी है। ओडिशा से भारतीय जनता पार्टी के सांसद भर्तृहरि महताब को लोकसभा सत्र के मद्देनजर इस पद पर नियुक्त किया गया है। बता दें कि महताब सात बार के सांसद हैं और अगले स्थायी स्पीकर की नियुक्ति तक वे सदन में स्पीकर की सभी जिम्मेदारियां निभाएंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान के अनुच्छेद 95 (1) के तहत भाजपा सांसद को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया है।

### नड्डा 6 महीने और रह सकते हैं भाजपा अध्यक्ष



**नई दिल्ली।** भाजपा इस साल 4 राज्यों महाराष्ट्र, झारखंड, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव तक जेपी नड्डा को अध्यक्ष बनाए रख सकती है। इन चुनावों में अभी 6 महीने हैं। नड्डा अभी केंद्रीय मंत्री भी हैं, लिहाजा उनके दैनिक क्रियाकलाप के संचालन के लिए किसी महासचिव को कार्यकारी अध्यक्ष बना सकते हैं। सुनील बंसल व विनोद तावड़े के नाम सबसे आगे हैं। नड्डा का कार्यकाल इसी साल जनवरी में खत्म हो चुका है।

### हज के दौरान 98 भारतीयों की मौत

**नई दिल्ली।** सऊदी अरब में हज के दौरान भीषण गर्मी और प्राकृतिक कारणों से मरने वालों की संख्या एक हजार से अधिक हो गई, जिसमें 98 भारतीय भी शामिल हैं। इस साल अब तक 1,75,000 भारतीय हज के लिए सऊदी अरब गए हैं। केंद्रीय विदेश मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। अब तक 10 देशों से 1,081 जायरीनों (हज पर जाने वाले लोगों को जायरीन कहते हैं) की मौत हो चुकी है।

## अनंत व्यंग्य




# देश की इकोनॉमी को स्वस्थ रखने में मददगार योग : मोदी

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री ने श्रीनगर में कीं योग क्रियाएं

**एजेंसी, श्रीनगर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर (एसकेआईसीसी) में योगाभ्यास किया। 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पीएम मोदी ने वज्रासन से लेकर बलासन, भुजंगासन, शलभासन और उत्तानपादासन तक योग की कई क्रियाएं कीं।

इस मौके पर मोदी ने कहा कि मुझे कश्मीर आने का सौभाग्य मिला है। हमें योग से जो शक्ति मिलती है, मैं श्रीनगर में उसे महसूस कर रहा हूं। मैं देश के सभी लोगों और दुनिया के कोने-कोने में योग करने वालों को कश्मीर की धरती से योग दिवस की बधाई देता हूं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 10 वर्ष की ऐतिहासिक यात्रा पूरी कर चुका है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैंने 2014 में संयुक्त राष्ट्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का प्रस्ताव रखा था। भारत के उस प्रस्ताव का 177 देशों ने समर्थन किया था, जो अपने-आप में एक रिकॉर्ड था। तब से योग दिवस लगातार नए रिकॉर्ड बनाता जा रहा है। वर्ष 2015 में दिल्ली में कर्तव्य पथ पर 35 हजार लोगों ने एक साथ योग किया था।

उन्होंने कहा कि योग सेहत को दुरुस्त रखने का जांचा-परखा माध्यम है, जो देश की इकोनॉमी को भी स्वस्थ रखने में मददगार है।





अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर में योगाभ्यास करते तथा (इनसेट) लोगों के साथ सेल्फी लेते पीएम नरेंद्र मोदी।

जबसे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस ने दुनिया को शरीर और दिमाग को स्वस्थ रखने का फॉर्मूला दिया है, तबसे इस विज्ञान के बारे में जागरूकता बढ़ी है जिससे योग से जुड़ा कारोबार भी बढ़ रहा है।

योग के ट्रेड को बढ़ाने में सबसे ज्यादा योगदान एक्टिव वियर, एसेसरीज, मैट्स, क्लब्स और योग सेंटर्स का है। इनके जरिए इस कारोबार का विस्तार हुआ है। इस खास दिन के जरिए दुनियाभर में भारत की छवि में काफी सधार हुआ है, इससे इकोनॉमी की रफ्तार भी बढ़ी है।

योग के कारोबार में हो रही बढ़ोतरी को लेकर ईएमआर की एक रिपोर्ट आई है, जिसमें कहा गया है कि 2024 से 2032 के बीच योग से जुड़ा ग्लोबल मार्केट 9 फीसदी सालाना की दर से ग्रोथ कर सकता है। 2023 में योग के ग्लोबल मार्केट का साइज करीब 115.43 अरब डॉलर था, जो 2032 तक बढ़कर 250.70 अरब डॉलर होने का अनुमान है। योग के कारोबार में एक दिलचस्प बात ये भी है कि इससे सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा मिल रहा है।

# जुब्बल में एचआरटीसी बस लुढ़की, 4 लोगों की मौत

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

शिमला जिले के जुब्बल में गिल्टाड़ी सड़क पर एक बड़ा हादसा पेश आया है। यहां पर रोहड़ू डिपो की एचआरटीसी की बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में चालक व परिचालक सहित 4 लोगों की मौत हो गई है और 3 गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को रोहड़ू अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया है।



हादसे में क्षतिग्रस्त हुई बस।

परिवहन निगम की बस सुबह करीब 6 बजे कुड्डू से गिल्टाड़ी गांव के लिए रवाना हुई। बस में चालक-परिचालक सहित 7 लोग सवार थे। करीब चार किलोमीटर चलने के बाद बस सड़क से लुढ़क गई। इस दौरान लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई।

स्थानीय लोगों सहित पुलिस की टीम जांच में जुटी। दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि दो ने अस्पताल पहुंचने से पहले दम तोड़ा है। तीन लोगों को उपचार के लिए रोहड़ू अस्पताल पहुंचा गया। हादसे में बस चालक कर्म दास पुत्र भोगी राम गांव कुड्डू जुब्बल, चालक राकेश पुत्र शिव राम गांव धरकोई बिलासपुर, बिरमा देवी निवासी धांसर और धनशाह निवासी नेपाल की मौत हुई है। वहीं, जयेंद्र सिंह रांगटा, दीपिका निवासी गिल्टाड़ी और हस्त बहादुर घायल हुए हैं। यह हादसा कैसे हुआ है इसकी जांच की जा रही है। वहीं, मुख्यमंत्री सुक्खू ने बस हादसे में चार लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया। (अनंत ज्ञान)

### हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों की तैयारियां शुरू

**नई दिल्ली।** भारतीय निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के नतीजे आते ही हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों की तैयारी शुरू कर दी है। इन विधानसभा चुनावों के लिए मतदाता सूची को अपडेट करने का कार्य एक जुलाई को आरंभ हो रहा है। इन तीनों राज्यों की विधानसभाओं का कार्यकाल नवंबर 2024 से जनवरी 2025 के बीच समाप्त होने जा रहा है।

# केजरीवाल नहीं होंगे रिहा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



दिल्ली शराब नीति केस में अरविंद केजरीवाल अभी जेल से बाहर नहीं आएंगे। दिल्ली हाईकोर्ट की वैकेशनल बेंच ने शुक्रवार को ईडी की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि हम दलीलों पर विचार कर रहे हैं। 24 या 25 जून को हम फैसला सुनाएंगे। तब तक राउज एवेन्यू कोर्ट के फैसले पर रोक रहेगी।

दरअसल, 20 जून को शाम 8 बजे राउज एवेन्यू कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को जमानत दे दी थी। लोअर कोर्ट के फैसले के विरोध में ईडी ने 21 जून को दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका लगाई। जस्टिस सुधीर जैन और जस्टिस रविंद्र डुडेजा की बेंच में ईडी के वकील एसवी राजू ने कहा कि लोअर कोर्ट का फैसला सही नहीं है। हमें दलीलें रखने का पूरा समय नहीं मिला। बेंच ने 5 घंटे की सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया।

# नीट : सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए से मांगा जवाब

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को फिर नीट यूजी-2024 काउंसिलिंग की प्रक्रिया पर रोक लगाने से साफ इनकार कर दिया और साथ ही नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को एक और नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। वहीं, इस नई याचिका को भी लंबित याचिकाओं से साथ जोड़ दिया और इसकी भी सुनवाई एक साथ 8 जुलाई के लिए रख दी।



सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि अगर 5 मई की परीक्षा बाद में रद्द हो जाती है तो सब कुछ रद्द हो जाएगा। याचिका में नीट परीक्षा रद्द करने की मांग की गई थी। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमने अन्य याचिकाओं पर भी एनटीए को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है, 8 जुलाई को ही बाकी याचिकाओं के साथ इसकी भी सुनवाई होगी।

वीरवार को भी सुप्रीम कोर्ट ने नीट-यूजी की काउंसिलिंग को लेकर दाखिल एक याचिका पर सुनवाई करते हुए रोक लगाने की मांग से मना कर दिया था। साथ ही कोर्ट ने कहा था कि अगर परीक्षा रद्द नहीं हुई तो काउंसिलिंग भी जारी रहेगी। कोर्ट ने कहा था कि हम इसे रोक नहीं सकते हैं। वहीं, कोर्ट ने इसके हाईकोर्ट में चल रहे सभी मामलों पर रोक लगा दी और नोटिस जारी किया।

## अंतिम दिन भरे नामांकन



देहरा विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर नामांकन दाखिल करते हुईं।



देहरा विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह नामांकन दाखिल करते हुए।



हमीरपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल करते कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा।

# अनुराग ठाकुर ने होशियार सिंह के लिए मांगा समर्थन

**अनंत ज्ञान, देहरा**

हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने शुक्रवार को कहा कि आने वाली 10 तारीख को देहरा विधानसभावासी मिलकर अपने वोट की ताकत से हिमाचल में सोई हुई कांग्रेस सरकार को जगाएंगे और उसे यहां से बाहर का रास्ता दिखाएंगे।

कांग्रेस की सरकार में गरीब पैसे-पैसे को तरस रहे हैं, पर यह 'मित्रों की सरकार' उनकी भलाई करने की बजाय अपने मित्रों के करोड़ों रुपए के कर्ज माफ करने में लगी है। कांगड़ा सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक सिर्फ मित्रों के लिए काम करने के लिए लगा दिया गया है। अनुराग ठाकुर आज देहरा विधानसभा में आगामी उपचुनाव के दृष्टिगत भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह के नामांकन कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर व अन्य गणमान्यों के साथ शामिल हुए। इस दौरान अनुराग ने विजय संकल्प रैली में विशाल जनसमूह को संबोधित कर भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि यह जनसैलाब दिखाता है कि भाजपा की विजय तय है। देहरा विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह लगातार जनसरोकार से जुड़े विषय को उठाते रहे हैं व यहां के सतत विकास के लिए कार्यरत रहे हैं। मेरा भाजपा के



विजय संकल्प रैली में उपस्थित अनुराग ठाकुर, जयराम ठाकुर, होशियार सिंह व अन्य।

सभी कार्यकर्ताओं व देहरा की जनता से करबद्ध निवेदन है कि देहरा में भारी मतों से होशियार को जिता कर देहरा के विकास में भागीदार बनें।

अनुराग ने कहा कि आगामी 10 जुलाई को जनता को तय करना है कि उन्हें भ्रष्टाचारी, डराने-धमकाने वाली और गुंडागर्दी करने वाली कांग्रेस चाहिए या विकास और सुशासन देने वाली भाजपा चाहिए? कांग्रेस के शासन में छोटे दुकानदारों और रेहड़ी वालों का भी चालान काटा गया, लेकिन फिर भी हिमाचल प्रदेश ने चारों लोकसभा सीटें मोदी को दीं। आज हिमाचल प्रदेश में चारों ओर भय का वातावरण है। बहन-बेटियों में असुरक्षा की भावना है।

उन्होंने कहा कि विधानसभा के यह तीनों उपचुनाव भी लोकसभा चुनाव के साथ हो जाने चाहिए थे परंतु कांग्रेस ने इसमें जान-बूझकर विलंब किया। पिछले 16 महीनों में हिमाचल की कांग्रेस सरकार ने सिर्फ राज्य पर कर्ज बढ़ाया है। हजारों करोड़ों रुपए खर्च कर केंद्र द्वारा घर-घर नल लगाया गया। अब अगर राज्य की सरकार पानी तक नहीं छोड़ सकती है तो इससे निकम्मी सरकार और कोई हो नहीं सकती।

## हिमाचल विधानसभा उपचुनाव

# अंतिम दिन 13 नामांकन भरे तीन सीटों पर 19 उम्मीदवार

- 24 को नामांकनों की जांच और 25 व 26 को होंगे वापस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश की तीन विधानसभा सीटों के लिए होने वाले उपचुनाव में 19 उम्मीदवार मैदान में हैं। उपचुनाव में नामांकन करने की अंतिम दिन 13 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए। देहरा में पांच, हमीरपुर में तीन व नालागढ़ में पांच उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए हैं। अब 24 को नामांकनों की जांच और 25 व 26 को नामांकन वापस होंगे। उपचुनाव के लिए 10 जुलाई को मतदान और 13 को चुनाव नतीजे घोषित होंगे।

निर्वाचन विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि राज्य में देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ विधानसभा सीट पर उपचुनाव की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए अंतिम दिन तीनों सीटों पर शुक्रवार को 13 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए।

# शिमला-सोलन सहित कई जिलों में बारिश



रिज मैदान पर बारिश के दौरान छाते लेकर घूमते पर्यटक और स्थानीय लोग।

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

प्रदेश में लोगों को अब गर्मी से राहत मिल रही है। शुक्रवार को शिमला, सोलन सहित कई जिलों में बारिश हुई और रोहतांग में बर्फ के फाहे गिरे है।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से आज फिर प्रदेश के कई भागों में बारिश का पूर्वानुमान जताया गया है। कुछ स्थानों पर अंधड़ चलने का येलो अलर्ट भी जारी हुआ है। विभाग का कहना है कि राज्य के कई भागों में लगातार 27 जून तक बारिश जारी रहने की संभावना है। हालांकि, 22 से 25 जून तक मैदानी व मध्य पर्वतीय भागों में मौसम साफ रहने के आसार हैं। 26 जून के बाद हिमाचल में मानसून के पहुंचने का पूर्वानुमान है। (अनंत ज्ञान)

**खुलासा** पुरंजन ठाकुर के संपर्क में था शूटर सन्नी, हाईकोर्ट ने खारिज की जमानत

# गोलीकांड : पुलिस ने पूर्व विधायक के बेटे को माना आरोपी

**शुभम राही, बिलासपुर**

बिलासपुर शहर में हुए गोलीकांड में पुलिस शूटर के साथ-साथ दो मुख्य आरोपियों तक भी पहुंच गई है, जिसमें शूटर आरोपी सन्नी गिल के साथ सदर के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर का बड़ा बेटा पुरंजन ठाकुर भी सम्मिलित पाया गया है।

बिलासपुर पुलिस ने अभी तक सन्नी गिल और बैहना जट्टा के गौरव नड्डा को गिरफ्तार किया है और उनको शुक्रवार को कोर्ट में भी पेश किया गया। जहां से उनको 5 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया।

एसपी विवेक चहल ने बताया कि नेता के बेटे ने उच्च न्यायालय में जमानत के लिए अर्जी लगाई थी, परंतु याचिका रद्द हो गई है। पुलिस का मानना है कि नेता का बेटा पुरंजन गोलीकांड का मुख्य आरोपी है। पुलिस गिरफ्तारी के

अनंत ज्ञान फॉलोअप

लिए आरोपी की तलाश कर रही है। वहीं, मामले में पुलिस ने एक और गिरफ्तारी की है। बैहना जट्टा के तीसरे आरोपी गौरव नड्डा को गिरफ्तार किया गया है।

वीरवार को गिरफ्तार शूटर सन्नी गिल 15 जून से गौरव नड्डा के साथ उसके पिता के सरकारी आवास पर रह रहा था। शूटर ने गिरफ्तार होने के बाद बंबर ठाकुर के बेटे का नाम लिया था। वहीं, एसपी ने यह भी बताया कि पुलिस ने टीमों का गठन किया है और यह टीम आरोपी पुरंजन ठाकुर को ढूंढ रही है।

पुलिस का कहना है कि यह एक सोची-समझी साजिश थी और आरोपी युवक काफी दिन से बिलासपुर शहर में रहकर प्लानिंग कर रहा था। साथ ही आरोपी शूटर ने शूट करने से पहले पुरंजन ठाकुर से कुछ पैसे भी लिए थे और कुछ पैसे शूट करने के बाद लिए जाने थे। वहीं, पुलिस का कहना है कि गौरव नड्डा को इस सारी साजिश के बारे में पता था। और गौरव नड्डा के कमरे में बैठकर ही सारी प्लानिंग तैयार की जा रही थी। (अनंत ज्ञान)

### पुलिस ने 24 घंटे में सुलझाई गुत्थी

**बिलासपुर** पुलिस ने एक बार फिर से 24 घंटे में एक और मामले की गुत्थी सुलझा ली है। पुलिस ने मौके पर ही शूटर को गिरफ्तार किया और बाद में इस मामले में संलिप्त दो आरोपियों में से एक आरोपी को पकड़ लिया है और तीसरे आरोपी को भी पुलिस पकड़ने में लगी हुई है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि वह इस मामले में संलिप्त मुख्य आरोपियों तक पहुंच चुकी है और पुरंजन ठाकुर को पकड़ने के लिए पुलिस की टीम लगी हुई है।

### क्या कहते हैं पुलिस कप्तान



**शहर** में हुए गोलीकांड में शूटर आरोपी सहित गौरव नड्डा और पूर्व विधायक के बेटे पुरंजन ठाकुर की संलिप्तता पाई गई है। पुलिस पुरंजन को ढूंढ रही है। पकड़े गए आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया था, जिनको पांच दिन का पुलिस रिमांड मिला हैं। पुलिस इस मामले में गहनता से जांच कर रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### शिक्षा मंत्री ने 'जिंदगी कहां' पुस्तक का किया विमोचन



**अनंत ज्ञान।** अध्यापिका रीना भारद्वाज की पुस्तक 'जिंदगी कहां' का विमोचन शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर द्वारा सचिवालय में किया गया। गौर रहे कि रीना भारद्वाज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला फागली में टीजीटी नान मैडिकल के पद पर कार्यरत हैं। रीना भारद्वाज समाचार पत्रों में अपने आलेखों और कविताओं द्वारा समाज के कई मुद्दे उठाने व उनके प्रति जागरूक करने का प्रयास करती रहती हैं। यह हाल ही में अन्तरर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय कवि संगम हिमाचल प्रदेश द्वारा साहित्यिक लेखन और संस्कति के समृद्ध विकास में उत्कृष्ट योगदान के लिए राज्य स्तरीय महिला साहित्यकार सम्मान प्राप्त कर चुकी हैं।

### क्यारी के इन क्षेत्रों कल में बंद रहेगी बिजली

**भरत ठाकुर, कोटखाई।** विद्युत उपमंडल क्यारी सहायक अभियंता करण सिंह ने बताया कि विद्युत् उपमंडल क्यारी के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र देवरी खनेटी और बगाहर में 23 जून को सुबह 10:00 से शाम 5:00 बजे तक बिजली बाधित रहेगी। इसका कारण उन्होंने खुपड़ीनाला से खनेटी 22 केवीएचटी लाइन की मरम्मत बताया। करण सिंह ने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की मांग की है, साथ ही उन्होंने कहा कि कार्य का होना मौसम पर निर्भर करेगा। (अनंत ज्ञान)

### दीर्घ आयु प्रदान करता है योग : शैलजा



**भरत ठाकुर, कोटखाई।** सनरॉक प्ले स्कूल गुम्मा कोटखाई में योग दिवस का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया किया गया। इसमें नन्ह बच्चों, प्रधानाचार्या शैलजा अमरेइक व स्टाफ की समस्त सदस्यों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर शैलजा ने बच्चों को योग दिवस की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि योग मनुष्य को दीर्घ आयु प्रदान करता है। बच्चों ने शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में योग के विभिन्न आसन सफलतापूर्वक किए। (अनंत ज्ञान)

### धूमधाम से मनाया पितृ व योगा दिवस



**भरत ठाकुर, कोटखाई।** डीएवी स्कूल कोटखाई में पितृ दिवस और योगा दिवस का आयोजन धूमधाम से हुआ। कार्यक्रम में अभिभावक-अध्यापक समिति के प्रधान महिन्द्र संगरौलीमुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। स्कूल के बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। सभी प्रस्तुतियों में पिता शब्द का प्रयोग मुख्य रूप से किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव शर्मा ने बताया कि पिता का बच्चों के जीवन में एक महत्वपूर्ण स्थान होता है। पिता शांत रहकर बच्चों के लिए सभी दुख सहता है, मगर बच्चों के चेहरे पर शिकन नहीं आने देता। (अनंत ज्ञान)

### विश्व योग एवं संगीत दिवस मनाया



**नीरज शर्मा, घुमारवीं।** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में अंतर्राष्ट्रीय योग तथा संगीत दिवस पर प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण की अध्यक्षता में एक जीवंत योग सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रमाणित प्रशिक्षकों और योग प्रेमियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में शांतिपूर्ण वातावरण में योग आसन और प्राणायाम अभ्यासों का आनंद लिया गया, जिससे मन, शरीर और आत्मा को उर्जावान बनाया जा सके। प्राचार्य राम कृष्ण ने योग के महत्व पर जोर दिया। इस मौके पर समिति संयोजक डॉ. सुरेश शर्मा, प्रो. प्रीतम लाल, नेशनल कैडेट कोर के संयोजक प्रो. जीव शर्मा, एनएसएस अधिकारी व अन्य मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### बाल स्कूल घुमारवीं की कार्यकारिणी का गठन

**नीरज शर्मा, घुमारवीं।** प्रधानमंत्री उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाल घुमारवीं में विद्यालय प्रबंधन समिति की आम सभा में समिति की पुरानी कार्यकारिणी को भंग करके नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से दूसरी बार कविता ठाकुर को आगामी तीन सालों के लिए स्कूल प्रबंधन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया, जबकि कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से रामलाल पाठक, नीलम, सपना, शकुंतला, अमर सिंह व उषा को कार्यकारिणी का सदस्य चुना गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार, स्टाफ व करीब 70 अभिभावकों ने भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

# गोलीकांड : शूटर ने मालिक को मारने के लिए मेरठ से खरीदा था देसी कट्टा

## खुलासा : हफ्ता पहले बिलासपुर पहुंचकर की थी पूरे एरिया की रेकी

अनंत ज्ञान फॉलोअप

**शुभम राही, बिलासपुर**

बिलासपुर शहर में हुए गोलीकांड मामले में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। पुलिस जांच में पाया गया है कि शूटर सन्नी गिल ने 25 हजार रुपए में यूपी के मेरठ से देसी कट्टा खरीदा था।

इस कट्टे से वह सौरव पटियाल नहीं बल्कि अपने मालिक आनंदपुर में स्थित मीट मार्केट की दुकान करने वाले को मारना चाहता था, लेकिन सबसे पहले आरोपी ने इसका इस्तेमाल बिलासपुर में ही कर दिया, क्योंकि आरोपी को सौरव को मारने की एवज में नौकरी का झांसा दिया था। जिसके बाद आरोपी एक सप्ताह से बिलासपुर शहर में ही रह रहा था। यहां उसने पूरे शहर की रेकी की और उसके बाद उसने स्थान चिन्हित करके शूट किया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रतिदिन आरोपी जिला अस्पताल की कैंटीन में खाना खाता था और वहां पर बैठकर प्लानिंग करता था। युवक कुछ दिनों से बिलासपुर के चंगर सेक्टर के एक सरकारी भवन में स्थित गौरव नड्डा के आवास पर रह रहा था। वहीं, इस सारे मामले में बिलासपुर के एक नेता के बेटे की संलिप्तता पाई गई है, क्योंकि शूट करने के बाद आरोपी ने सीधे नेता के बेटे को फोन किया।

इसके बाद आरोपी को भगाने के लिए चंगर सेक्टर पर ही एक गाड़ी का भी प्रबंध किया गया था। लेकिन स्थानीय लोगों और पुलिस की मस्तैदी से आरोपी युवक को पकड़ लिया गया। पुलिस से यह भी जानकारी मिली है कि इस मामले में पुलिस मुख्य आरोपी तक भी पहुंच चुकी है। साथ ही पुलिस ने इस मामले में नेता के एक बेटे को पकड़ने के आदेश भी जारी कर दिए हैं, लेकिन खबर लिखे जाने तक नेता के बेटे ने उच्च न्यायालय में जमानत के लिए अर्जी भी लगा दी है। पुलिस इस सारे मामले को लेकर गहनता से जांच कर रही है।

उधर, बिलासपुर पहुंचे मंडी रेंज के डीआईजी जी शिवा कुमार ने बताया कि इस मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने अभी तक गिरफ्तार कर लिया है और आगामी कार्रवाई जारी है। (अनंत ज्ञान)

# कांग्रेस राज में पैदा हुआ हत्याओं और अराजकता का माहौल : रणधीर

**शुभम राही, बिलासपुर**

गोलीकांड को लेकर नगर के सर्किट हाउस में नयना देवी विस क्षेत्र के विधायक रणधीर शर्मा, सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल व भाजपा जिलाध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान ने प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि प्रदेश में कांग्रेस के राज में हत्याएं व अराजकता का माहौल पैदा हो गया है। अभी तक प्रदेश में 50 से अधिक हत्याएं हो चुकी है, कांग्रेस सरकार के आते ही हत्याओं की शुरुआत चंबा जिला से शुरू हो गई थी।

विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि नगर के मेन मार्केट में शनिवार सुबह 10 बजे भाजपा के वरिष्ठ नेताओं सहित कार्यकर्ता एक विरोध आंदोलन शुरू करेंगे। उन्होंने बिलासपुर जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन पर भी सवालिया निशान खड़े किए हैं। सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि बिलासपुर शहर में कुछ दिन पहले से असामाजिक तत्व घूम रहे थे, जिसकी जानकारी उन्होंने स्वयं डीसी व एसपी को भी दी, लेकिन उसके बावजूद भी यहां पर प्रशासन व पुलिस का तंत्र नहीं जागा, ऐसे में उन्होंने साफ तौर कर कहा कि यहां पर हो रही गोलीकांड में पुलिस प्रशासन की लापरवाही भी सामने आई है।

रणधीर ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्थाओं की धज्जियां उड़ रही है, जिसका वह विरोध करते है। उन्होंने यह भी ऐलान किया है कि अब भाजपा इस आंदोलन को पूरे प्रदेशभर में शुरू करेगी, जिसकी शुरुआत बिलासपुर मुख्यालय से हो रही है। इसके बाद पूरे प्रदेशभर में यह आंदोलन शुरू होगा।

# विधायक त्रिलोक गिरफ्तार नहीं हुआ तो करेंगे प्रदर्शन : बंबर ठाकुर

**शुभम राही, बिलासपुर**



पत्रकार वार्ता करते पूर्व विधायक बंबर ठाकुर, साथ हैं अन्य।

सदर पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने कहा कि पुलिस प्रशासन शनिवार को 11 बजे से पहले सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल को गिरफ्तार नहीं करती है तो पूरे 12 बजे वह कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ सड़कों पर उतरकर धरना प्रदर्शन करेंगे।

चंगर सेक्टर अपने निवास स्थान पर पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन उनको और उनके परिवार को जबरन तंग कर रही है और उनके कार्यकर्ताओं को थाने में बुलवाकर पीटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर शहर में हुए गोलीकांड और कुछ समय पहले उनके उपर हुए हमले में त्रिलोक जम्वाल के भाजपा के गुड़े कार्यकर्ता शामिल है, लेकिन पुलिस प्रशासन इनके खिलाफ कोई कार्यवाहीं कर रही। ठाकुर ने कहा कि इन दिनों पुलिस प्रशासन ने उनके आवास को पूरी तरह से पुलिस छावनी में बदल कर दिया है। उनको बाहर निकलने में भी परेशानी हो रही है, पिछले कल उनके बेटे को जबरन पुलिस थाना में ले गई, लेकिन पुलिस द्वारा पकड़े गए शूटर ने उनको बेटे को पहचानने में मना कर दिया।

उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा जो शूटर पकड़ा गया है उसके भाजपा के गुड़ों के साथ तार जुड़े हैं और उन्हें पुख्ता जानकारी है कि इनके 15-20 लाख रुपए के चिट्टे के लेन-देने को लेकर यह शूट किया गया है। उन्होंने कहा कि कुछ समय बाद कोर्ट से चुनावों के दौरान वोटों में हुई कुछ गड़बड़ी के मामले की अंतिम सुनवाई भी आने वाली है, जिससे परेशान त्रिलोक जम्वाल उनको बदनाम करने में लगा हुआ है, क्योंकि कोर्ट की ओर से जो डिसजीन आने वाला है वह उनके पक्ष में है। बंबर ने प्रदेश सरकार से इस मामले की जांच सीबीआई से करवाने की मांग की है। (अनंत ज्ञान)

# गोलीकांड के पीछे बंबर ठाकुर का हाथ : त्रिलोक

## बोले-गिरफ्तार नहीं किया तो करेंगे चक्का जाम, भाजपा ने एसपी व एडीसी को सौंपा ज्ञापन

**शुभम राही, बिलासपुर**



एसपी को ज्ञापन सौंपते सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल व अन्य भाजपा नेता और कार्यकर्ता।

सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल ने वीरवार को बिलासपुर जिला मुख्यालय में हुई गोलीकांड की घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर यह घटना हुई, डीसी व एसपी ऑफिस तथा कोर्ट परिसर उसके बिलकुल पास है। इसके बावजूद प्रशासन की नाक तले यह घटना होना हैरान करने वाला है।

उन्होंने सीधे तौर पर कहा कि इस घटना के पीछे पूर्व विधायक बंबर ठाकुर का हाथ है। शूटर उनके घर से आए थे और गोली चलाने के बाद उन्हीं के घर की ओर भाग निकले। स्थानीय लोगों ने एक आरोपी को उन्हीं के घर के बाहर से पकड़ा है। त्रिलोक ने कहा कि पूर्व विधायक बंबर ठाकुर शुरू से ही भ्रष्टाचार, गुंडागर्दी और माफियाराज को संरक्षण तथा बढ़ावा देते रहे हैं। उन पर फोरलेन प्रोजेक्ट में लगभग 300 करोड़ रुपए का घोटाला करने के गंभीर आरोप कांग्रेस के ही वरिष्ठ नेताओं ने लगाए थे। बिनौला में एक ढाबे पर गोलीकांड में उनका नाम सामने आया था। डियारा सेक्टर में चिट्टा मामले में उनके बेटे की संलिप्तता के समय गुंडागर्दी का तांडव सभी ने देखा था। एसीसी के जीएम की गाड़ी रोककर उन्हें पिस्तौल दिखाकर धमकाया गया था। बिलासपुर में रेलवे प्रोजेक्ट में उगाही और गाड़ियों के नाप-तोल के एवज में पैसे वसूलने में उनका नाम कई बार आ चुका है। इसी मसले को लेकर कुछ दिन पहले उनकी कुछ लोगों से मारपीट हुई थी। पूर्व विधायक ने जिन लोगों पर मारपीट के आरोप लगाए थे, वीरवार को उन्हीं में शामिल एक युवक को बाहर से आए स्पेशल शूटरों ने जान से मारने का प्रयास किया है। इसके पीछे सीधे तौर पर पूर्व विधायक का हाथ है।

उन्होंने कहा कि एसपी और एडीसी को तथ्यों के साथ ज्ञापन सौंपा गया है। इस घटना की गहन जांच करके दोषियों और उन्हें संरक्षण देने वालों को तुरंत गिरफ्तार करके उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी बेहद जरूरी है। यदि पूर्व विधायक को शुक्रवार तक गिरफ्तार नहीं किया गया तो शनिवार को शहर में चक्का जाम किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश सरकार और प्रशासन जिम्मेदार होंगे। (अनंत ज्ञान)

### भाजपा आज करेगी प्रदर्शन वरिष्ठ नेता होंगे शामिल

**बिलासपुर।** भाजपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा तय किया गया है कि बिलासपुर गोलीकांड के विरोध में 22 जून को भाजपा बिलासपुर सदर विधानसभा क्षेत्र में एक उग्र प्रदर्शन करेगी, जिसका नेतृत्व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, केंद्रीय पूर्व मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल करेंगे। इस धरना प्रदर्शन में हिमाचल भाजपा के के सभी नेता उपस्थित रहेंगे। भाजपा के प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा का कहना है कि प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर सिचुएशन आउट ऑफ कंट्रोल हो चुकी है, जो कि एक बहुत बड़ा चिंता का विषय है। इसको लेकर भाजपा ने तय किया है कि बिलासपुर में एक उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं, भाजपा विधायक जेआर कटवाल ने कहा कि जिस प्रकार से बिलासपुर में गोलियां चली हैं उससे साफ दिखता है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था डगमगा गई है। इसको लेकर वर्तमान कांग्रेस सरकार एवं मुख्यमंत्री को जनता को जवाब देना होगा।

# योग भारत की ऋषि परंपरा का अमूल्य उपहार : राजीव सांख्यान

## आयुष विभाग ने हाटकोटी में धूमधाम से मनाया विश्व योग दिवस

**दशमी रावत, जुब्बल**

हिमाचल प्रदेश के विभिन्न स्कूलों, कलेजों व अन्य संस्थानों में विश्व योग दिवस के अवसर पर बड़े-बड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी कडी में शुक्रवार को सरस्वती नगर में आयुष विभाग द्वारा हाटकोटी में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें एसडीएम जुब्बल राजीव सांख्यान एवं होमगार्ड कमांडेंट आरपी नेपटा मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे।

इस दौरान एसडीएम जुब्बल राजीव सांख्यान ने बताया कि योग भारत की ऋषि परंपरा का अमूल्य उपहार है, तो आइए स्वस्थ भारत व सशक्त भारत के निर्माण के लिए नियमित योग करने व अन्य लोंगों को भी योग के प्रति जागरूक करने का संकल्प लें।

वंही होमगार्ड कमांडेंट आरपी नेपटा ने कहा कि आज योग भारत के साथ-साथ दुनिया भर में प्रसिद्ध हो गया है।

वहीं, युवा शक्ति अनुसंधान समिति की ओर से नेहरु युवा केंद्र शिमला के सौजन्य से एक होटल में योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्रदेश अध्यक्ष यशपाल शर्मा ने की। इस मौके परनगर पंचायत जुब्बल के अध्यक्ष दिलीप चौहान बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। योग प्रशिक्षक के रूप में अंतरराष्ट्रीय योग शिक्षक डॉ. आनंद प्रकाश शर्मा भी शामिल रहे। **जुन्गा (शिमला)।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चियोग में योग दिवस योगाभ्यास के साथ मनाया गया। प्रात: कालीन सभा में योग विशेषज्ञ अमित शर्मा व दीसी शर्मा ने छात्र छात्राओं को योग के योग के बारे विस्तार से जानकारी दी। (अनंत ज्ञान)



योगाभ्यास करते एसडीएम राजीव सांख्यान व होमगार्ड कमांडेंट आरपी नेपटा।





युवा शक्ति अनुसंधान समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मौजूद गणमान्य।



चियोग स्कूल में योग करते स्कूली छात्र।

### योग को जीवन शैली में अपनाएं : राज्यपाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला में आयुष विभाग द्वारा रिज मैदान में राज्य स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत और लोगों के साथ योगाभ्यास किया। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने इस मौके पर लोगों को अपनी जीवन शैली में अपनाने का आह्वान किया। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि योग भारत की परंपराओं में रहा है और पीएम मोदी ने योग को अंतराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई और आज 21 जून के दिन को योग दिवस के रूप में दुनिया भर में मनाया जा रहा है। योग एक सतत प्रक्रिया है जिसे नियमित तौर पर अपना कर व्यक्ति स्वस्थ और मानसिक तनाव से भी दूर रहता है।

### योग से निरोग होती है काया : डॉ. अनु शर्मा



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पीरन में योगाभ्यास करते शिक्षक व बच्चे

**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)**

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मशोबरा ब्लॉक के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पीरन में आयुर्वेद विभाग के सौजन्य से योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के सैंकड़ों स्कूली बच्चों के अतिरिक्त शिक्षकों ने भी बढ़चढ़ कर भाग लिया।

आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी पीरन डॉ. अनु शर्मा ने कहा कि योग से काया निरोग बनती है और स्वस्थ रहने के लिए हर व्यक्ति को कुछ समय निकालकर योगाभ्यास करना चाहिए।

इस मौके पर कार्यालय अधीक्षक एसआर शर्मा, मीरा परिहार, कल्पना शर्मा, मनीषा कुमारी, शीला शर्मा, सुमन बाला, मनोज शर्मा, राहुल शर्मा, खजान सिंह वर्मा, निशा ठाकुर, इंदिरा, चमेली और केवला ने भी बच्चों के साथ योगाभ्यास कार्यक्रम में भाग लिया।



शिमला। राजकीय दंत महाविद्यालय एवं चिकित्साल्य शिमला में योग दिवस पर प्रशिक्षु व डॉक्टर सामूहिक चित्र में।

# यूजीसी नेट परीक्षा रद्द होने के विरोध में गरजी एसएफआई



यूजीसी नेट परीक्षा रद्द होने के विरोध में पुतला जलाते एसएफआई के कार्यकर्ता।

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

यूजीसी नेट परीक्षा रद्द होने के विरोध में शुक्रवार को एसएफआई कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ के खिलाफ हल्ला बोला। धरने के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका और इस्तीफे की मांग उठाई। वहीं एसएफआई ने कहा एनटीए संस्था को भंग किया जाए।

एसएफआई के राज्य सचिव दिनित देंटा ने प्रतियोगी परीक्षाओं में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की निंदा करते हुए कहा कि नीट घोटाले का मुद्दा अभी सुलझ भी नहीं पाया है कि यूजीसी-नेट परीक्षा का मामला सामने आ गया है। उन्होंने कहा कि दोनों परीक्षाएं नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (इनटीए) ने आयोजित की हैं। दिनित देंटा ने कहा कि कि इन प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली से निरन्तर देश के नौजवानों के भविष्य के साथ केंद्र सरकार खिलवाड़ कर रही है। केंद्र सरकार द्वारा गठित निकायों के द्वारा आयोजित परीक्षाओं में धांधलियां अपने चर्म सीमा पर है।

उन्होंने कहा कि एसएफआई मांग करती है की एनटीए जैसी भ्रष्ट संस्था को भंग किया जाए व शिक्षा मंत्री नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे। उन्होंने कहा कि अगर इस मामले में कार्यवाही नही की जाती तो छात्रों को लामबंद कर एसएफआई उग्र प्रदर्शन करेगी।

**तैयारी** मानसून की तैयारियों को लेकर एसडीएम ने अधिकारियों से की बैठक

# आपदा प्रबंधन योजना तैयार करें सभी विभाग : गौरव

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

घुमारवीं उपमंडलाधिकारी गौरव चौधरी ने मानसून की तैयारियों के लिए आयोजित विभिन्न विभागों की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता की। उपमंडलाधिकारी गौरव चौधरी ने मानसून सीजन को देखते हुए सभी सड़कों, पेयजल योजनाओं, स्वास्थ्य संस्थानों, विद्युत आपूर्ति, परिवहन आदि जरूरी जन सेवाओं को क्रियाशील और दुरूस्त करने के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि कार्यालयों में आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम स्थापित कर दिए गए हैं इन में लोग आपदा की सूचना 24 घंटे रिपोर्ट कर सकते है। उन्होंने बताया कि सभी विभाग अपने-अपने विभाग के आपदा प्रबंधन योजना तैयार करें तथा अपने कार्यालय नोडल ऑफिसर नियुक्त करें जो प्रतिदिन आपदा प्रबंधन कार्यालय में नुकसान की रिपोर्ट देना सुनिश्चित करें।

उन्होंने प्रतिदिन नुकसान रिपोर्ट भेजने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ में उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को बरसात के दिनों में होने वाले जलजनित रोगों की रोकथाम के लिए कड़े कदम उठाने के लिए कहा। साथ ही जीवन रक्षक दवाइयों का समुचित भंडारण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा सभी अस्पतालों में मुहैया करवाने के लिए कहा। डेंगू की रोकथाम के लिए चिन्हित स्थानों पर फॉगिंग करने के निर्देश दिए।



जानकारी देते एसडीएम गौरव चौधरी।

उन्होंने जलशक्ति विभाग को पेयजल भंडारण टैंकों की साफ-सफाई के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग और नगर परिषद को निकासी नालियों की सफाई करवाना सुनिश्चित करें ताकि बरसात के समय पानी की निकासी बनी रहे। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निश्चित भूस्खलन स्थानों से समय-समय पर मलबा उठाने के निर्देश दिए। साथ में उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश कि वह आपदा में प्रयोग होने वाले सभी औजारों और इक्विपमेंटों को अच्छी कंडीशन में रखें ताकि जरूरत पड़ने पर उनका प्रयोग किया जा सके।

उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की आपदा की सूचना राज्य आपता नियंत्रण कक्ष के टोल फ्री नंबर 1070 या 1077 पर दी जा सकती है। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

### 'संगीत और योग से जिंदगी बनाएं खुशहाल'



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जेजवीं में प्रधानाचार्या रेखा शर्मा की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। योगासन और योगिक क्रियाएं राकेश शास्त्री, राकेश कुमार और आयुर्वेदिक हॉस्पिटल से योग विशेषज्ञ पंकज ने करवाए। प्रधानाचार्या रेखा शर्मा ने संगीत और योग से जिंदगी को खुशहाल बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। नव्य के जन्म के उपलक्ष्य पर उनके पिता बलवंत कुमार ने सभी के लिए हलवा-चना भेंट किया। सभी अध्यापकों ने योग दिवस को सफल बनाने में भरपूर सहयोग किया। संजीव परमार ने सबके लिए ठंडे मीठे स्वादिष्ट जल का आयोजन किया।





**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर एनसीसी और एनएसएस के लगभग 80 कैडेट और वॉलिंटियर्स ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों के द्वारा विभिन्न योग क्रियाएं की गई और इन योग क्रियाओं का अभ्यास कैडेट मेघा, रीता और एनएसएस स्वयंसेवी जसवीर ने विभिन्न योगासनों द्वारा करवाया।

## करो योग, रहो निरोग



ए कुमार, सुजानपुर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौरी में प्रधानाचार्य सरिता दुबे की अध्यक्षता योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बच्चों व सभी स्टाफ सदस्यों ने सूर्य नमस्कार, वृक्ष आसान, ताड़ासन, बटरफ्लाई, प्राणायाम, अनुलोम विलोम आदि आसान किए। शिविर का संचालन व अभ्यास डीपीई संजीव कुमार द्वारा करवाया गया। (अनंत ज्ञान)



वाईएस भारद्वाज, भरेड़ी। डीएवी पब्लिक स्कूल लझयाणी में योग दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य महोदय, अध्यापक वर्ग और सभी छात्र शामिल हुए, जिसमें सभी ने इस प्राचीन अभ्यास में गहरी रुचि दिखाई। प्रधानाचार्य सुनील ठाकुर ने योग दिवस के बारे में विस्तृत जानकारी दी। (अनंत ज्ञान)



ए कुमार, सुजानपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजकीय कन्या उच्च विद्यालय सुजानपुर में योग दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें सभी बच्चों को योग सिखाया गया। मुख्य अध्यापिका आभा गुप्ता ने बताया कि योग करने वाला मनुष्य हमेशा स्वस्थ रहता है, उसे किसी प्रकार का रोग नहीं लगता है। योग शिक्षक विपिन गुप्ता ने योग की क्रियाएं करवाई। (अनंत ज्ञान)



वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा। सीसे विद्यालय चोड़ू में आयुष हेल्थ सेंटर बड़ा के सौजन्य से अंतराष्ट्रीय योगा दिवस पर योगा अभ्यास करते हुए स्कूल के विद्यार्थी। (अनंत ज्ञान)



शशि सोनल, नादौन। डीएवी भड़ोली के प्रांगण में दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रिंसीपल सुरजीत कुमार राणा की अध्यक्षता में धूमधाम से मनाया गया। योग सत्र से पूर्व यज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 9वीं से लेकर 12वीं और एलजी से दूसरी तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने इसमें बढ़- चढ़कर भाग लिया। कक्षा जमा दो की छात्रा रोहिणी ठाकुर ने योग दिवस पर भाषण दिया। एनएसएस के वॉलिंटियर्स योग शिविर का मुख्य आकर्षण बने रहे। (अनंत ज्ञान)



शशि सोनल, नादौन। भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी के छात्रों ने योग क्रियाएं कर योग दिवस मनाया। प्रिंसीपल आरती कटोच ने योग को स्वस्थ रहनें का सबसे आसान तरीका बताया तथा कहा की जो व्यक्ति दैनिक रूप से योग क्रियाएं करता है वह लंबा स्वस्थ जीवन जीता है। (अनंत ज्ञान)



अनिल कुमार, हमीरपुर। करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश ने आयुष मंत्रालय भारत सरकार, प्रेम सुख इंटरनेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट व एकल योग आरोग्य योजना के सहयोग से अतंरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर योग व ध्यान शिविर का आयोजन दो जगहों में करवाया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर कैंपस में चेयरमैन राजीव शर्मा एसवीएन कॉलेज व गेस्ट ऑफ ऑनर डॉ. कुलदीप चंदेल प्रिंसीपल ऑफ एसवीएन कॉलेज ऑफ एजुकेशन तरक्वाड़ी व त्रिशा कॉलेज में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रो. कमलेश दता कंप्यूटर साईस विभाग, एनआईटी हमीरपुर ने शिरकत की। (अनंत ज्ञान)



संजीव चैहान, टौणी देवी। भाजपा महिला मोर्चा जिला हमीरपुर के बारीं मंदिर मे अंतरराष्ट्रीय योग विश्व दिवस मनाया गया जिसमें महिलाओं ने भाग लिया। जिला अध्यक्ष अर्चना चैहान ने सभी महिला मोर्चा तथा समस्त मातृ शक्ति को योग दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि योग विद्या केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं, अपितु मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को भी संतुष्ट करती है। भारतीय ऋषियों की प्राचीन योग विद्या जन-जन का कल्याण कर रही है। सभी प्रदेश वासियों एवं योग साधकों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई। (अनंत ज्ञान)

# बिजली बोर्ड के लोकल कर्मचारियों व अधिकारियों की लापरवाही से लोग परेशान

## कांग्रेस नेता पवन ने लगाए आरोप- बोले पांच बजे से पहले ही घर का करते हैं रुख

**एसके ठाकुर, बिझडी**

कांग्रेस के जिला महासचिव पवन कालिया ने बिजली विभाग के ऊपर आरोप लगाते हुए कहा कि आए दिन बिजली के फ्यूज उड़ते रहेते हैं। हमेशा शिकायत के दूसरे दिन दस बजे के बाद ही बिजली सप्लाई की जाती है। फ्यूज को डालने के लिए कर्मचारी लोगों का फोन तक नहीं उठाते हैं।

कालिया ने बताया कि पिछले कल पपलोहल ब्राह्मणा के ट्रांसफार्मर में तीन बजे के लगभग फ्यूज उड़ गया और बत्ती गुल हो गई थी, जब ग्रामीणों ने विभाग से बात करनी चाही तो कोई कर्मचारी उपलब्ध नहीं हुआ। काफी देर इंतजार करने के बाद लोग तीन किलोमीटर दूर धंगोटा में मौजूद बिजली विभाग के दफ्तर गए तो वहां कोई कर्मचारी और अधिकारी नहीं था जब उन्होंने पता किया तो पता चला कि सारा स्टाफ लोकल है और हर दिन पांच बजे से अपने-अपने घर चले जाते हैं। लोकल सर्विस करने के बाबजूद भी जेई, एसडीओ, फोरमैन, लाइनमैंन और उससे नीचे का स्टाफ किसी ने फोन तक नहीं उठाया।



पपलोहल गांव में हादसों को न्योता दे रही झाड़ियों के बीच अटकी बिजली की तारें।

कोई भी कर्मचारी-अधिकारी अपनी अपनी कुर्सी पर नहीं था। वे सभी अपने-अपने घर जा चके थे जिससे आधे गांब को इतनी गर्मी में अंधेरे में रात गुतारनी पड़ी। किसी ने भी फोन उठाने की जहमत नहीं कि जबकि कानूनन इनको छुट्टी करने से पहले अपने-अपने ट्रांसफार्मर चैक करने होते हैं। परंतु सारे कर्मचारी और अधिकारी स्थानीय होने की वजह से घर जाने की जल्दी में ट्रांसफार्मर चैक ही नहीं करते जगह जगह पेड़ों से लिपटी बिजली की तारें बताती हैं फ्यूज उड़ने का कारण यही है। इन कर्मचारी और अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा हर बार लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि हर बार ये शिकायत आने के दूसरे दिन दस बजे के बाद ही फ्यूज डालते हैं। उन्होंने अरोप लगाया कि कुछ लाइनमैन तो प्राइवेट कारोबार भी करते हैं।

कालिया ने कहा कि दिन-प्रतिदिन इन कर्मचारियों की लापरवाही की शिकायत ग्रामवासी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से करेंगे। ग्रामीणों ने कहा कि इनको घर के पास नौकरी करवाने की सज़ा उपभोक्ता क्यों भुगतें। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि ये जितने भी लोकल कर्मचारी अधिकारी हैं इनका यहां से तबादला किया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को ऐसे कर्मचारियों की लापरवाही से न झूझना पड़े। (अनंत ज्ञान)

### 'ड्यूटी में कोताही बरतने वालों पर होगी कार्रवाई'

इस संदर्भ में जब सहायक अभियंता कोटला बिझडी बंधन से बातचीत हई तो उनका कहनाथा विभागके पास कर्मचारी का बहुत टोटा चल रहा है फिरभी विभागीय कर्मचारी विद्युत संबंधित समस्या को सुलझाने में तत्पर रहते हैं। उनका कहना है पिछले कल अगर कोई समस्या हुई होगी तो इस बारे विभाग छानबीन करेगा और ड्यूटी में कोताही बरतने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी करवाई अमल में लाई जाएगी।

## कक्कड़ के इन गांवों में कल बाधित रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल कक्कड़ के 23 जून को लाइनों की आवश्यक मरम्मत और इन लाइनों के आस-पास पेड़ों की काट-छांट के कार्य के चलते गांव बजरोल, पलभू, उहल, सुराह, पौहंज, ननोट, भराइयां दी धार, लंबर, भटेड़, कलोह, डुहला और आस-पास के अन्य गांवों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बाधित रहेगी। सहायक अभियंता अंकज गुप्ता ने बताया कि 23 जून को मौसम खराब होने की स्थिति में मरम्मत का कार्य अगले दिन किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है। (अनंत ज्ञान)

## आशीष ने शुरू किया 'जनसंपर्क आशीर्वाद' अभियान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

विधानसभा उपचुनावों में भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा ने शुक्रवार को अपने जन आशीर्वाद अभियान का शुभारंभ ग्राम पंचायत स्वाहल से किया। इसके साथ ही यहां के सभी गांवों में नुक्कड़ सभाएं आयोजित कर आशीष ने जन आशीर्वाद मांगा। इसके साथ ही ग्राम पंचायत काले अंब और बरोहा में भी नुक्कड़ सभाओं में जन आशीर्वाद लिया।

इस दौरान आशीष ने कहा कि मुख्यमंत्री ने चुने हुए विधायकों को दरकिनार किया और उनके आत्मसम्मान के साथ खिलवाड़ किया। विधायक अपने क्षेत्र की जनता का प्रतिनिधित्व करता है और यह उस देवतुल्य जनता के आत्मसम्मान के साथ खिलवाड़ है। चौदह माह कोई भी काम नहीं मुख्यमंत्री ने नहीं किया। लोगों के कामों को लेकर जब भी वह मुख्यमंत्री से मिलने जाते तो मुख्यमंत्री मिलने तक का समय नहीं देते थे। चार चार दिन बैठाये रखा, लेकिन मिलने तक का समय नहीं दिया।



जनसंपर्क आशीर्वाद अभियान के तहत एक गांव में पहुंचे आशीष शर्मा।

उन्होंने कहा कि भाजपा से टिकट मिला है और वह सौभाग्यशाली हैं कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के सदस्य बन चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सिर्फ अनाप शनाप ब्यानबाजी करते हैं लेकिन कभी अपनी सरकार की उपलब्धियां नहीं बताते, क्यूंकि उपलब्धियां हैं ही नहीं। युवाओं को रोजगार के नाम पर दस नौकरियां नहीं मिली। उल्टा नौकरियां देने वाले संस्थान को ही बंद कर दिया गया है। यह मित्रों व परिवार को फायदा पहुंचाने वाली सरकार है, जबकि जनता की बारी इनके खजाने खाली हो जाते हैं। (अनंत ज्ञान)

# बैंड बाजे के साथ निकाली कलश यात्रा

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

सीनियर सिटीजन काउंसिल द्वारा बाल भवन में श्रीरामचरितमानस कथा आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार सुबह श्री सत्यनारायण मंदिर में शांति पाठ किया गया उसके बाद बैंड बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा श्री सत्य नारायण मंदिर से शुरू हुई बाल भवन में संपन्न हुई। उसके बाद 2 बजे श्री रामचरितमानस कथा का अध्याय शुरू किया गया। कथा व्यास आचार्य मुकेश शर्मा जी महाराज ने संगत को श्रीरामचरितमानस कथा के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि यह श्री राम चरित मानस कथा प्रतिदिन शाम 2 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि 27 जून को हवन यज्ञ और भंडारा भी आयोजित किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)



कलश यात्रा निकालते भक्तजन।

# नशे की लत और अपने ही इलाके में चोरी कर रहे युवा

**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी**

भोरंज क्षेत्रे के अंतर्गत कुछेक कस्बों में नशे की लत में फंस चुके कुछ युवक अपने ही इलाकों में चोरी करने से गुरेज नहीं कर रहे हैं।

पीएचसी भरेड़ी से महज दो सौ मीटर की दूरी पर भरेड़ी से सरकाघाट पुलिया के पास गरसाहड़ ग्राम की निवासी माया देवी ने बताया कि पिछली रात करीब 12 बजे जब वे परिवार सहित घर की छत पर सोई हुई थी तो रात को उसके घर के ठीक सामने सड़क पर आवाज आ रही थी तो उसने देखा कि तीन युवक हेक्सा ब्लेड से दूर संचार विभाग की लोहे की पोल को काट रहे थे। चोरी करने आए इन युवकों ने पोल को लगभग काट ही दिया था मगर आवाज सुनकर माया देवी ने शोर मचा दिया और युवक भाग खड़े हुए। हालात अब ऐसे हो गए हैं कि किसानों ने खेतों में जो लोहे के एंगल लगाए चोर अब इन्ही खम्भों को उखाड़ कर ले जा रहे हैं। जाहिर सी बात है कि इन चोरों के साथ कबाड़ का काम करने वाले व स्थानीय कबाड़ी भी मिले हुई हैं, जो इनसे सस्ते दामों पर सामान खरीदते हैं।

उधर इस संदर्भ में थाना प्रभारी एसएचओ योगराज चंदेल ने बताया कि पुलिस रात के समय में भी अक्सर गश्त पर जाती रहती है अगर कोई भी इन युवकों की पहचान बता सकता है तब उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# टौणी देवी में तीन दिवसीय बास्केस्टबाल स्पर्धा शुरू

**संजीव चौहान, टौणी देवी**

हेम राज मेमोरियल तीन दिवसीय ओपन बास्केटबॉल प्रतियोगिता शुक्रवार को टौणी देवी स्कूल में शुरू हो गई, जिसका शुभारंभ लेफ्टिनेंट अंकेश चौहान ने किया।

प्रतियोगिता में लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक टीमें भाग ले रही है, जिसमें प्रदेश के साथ ही बाहरी राज्यों की टीमें भी हिस्सा ले रही है। प्रतियोगिता का पहला मैच टौणी देवी व दिम्मी टीमों के मध्य हुआ। जिसमें टौणी देवी की टीम ने दिम्मी को 47.46 के अंतर से पराजित किया। मात्र एक गोल से टौणी देवी की टीम जीती। प्रतियोगिता का समापन रविवार को सायं तीन बजे होगा, जिसमें स्थानीय विधायक कैप्टन रंजीत सिंह राणा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

प्रतियोगिता के मुकाबले काफी रोचक हो रहे है। प्रतियोगिता के शुभारंभ पर पहुंचे मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट अंकेश चौहान का यहां पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि खेल मानव जीवन के लिए बहुत ही जरूरी है तथा युवाओं को इसमें बढ़ चढ़ कर आगे आना चाहिए। खेलों में भी युवा अपना करियर बना सकते हैं।

इस दौरान बारीं पंचायत के प्रधान रविंद्र ठाकुर, टपरे के प्रधान दिवान चंद, कृष्ण चंद, सुरजीत सिंह, लवकेश ठाकुर, हंस राज सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)


**तैयारी** भारत निर्वाचन आयोग के सामान्य पर्यवेक्षक व व्यय पर्यवेक्षक ने की प्रबंधों की समीक्षा

# फील्ड में ढील न बरतें टीमें, जुटाएं साक्ष्य: त्रिपाठी

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर के उपचुनाव के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सामान्य पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किए गए वरिष्ठ आईएएस अधिकारी चंद्रभूषण त्रिपाठी ने शुक्रवार शाम को जिला के वरिष्ठ अधिकारियों तथा उपचुनाव से संबंधित विभिन्न टीमों के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक करके सभी आवश्यक प्रबंधों की समीक्षा की।

बैठक में निर्वाचन आयोग के व्यय पर्यवेक्षक आनंद कुमार भी उपस्थित रहे। त्रिपाठी ने कहा कि आदर्श आचार संहिता की अनुपालना और चुनावी व्यय की निगरानी के लिए गठित सभी टीमें फील्ड में हर समय अलर्ट रहें तथा हर गतिविधि की वीडियोग्राफी के माध्यम से साक्ष्य जुटाए, ताकि किसी भी तरह के नियम के उल्लंघन या विवाद की स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि हर चुनाव अपने आप में एक अलग परिस्थिति लेकर आता है। इसलिए सभी टीमें फील्ड में कोई भी ढील न बरतें। त्रिपाठी ने कहा कि इस बार मतदान की प्रतिशतता में उल्लेखनीय वृद्धि के लिए संबंधित अधिकारी प्रत्येक मतदाता तक पहुंचने का प्रयास करें। उन्होंने मतदान टीमों के प्रशिक्षण, मतदान केंद्रों में आवश्यक सुविधाओं, स्ट्रांग रूम एवं मतगणना केंद्रों से संबंधित प्रबंधों और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर भी अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए। वहीं, व्यय पर्यवेक्षक आनंद ने कहा कि स्टैटिक सर्विलांस टीमों को एक ही जगह पर नाका लगाने के बजाय इसकी जगह में नियमित रूप से बदलाव करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनावी व्यय पर कड़ी नजर रखने के लिए वीडियो सर्विलांस टीमों के साथ-साथ वीडियो व्यूइंग टीमों की भूमिका भी बहुत महत्वपूर्ण होती है।



मीटिंग की अध्यक्षता करते सामान्य पर्यवेक्षक चंद्रभूषण त्रिपाठी।

इस मौके पर जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह, एसडीएम एवं निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार सोनी, एडीएम राहुल चौहान, सहायक आयुक्त पवन शर्मा, जिला राजस्व अधिकारी जसपाल सिंह, निर्वाचन विभाग के तहसीलदार उपेंद्रनाथ शुक्ला और अन्य नोडल अधिकारी भी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### अमन कुमार ने दिया धैर्य शीलता का परिचय




रंजीव चैहान, टौणी देवी। स्वर्ण जयंती राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (उत्कृष्ट) टौणी देवी में योग दिवस पर अन्य योग मुद्राओं के साथ-साथ वृक्षासन पर प्रतियोगिता का आयोजन भी करवाया गया। इस प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग अमन कुमार 2 घंटे वृक्षासन मुद्रा में खड़े रह कर अपनी मानसिक धैर्य शीलता का परिचय देते हुए प्रथम, विनीत एक घनता 24 मिनट के साथ द्वितीय, जबकि रचना एक घंटा 11 मिनट के साथ तृतीय रही जूनियर वर्ग में रुत्विक ठाकुर 14 मिनट के साथ प्रथम, पलक द्वितीय जबकि गुरप्रीत सिंह तृतीय स्थान पर रहे। प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने बताया कि योग आज लाखों लोगों के जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा है। इस योग कार्यक्रम का संचालन संजय कुमार ने किया जबकि सुरेश, राजेश, संजीव, बलबीर, सोनू कुसुम लता, कविता, अदिति सहित अन्य अध्यापक इस अवसर पर उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### स्वस्थ रहने के लिए अपनाएं योग : पवन शर्मा

अनिल कुमार, हमीरपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर आयुष विभाग ने शुक्रवार को बचत भवन में जिला स्तरीय समारोह एवं योगाभ्यास सत्र आयोजित किया। इस कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र और अन्य संस्थाओं ने भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। मुख्य अतिथि सहायक आयुक्त पवन कुमार शर्मा ने दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान सहायक आयुक्त ने कहा कि वर्तमान दौर की भाग-दौड़ एवं व्यस्तताओं से भरी जिंदगी में शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए योग बहुत जरूरी है। इसे हमें अपनी दिनचर्या में अवश्य शामिल करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान योगाभ्यास सत्र में सभी ने योगासन एवं प्राणायाम किया। आयुष विभाग की डॉ. चारू शर्मा और पूजा शर्मा ने योगाभ्यास सत्र का संचालन किया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. देस राज वर्मा ने मुख्य अतिथि, अन्य गणमान्य अतिथियों तथा सभी प्रतिभागियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया तथा योग को प्रोत्साहित करने के लिए आयुष विभाग की ओर से आयोजित की जा रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। (अनंत ज्ञान)

### मिनी सचिवालय भोज में मनाया योग दिवस



बाईके भारद्वाज, भरेड़ी। आयुष विभाग जिला हमीरपुर भोरंज ब्लॉक की की ओर से मिनी सचिवालय परिसरा भवन में योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम भोरंज ब्लॉक संजय स्वरूप ने की। उन्होंने कहा कि सभी को अपनी दैनिक जीवन शैली में योग को अपनाना चाहिए। आयुष विभाग की टीम का नेतृत्व नोडल ऑफिसर व आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के प्रभारी डॉ. विजेंद्र सिंह ने किया। साथ में डॉ. विशाल, डॉ. राधना, डॉ. अरुण तथा योग प्रशिक्षिक संदीप, पूजा, नेहा ने सभी प्रतिभागियों को योग प्रोटोकॉल के तहत योग करवाया। (अनंत ज्ञान)

### योग को बनाएं दिनचर्या का हिस्साः प्रो. जयदेव



अनिल कुमार, हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय परिसर दड़ूही में योग दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. जयदेव और कुलसचिव कमल देव सिंह कंवर ने विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अपना शरीर स्वस्थ रहने के लिए योग दिनचर्या का हिस्सा बनाने होगा। साथ ही समाज के हर वर्ग को योग के प्रति जागरूक करना है। इस मौके पर वित्त अधिकारी हंसराज सैणी, सहायक कुलसचिव राजवीर सिंह मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



अनिल कुमार, हमीरपुर। पहचान संस्था में योग दिवस पर उपस्थित विशेष बच्चे।



पहचान संस्था में योग दिवस पर उपस्थित विशेष बच्चे।



राज राजेश्वरी बीएड कालेज में योग करने वाले प्रतिभागी सामूहिक चित्र में।


**ग्राम पंचायत पौंटा विकास खंड गोपालपुर स्थित सरकाघाट जिला मंडी हि.प्र.**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत पौंटा के अंतर्गत वर्ष 2024-25 हेतु निम्न सामग्री के लिए कुटेशन/निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदाएं दिनांक 25.06.2024 को अपराह्न 5 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत में डाक के माध्यम से या व्यक्ति रूप से जमा करवाएं। निर्धारित फार्म संबंधित पंचायत कार्यालय से अवकाश के अतिरिक्त किसी भी दिन प्रातः 10 बजे से 5 बजे के बीच प्राप्त किये जा सकते है । कुटेशन / निविदा ग्राम पंचायत में दिनांक 26/06/2024 को 12:30 PM पंचायत कमेटी के समक्ष खोली जाएगी। सामग्री का विवरण :- रेत क्रशर प्रति घन मीटर, रेत प्लांट FINE SAND प्रति घन मीटर, पक्की ईंट (A, B,C GRADE) प्रति 1000 no., बजरी क्रशर 10, 20,40 MM प्रति घन मीटर, पत्थर (Cut Stone) size प्रति घन मीटर, सोलिंग / बोल्डर पत्थर प्रति घन मीटर, JCB मशीन कटान प्रति घंटा, Paver Block ISI मार्क, Having Strenth M-25 M-30 M-35 M-40 Having Strenth, Cement bench, DUSTBIN 15, 20, 25 litter Ke Blue, Green, CIPET approved (Central Institute of Plastic Engineering and Technogy) हाने चाहिए with CIPET रिपोर्ट, सामग्री ढुलान सीमेंट प्रति किलोमीटर प्रति बैग, Sign board (3x2', 4"x3') प्रति बोर्ड, Painting and Carriage With Board, Airport 3 Seater waiting chair, Steel-No., Mixture Machine with opreter, Without opreter. Per day etc.

**नियम व शर्तेः-** 1. निविदादाता के पास अपना पंजीकरण, पैन न., GST No. होना आवश्यक है सिवाए सामग्री ढुलान, Mule Carriage 2. निविदादाता को निविदा अपने लैटर पैड पर संबंधित ग्राम पंचायत के नाम पर भेजनी होगी 3. निविदादाता को बिल के साथ Valid Transit Pass Form W औरX जमा करवाने होंगे। 4. सभी करों का लेन देन सरकार के प्रावधानों अनुसार होगा। 5. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग से स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। 6. दरें अंको व शब्दों में लिखी होनी चाहिए। 7. टेम्पू या ट्रेक्टर द्वारा निर्माण सामग्री कार्य स्थल / सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी । 8. पारित निविदादाता को निविदाएं के साथ मु. 20000/- रु. अग्रिम / सुरक्षित राशी के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करवाने होंगे व साथ में मु. 1000रु (नान रिफंडेबल) आवेदन शुल्क संबंधित पंचायत में जमा करवाने होंगे। 9. निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी दी गई सुरक्षित राशी वापिस नहीं होगी व सुरक्षित राशी में से ही बाजार भाव पर सामग्री क्रय की जायेगी तथा उसकी निविदा रद्द कर दी जाएगी। 10. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत / अस्वीकृत करने, सामान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदाएं किसी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत / विभाग के पास सुरक्षित रहेगा। 11. सामग्री राशी की अदायगी TA/JE की पैमाइश के उपरांत की जायेगी तथा बिलों के साथ मात्रा सहित Valid Transit Pass Form W औरX होना जरूरी है अन्यथा बिलों की अदायगी नहीं की जाएगी। 12. सामग्री लेने का अंतिम मूल्य/निर्णय विभाग की Justification व पारित निविदादाता के साथ Negotiation अनुसार / उपरांत किया जायेगा ।

नोटः- नियम व शर्तें पंचायत के अनुरूप रहेगी।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत पौंटा**
**विकास खण्ड गोपालपुर स्थित सरकाघाट**
**जिला मंडी ( हि0 प्र0)**

> **खुशी** कोई पहले से बनाई हुई चीज नहीं है। यह आपके अपने कार्यों से आती है। –**दलाई लामा**

## संपादकीय

# सड़क हादसों से सबक

हिमाचल में सड़क हादसों पर ब्रेक नहीं लग पा रही है। यहां हर महीने कोई न कोई बड़ा हादसा हो रहा है, जिसमें लोग बेमौत मारे जा रहे हैं। शिमला जिले के जुब्बल में हुए ताजा सड़क हादसे ने चार लोगों की जिंदगी लील ली है। एक बार फिर सबसे बड़ा प्रश्न यही उठ रहा है कि इस हादसे के लिए आखिर कौन जिम्मेदार है? इसे लापरवाही कहें या बस की खराबी, लेकिन हकीकत यह है कि इस हादसे ने सबको झकझोर दिया है। हिमाचल की भौगोलिक परिस्थिति बेहद कठिन है। यह मानने वाली बात है कि पहाड़ों पर बनी सर्पीली सड़कों पर गाड़ियां चलाना आसान नहीं होता, लेकिन अगर इसी तरह से हादसे होते रहे तो आमजन का परिवहन विभाग से विश्वास उठ जाएगा। लोग बसों में सफर करने से हिचकिचाएंगे।

ऐसा नहीं है कि परिवहन विभाग हिमाचल प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर व यातायात नियमों को लेकर गंभीर नहीं है। विभाग बेहद गंभीर नजर आता है, लेकिन सड़क हादसों के जो आंकड़े साल दर साल सामने आते हैं, वे वाकई डराने वाले हैं। आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाएं चिंता का विषय हैं। पिछले एक साल के आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि करीब 2400 सड़क हादसों में 966 लोगों की जान चली गई थी। इस साल 2024 में छह माह में हिमाचल में करीब पांच सौ सड़क हादसे हुए, जिनमें 200 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं और 700 से ज्यादा घायल हुए हैं। सड़क हादसों को रोकने के लिए पुलिस और परिवहन विभाग प्रयासरत रहता है और हर साल लाखों वाहनों के चालान काटे जाते हैं, बावजूद इसके सड़क दुर्घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रहीं। बद्दी में स्वचलित वाहन जांच प्रणाली स्थापित की गई तथा हरोली में स्वचलित ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक और सुरक्षा पार्क बनाया गया है। सड़क निर्माण एजेंसियां भी काफी सक्रिय रहती हैं। ब्लैक स्पॉट और दुर्घटना की दृष्टि से संवेदनशील स्थानों का सुधार किया जा रहा है। सड़क हादसों का सबसे बड़ा कारण ओवर स्पीड माना जाता है। दूसरा यातायात नियमों का न पालन करना और तीसरा गाड़ियों का रखरखाव न करना। वाहन चालक नियमों का पालन करें, चाहे न करें, लेकिन नियमों को तोड़ना कभी नहीं भूलते।

आजकल हर व्यक्ति जल्दी में है और इसी जल्दी के चक्कर में देशभर में सड़क दुर्घटनाओं में इजाफा हो रहा है। वाहन चलाते समय लोग कई छोटी-बड़ी गलतियां कर बैठते हैं, जिनका परिणाम हमें एक्सीडेंट के रूप में भुगतना पड़ता है। कई बार तो ये गलतियां इतनी भारी साबित होती हैं कि व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो जाता है या फिर उसकी मौत तक हो जाती है। यह भी देखने में आता है कि लोग वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग ज्यादा करने लग पड़े हैं। वह अपना समय बचाते हैं, लेकिन कई बार थोड़ी से चूक से जिंदगी ही नहीं बचती है। वाहन चलाते वक्त जरा सा ध्यान भटका नहीं और दुर्घटना के शिकार हुए नहीं। नशे में वाहन चलाना एक अपराध है, लेकिन बावजूद इसके लोग नशा करने के बाद वाहन चलाते हैं, जिसके चलते उनका अपने वाहन से नियंत्रण खो जाता है और और वह खुद तो मरते ही हैं और दूसरों की जान लेने के लिए भी जिम्मेदार हो जाते हैं। सड़क दुर्घटना का एक और सबसे बड़ा कारण ओवर स्पीडिंग है। वाहन चालक अधिक स्पीड में होते हैं और इस कारण कोई समस्या सामने आने पर वाहन अचानक से रुक नहीं पाता तथा दुर्घटना का शिकार हो जाता है। यातायात के नियमों का पालन नहीं करना भी भारी पड़ता है।

वाहनों का रखरखाव और मेंटेनेंस न करवाना भी सड़क दुर्घटना का सबब बन जाता है। कुछ लोग थोड़े से पैसे बचाने के लिए अपने वाहनों की मेंटेनेंस नहीं करवाते हैं, जो तब बहुत भारी पड़ती है, जब किसी व्यक्ति की जान सड़क हादसे में चली जाती है। इन सबके अलावा सड़कों का खराब होना भी दुर्घटना का एक बड़ा कारण बनता जा रहा है। कई बार सड़क खराब होने से वाहन चालक अपने वाहन पर से कंट्रोल खो देता है और परिणामस्वरूप वाहन दुर्घटना का शिकार हो जाता है, इसलिए इस सड़क हादसे से हम सबको एक ही सीख लेनी चाहिए कि महंगी है जिंदगी जरा संभलकर चलिए। जल्दी है किस बात की पहुंच ही जाएंगे मंजिल तक, चाहे थोड़ा देर से ही पहुंचें। वाहन चलाते वक्त सावधानी बरतना ही सबसे बड़ी समझदारी है, क्योंकि जिंदगी दोबारा नहीं मिलती है। ■

# आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## भारतीय सिनेमा के प्रसिद्ध अभिनेता और खलनायक

अमरीश पुरी रंगमंच तथा हिंदी सिनेमा के सबसे मशहूर खलनायक के रूप में प्रसिद्धि बटोरने वाले अभिनेता थे। अमरीश पुरी का जन्म पंजाब में हुआ। अपने बड़े भाई मदन पुरी का अनुसरण करते हुए फिल्मों में काम करने मुंबई पहुंचे, लेकिन पहले ही स्क्रीन टेस्ट में विफल रहे और उन्होंने 'भारतीय जीवन बीमा निगम' में नौकरी कर ली। बीमा कंपनी की नौकरी के साथ ही वह नाटककार सत्यदेव दुबे के लिखे नाटकों पर 'पृथ्वी थियेटर' में काम करने लगे। रंगमंचीय प्रस्तुतियों ने उन्हें टीवी विज्ञापनों तक पहुंचाया, जहां से वह फिल्मों में खलनायक के किरदार तक पहुंचे। अभिनेता के रूप 'निशांत', 'मंथन' और 'भूमिका' जैसी फिल्मों से अपनी पहचान बनाने वाले अमरीश पुरी ने बाद में खलनायक के रूप में काफी प्रसिद्धि पाई। उन्होंने 1984 में बनी स्टीवेन स्पीलबर्ग की फिल्म 'इंडियाना जोन्स एंड द टेम्पल ऑफ डूम' में मोलाराम की भूमिका निभाई थी, जो काफी चर्चित रही। इस भूमिका का ऐसा असर हुआ कि उन्होंने हमेशा अपना सिर मुंडा कर रहने का फैसला किया। इस कारण खलनायक की भूमिका भी उन्हें काफी मिली। व्यावसायिक फिल्मों में प्रमुखता से काम करने के बावजूद समांतर या अलग हटकर बनने वाली फिल्मों के प्रति उनका प्रेम बना रहा और वह इस तरह की फिल्मों से भी जुड़े रहे। वह हिंदी फिल्मों की दुनिया का एक प्रमुख स्तंभ रहे हैं। फिल्म 'मिस्टर इंडिया' में उनका संवाद 'मोगेम्बो खुश हुआ' इतना लोकप्रिय हुआ कि सिने दर्शक उसे शायद ही कभी भूल पाएं। ■



**अमरीश पुरी**
**जन्म :** 22 जून, 1932
**मृत्यु :** 12 जनवरी, 1905

## अपनी बात

**आजकल**, सब कुछ डिजिटल हो गया है, जिसमें आपका मेडिकल इतिहास भी शामिल है। आश्चर्य है कैसे? सरकार ने 'आभा' नामक एक प्लेटफॉर्म लांच किया है, जो प्रत्येक पंजीकृत भारतीय नागरिक के चिकित्सा इतिहास को बनाए रखता है। 'आभा' कार्ड का पूर्ण रूप आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता है। इस कार्ड का प्रबंधन आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के तहत किया जाता है, जो राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) की एक डिजिटल स्वास्थ्य सेवा पहल है। इसका उद्देश्य भारत के स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे को बनाना, विकसित करना और मजबूत करना है। इ' आभा' कार्ड के लिए आवेदन प्रक्रिया काफी सरल है। आप 'आभा' आईडी कार्ड का उपयोग करके गुणवत्तापूर्ण डॉक्टरों, स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों, सलाहकारों या परीक्षकों से जुड़ सकते हैं। **–मीनाक्षी शर्मा, नगरोटा बगवां**


**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# कृष्ण के परामर्श 'तुम योगी बनो' का अनुकरण

**अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में**

**लेखिका : डॉ. मंजु लता गुप्ता**




'योगी को, शरीर पर नियंत्रण करने वाले तपस्वियों, ज्ञान पर चलने वालों तथा कर्म के पथ पर चलने वालों से भी श्रेष्ठ माना गया है, इसलिए हे अर्जुन, तुम योगी बनो!' भगवद् गीता के चतुर्थ अध्याय में अर्जुन को कहे भगवान कृष्ण के ये शब्द हम सभी को यह परामर्श देते हैं कि अनिश्चितताओं और विलासिता से भरे जीवन के महाभारत में अर्जुन की भांति संघर्षरत रहते हुए, योगी का जीवन जीना सुख का मूल है।

योग विज्ञान जो भारतवर्ष की धरोहर है, संपूर्ण संसार के लिए एक उपहार है, इसी कारण विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसकी महत्ता को समझते हुए 2015 में, भारत सरकार के अनुरोध पर 21 जून को विश्व योग दिवस के रूप में संघोषित करके संपूर्ण मानवजाति के कल्याण की पुष्टि की।

पश्चिम में 'योग के जनक' कहे जाने वाले परमहंस योगानंद जिन्होंने अपने जीवन के महत्वपूर्ण 30 वर्ष से भी अधिक समय पश्चिम में बिताया तथा भारत में योगदा सत्संग सोसायटी ऑफ इंडिया और अमेरिका में सेल्फ रियलाइजेशन फेलोशिप की स्थापना करके ध्यान का क्रियायोग विज्ञान, जो योग की एक उन्नत और विशिष्ट शैली है, की शिक्षाओं का प्रचार प्रसार करके मानवजाति को एक सेतु प्रदान किया।

योगानंदजी, अपनी पुस्तक 'योगी कथामृत', जिसे मन और आत्मा के द्वार खोल देने वाली पुस्तक आंका जाता है, के 26वें अध्याय में क्रियायोग का अर्थ बताते हैं, 'एक विशिष्ट कर्म या विधि (क्रिया) द्वारा अनंत परमतत्व के साथ मिलन (योग)।' इस विधि का निष्ठापूर्वक अभ्यास करने वाला योगी धीरे-धीरे, कर्म-बंधन से या कार्य-कारण संतुलन की नियमबद्ध शृंखला से मुक्त हो जाता है।'

भगवान कृष्ण भगवद् गीता में इसका उल्लेख करते हुए कहते हैं, 'अपान वायु में प्राणवायु के हवन द्वारा और प्राणवायु में अपान वायु के हवन द्वारा योगी प्राण और अपान, दोनों की गति को रुद्ध कर देता है और इस प्रकार वह प्राण को हृदय से मुक्त कर लेता है और प्राणशक्ति पर नियंत्रण प्राप्त कर लेता है' अर्थात योगी फेफड़ों और हृदय की कार्यशीलता को शांत कर प्राणशक्ति की उस अतिरिक्त आपूर्ति की सहायता से शरीर में होने वाले ह्रास को रोक देता है और अपान को नियंत्रण में कर शरीर में वृद्धत्व लाने वाले परिवर्तनों को भी रोक देता है।' यह सब जान लेने के बाद इस महान परिवर्तनकारी योग को सीखने की उत्कंठा का जगना स्वाभाविक है। इसका निदान भी विद्यमान है। पाठकगण योगदा सत्संग सोसायटी की वेबसाइट पर जा सकते हैं, जो एक ऐसा द्वार है, जहां से गृह अध्ययन की की पाठमाला प्राप्त कर, योग की इस वैज्ञानिक प्रविधि को सीखना अत्यंत सरल है। पाठमाला के लिए नामांकन करवाकर बुनियादी प्रविधियों का कुछ समय अभ्यास करके इस मानव देह को, जिसकी क्षमता 50 वाट के बल्ब जितनी है, क्रियायोग के अत्यधिक अभ्यास से उत्पन्न करोड़ों वाट की शक्ति को सहन करने योग्य बनाया जाता है।

अंधकार युगों में लुप्त हो जाने के बाद फिर से इस सरल और निश्चित रूप से फल देने वाली क्रियायोग पद्धति को न केवल संसार का त्याग करने वाले संन्यासियों अपितु साधारण लोगों के लिए भी उपलब्ध करने वाले महामृत्युंजय बाबाजी और उनके शिष्य लाहिडी महाशय के प्रति मन कृतज्ञता से भर जाता है।

इन महान संतों की अनुकंपा को शिरोधार्य कर, आइए इस अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हम स्वयं के कल्याण हेतु क्रियायोगी बनें और अपने शरीर और मन को उस महाप्राणशक्ति, जो संपूर्ण सृष्टि की आधारशीला है, की अनंत संभावनाओं को व्यक्त करने के योग्य बनाएं। अधिक जानकारी के लिए yssi.org।

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का वास्तविक महत्व

**लेखक : विवेक अत्रे**

यद्यपि 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' समारोह वैश्विक कैलेंडर का एक अभिन्न अंग बन गया है, विशेष रूप से भारत में, तथापि इसका वास्तविक महत्व हमारी आत्माओं में निहित है। 'योग' का सहज अर्थ है 'ईश्वर के साथ मिलन' अर्थात वह सच्चा मिलन है, जो सभी आत्माएं स्वाभाविक ढंग से खोज रही हैं। संपूर्ण विश्व के अधिकांश लोगों ने 'योग' के बारे में सुना है, परंतु उनमें से अधिकांश लोग अभी भी योग को शारीरिक व्यायाम या योगासन, अर्थात हठयोग के रूप में ही जानते हैं, परंतु वस्तुत: योग और भी बहुत कुछ है, जिसे समझने और अभ्यास करने की आवश्यकता है।

प्रसिद्ध आध्यात्मिक गौरव ग्रंथ 'योगी कथामृत' के लेखक श्री श्री परमहंस योगानंद एक अग्रणी भारतीय गुरु थे, जिन्होंने योग के सही अर्थ के बारे में सत्य की खोज करने वालों को शिक्षा प्रदान करने के लिए पश्चिमी जगत की यात्रा की, जो लोग जीवन का सच्चे अर्थ खोज रहे हैं, उन सभी व्यक्तियों के लिए 'कार्य योजना' के एक अभिन्न अंग के रूप में परमहंसजी द्वारा ध्यान के अभ्यास पर बल देना सामयिक के साथ-साथ कालातीत भी था।

योगानंदजी ने जीवन के सर्वोच्च लक्ष्य, आत्म-साक्षात्कार अर्थात ईश्वर के साथ एकता की प्राप्ति के लिए आध्यात्मिक प्रयास को एकमात्र उपाय बताया और स्वयं उनके गुरु, स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि की यह प्रसिद्ध उक्ति है, 'यदि आप अभी आध्यात्मिक प्रयास कर रहे हैं तो भविष्य में सब कुछ सुधर जाएगा!' योगानंदजी द्वारा उनकी पुस्तक 'योगी कथामृत' में वर्णित परम सत्य की प्राप्ति की दिशा में प्रगति करने के लिए ईश्वर के प्रत्येक भक्त को चरणबद्ध वैज्ञानिक प्रविधि का अभ्यास करना आवश्यक है।

क्रियायोग योग का उच्चतम स्वरूप है। योगानंदजी ने ईश्वर-संपर्क की प्राप्ति के लिए मानव जाति को ज्ञात सर्वाधिक महत्वपूर्ण मार्ग के रूप में इसी विशिष्ट वैज्ञानिक मार्ग का अनुसरण करने पर बल दिया है। क्रियायोग में कुछ विशिष्ट वैज्ञानिक प्रविधियों का समावेश है, जो अभ्यासकर्ता को न केवल अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करने में सक्षम बनाती हैं, अपितु इससे भी अधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि यह 'योगी' को अंतत: सच्ची शांति और आनंद प्राप्त करने में भी सक्षम बनाती है।

योगानंदजी ने अपने पौर्वात्य और पाश्चात्य अनुयायियों को यह बताया कि प्रत्येक व्यक्ति क्रियायोग मार्ग का अभ्यास कर सकता है और यह मार्ग निश्चित रूप से अस्तित्व के उच्चतम जगतों का एक प्रवेश द्वार है। उन्होंने कुछ प्रारंभिक प्रविधियों के साथ-साथ 'आदर्श-जीवन' दर्शन के बारे में भी विस्तार से बताया है, जो क्रियायोग ध्यान के उच्चतम द्वार की ओर ले जाने वाले के लिए आवश्यक उपाय हैं।

योगदा सत्संग सोसायटी ऑफ इंडिया (वाईएसएस) योगानंदजी द्वारा सन् 1917 में स्थापित एक आध्यात्मिक संस्था है। वाईएसएस द्वारा योगानंदजी की विशाल शिक्षाओं की गहन अंतर्दृष्टि का प्रसार पुस्तकों, मुद्रित पाठमाला और अन्य माध्यमों से जारी है। हाल के दशकों में भारत और संपूर्ण विश्व में क्रियायोग मार्ग का अनुसरण करने वाले भक्तों की संख्या में अत्यधिक वृद्धि हुई है। जैसा कि हाल ही में वाईएसएस के रांची आश्रम में आयोजित 'साधना संगम' में एक युवा भक्त ने कहा, 'योगानंदजी की शिक्षाओं और क्रियायोग मार्ग की खोज से मेरा जीवन परिवर्तित हो गया है। अधिक जानकारी के लिए yssi.org

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**




*कर ले सत्कर्म ऐसा कोई शुभ काम हो जाए।*
*ढलती उमर है कब जिंदगी की शाम हो जाए।*

*अपने प्यार के रंग में सभी को रंग ले प्यारे,*
*दुश्मन मीत बन जाएं दोस्ती पैगाम हो जाए।*

*दोनों हाथों से लुटा दे खुशी अपने जीवन की,*
*किसी महरूम के दिल में तेरा नाम हो जाए।*

*किसी का दिल न टूटे तेरे होते हुए बंदे,*
*कर ले मदद दिल से तू उस का राम हो जाए।*

*यह चोला मिला तुम को नहीं हर बार मिलेगा,*
*निस्वार्थ सेवा भाव में यह तन गुलाम हो जाए।*

*तू हंसता हुआ जाए दुनिया पीछे चले रोती,*
*जर्रे-जर्रे से हर दिल का तुम्हें सलाम हो जाए।*

# श्रीराम मंदिर और राजनीतिक दृष्टिकोण के मायने



**लेखिका : रीना भारद्वाज**

अयोध्या धाम व श्रीराम मंदिर निर्माण व प्राण प्रतिष्ठा समारोह की गूंज संपूर्ण विश्व में गुंजायमान हो रही है। हो भी क्यों न, राम नाम की महिमा ही ऐसी है जो जड़ चेतना में भी उच्च जीवन डाल दे, ऐसी सोच का निर्माण कर दे, जो पूरे विश्व के लिए कल्याणकारी हो तो फिर एक इंसान की तो बात ही क्या है। राम नाम की महिमा बस इतनी है कि आम इंसान इसके बखान करने में असमर्थ है। बड़े-बड़े विद्वानों की तो बात ही क्या है। साक्षात शिव भी स्वयं को राम नाम के अधीन करके राम मय हो जाते हैं। आम इंसान तो हर दुख-सुख में जाने अनजाने खुद को राम नाम के अधीन करके पूरी जिंदगी काटता है।

सुख में राम नाम के साथ अपनी खुशियां बांटता है व दुख में राम नाम से ही हिम्मत बंटोरता हुआ जिंदगी के तूफान झेलता है। श्रीराम जीवन से यही निष्कर्ष निकलता है कि राम नाम सत्य के आगोश में रहते हुए, कर्तव्य पथ की कठिनाइयां झेलते हुए हमेशा हर इंसान से ही नहीं, बल्कि हर जीव से प्रेम मित्रता निभाते हुए क्षमा रूपी हथियार उठाए, शरणागत को सीने से लगाए, जातपात से ऊपर प्रेममय झूठा ग्रहण कर अपनी आत्मा से जोड़ते हुए बस प्रजा रंजन में रहने वाली स्वच्छ राजनीति की असली परिभाषा देने वाले किसी एक धर्म नहीं, बल्कि मानव धर्म के उच्च शिखर में बैठे हुए हर धर्म के जीवन दर्शन की उच्च पराकाष्ठा है। इससे भी कहीं आगे है श्रीराम नाम की महिमा। अब ऐसे में श्रीराम मंदिर व उसकी प्राण प्रतिष्ठा का कितना महत्व होगा। खास तौर पर इस भारत की धरा पर तो जन जन के मन पटल पर आस्था का यह प्रतीक राम मंदिर भावना में साक्षात श्रीराम हैं। हैरानी तो इस बात की है भक्ति, आस्था का प्रतीक श्री राम मंदिर आम जन को खुद से यह प्रश्न पूछने के लिए मजबूर कर रहा है कि क्या आस्था भी वर्तमान में राजनीति के लिए शस्त्र की तरह प्रयोग हो रही है। क्या आमजन को लुभाने के लिए सिर्फ सोच को गिरवी रखने का एकमात्र हथियार है, जिन्होंने मंदिर निर्माण करवाया।

इसके लिए अधिकार की कई लड़ाइयां लड़ी होंगी, निसंदेह वह हमारी शुक्रिया की हकदार हैं, लेकिन यह सबके लिए वर्तमान सत्य की परिभाषा ही रही होगी यह कहना कुछ कठिन है। इससे राजनीतिक लाभ उठाने का प्रयास भी रहा होगा। हो भी क्यों न, हर कोई अपनी अच्छाई के बदले में कुछ तो चाहेगा ही, चाहे आमजन से वोट हों, लेकिन श्रीराम जीवन चरित्र को सब भूल गए जिसमें भक्ति का अर्थ सिर्फ निष्काम भक्ति है, तभी तो भरत अपनी भक्ति में बिना मोल खुद को श्रीराम आज्ञा के अधीन कर गए। खैर यह तो हुई उनकी बात जो मंदिर निर्माण में अग्रणी रहे, लेकिन अब उन पर भी तो प्रकाश पड़ना चाहिए जिन्हें मंदिर निर्माण में श्रेय नहीं प्राप्त हो सका, जिन्हें राजनीति में पक्ष और विपक्ष भी कहा जाता है। जो उस वक्त के हिसाब से खुद को राजनीति के तौर पर खुद को विपक्ष में रखते हैं, वह विश्व में चल रही भक्ति की इस लहर में खुद को जुदा महसूस करा कर इसे सिर्फ संघ या विश्व हिंदू परिषद का कार्यक्रम बता कर आम जनता की भक्ति लहर में सम्मिलित नहीं होना चाहते, जबकि श्री राम जीवन ने श्रीराम को ईश्वरत्व प्रदान किया है। ईश्वर को कैसे किसी एक समूह से जोड़कर बांधा जा सकता है, जबकि यह आस्था, भक्ति, विश्वास के साथ ईश्वर के अधीन खुद को करने का वक्त है, तो फिर क्यों प्राण प्रतिष्ठा में हाजिर न होकर इसे राजनीतिक रंग दिया जाए व भक्ति में किसी एक समूह में अहं का बीज बोया जाए। इसमें कोई संदेह नहीं भक्त अपनी भक्ति का प्रकाश फैलाकर लोगों की चेतना को ऊपर उठाने में सक्षम है व कोई एक नेता एक भक्त के रूप में समाज के सामने आए, लेकिन उसके लिए किसी को स्वयं इस दौड़ में शामिल होने की क्या आवश्यकता है या कोई एक पक्ष इसे दूसरे पक्ष का कार्यक्रम बताकर भक्ति का श्रेय किसी एक पक्ष को क्यों देने में उतारू है। इसे भविष्य के लिए छोड़कर भविष्य को ही तय करने देते हैं। आज तो भक्तिमय धारा में सम्मिलित होकर सभी इसका श्रेय लेकर कुछ घर में बैठकर, कुछ राम मंदिर निमंत्रण प्राप्तकर्ता वहां जाकर हिस्सा बनकर राम धुन में रमकर राम धारा में बहते हैं।

जाने क्यों आस्था को भी राजनीति से जोड़ने की कोशिश है। अब वह वक्त पीछे रह गया, जब आस्था के नाम पर वोट की राजनीति हुआ करती थी। आज सोशल मीडिया का वक्त है। आज धर्म और भक्ति की परिभाषा भारत जैसे देश में बहुत व्यापक है। मेरी इस बात की पुष्टि समाचारों की यह बात कोई मुस्लिम हाथ में राम ध्वज उठाए राम भक्ति में लीन पैदल यात्रा कर अयोध्या आ रहा है। भक्ति भावना में प्रबल है, जबकि राजनीतिक चुनाव खुद की सहूलियत पर आम इंसान करता है। भारत की धरा बहुल मध्यम वर्गीय की धरा है, जो समाज के हर क्षेत्र में अपना योगदान देता है। एक तरफ भक्ति में भी वह अग्रणी हो सकता है लेकिन जरूरतों में वह राम राज्य ही चाहता है।

राज सत्ता में बैठे श्रीराम से ही स्वसुख की तिलांजलि की मांग कर खुद के होंठों में हंसी चाहता है। कर्तव्य में भले ही वह पीछे हट जाए, लेकिन अधिकार को वह कस कर पकड़ता है। फिर क्यों नासमझी दिखाकर श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को एक समूह का बताकर उसमें जाने से आनाकानी की जाए। वैसे भी आम इंसान को रोटी कपड़ा और सुरक्षा चाहिए। अर्थात रोजगार और न्याय। जिससे देश में शांति और सुकून कायम हो। तो फिर इन्हें राजनीति का मुद्दा जानो, आस्था को नहीं क्योंकि सोशल मीडिया ने आम इंसान तक राजनीति की सोच को पहुंचा दिया। भक्तिमय इस वक्त में भक्ति ही जोड़ने का कार्य करेगी, इसलिए राजनीति और आस्था भीतर चेतना में और बाहर दोनों जगह अलग-अलग ही रहें और सभी भक्तिमय हों प्राण प्रतिष्ठा में श्रीराम धारा में बहें।

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**

# संत कबीर को समाज के हर धर्म व वर्ग के लोग करते हैं याद

**जयंती विशेष**



**लेखक : डॉ. कमल के प्यासा**
लोअर समखेतर, मंडी

15वीं शताब्दी में जिस समय देश में भक्ति आंदोलन जोरों पर था और चारों ओर पूजा पाठ व धार्मिक प्रचार में कई तरह के अंधविश्वास, आडंबर और पाखंड फैलाए जा रहे थे, तो उसी मध्य एक सिद्ध पुरुष संत कबीर का अवतरण हुआ था। संत कबीर के अवतरण के कई किस्से प्रचलित हैं, जिनमें से एक में तो कबीर जी तो मुस्लिम परिवार में पैदा हुआ बताया गया है, लेकिन ऋग्वेद के नौवें मंडल व सूक्त 94, 96 के अनुसार पता चलता है कि काशी नगरी में ही लहरतारा तालाब के कमल फूल से कबीर जी अवतरित हुए थे। कहीं-कहीं ऐसा भी बताया जाता है कि संत कबीर का किसी विधवा ब्राह्मण महिला के यहां जन्म हुआ था और समाज के डर के कारण उस विधवा महिला ने बच्चे को लहर तारा नामक तालाब के निकट छोड़ दिया था। बाद में बालक को एक मुस्लिम जुलाह दंपती जिनका नाम नीरू व नीमा था, ने उठाकर उसे अपने बेटे कबीर के रूप में अपना लिया था।

जेष्ठ के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा के दिन विक्रमी संवत 1455 (1498 ई.) को जन्मे संत कबीर दास बिलकुल अनपढ़ थे और कहीं भी आश्रम या पाठशाला की शिक्षा प्राप्त नहीं की थी, जो कुछ भी शास्त्र ज्ञान उनके पास था, वह सारे का सारा उनके गुरु स्वामी रामानंद द्वारा दिया ही था। स्वामी रामानंद के पास गुरु धारण करने के लिए कबीर जी कई बार गए थे, लेकिन मुसलमान होने के नाते स्वामी जी उसे टालते ही रहे, पर कबीर ने तो उन्हें गुरु धारण करने की ठान रखी थी।

एक दिन सुबह-सवेरे ब्रह्म मुहूर्त में गंगा घाट के रास्ते में जाकर कबीर जी लेट गए, जिस रास्ते से स्नान के लिए स्वामी रामानंद जी जाया करते थे और फिर ठीक वैसा ही हुआ जैसा कि कबीर चाहते थे। रामास्वामी जी की ठोकर कबीर के शरीर को लग गई और स्वामी रामानंद जी राम राम करते हुए पीछे हट गए और फिर स्वामी जी ने सवाल करते हुए कबीर से पूछा 'तुम कौन हो भाई'? इस पर कबीर ने कहा कि आपका शिष्य स्वामी जी। स्वामी रामानंद बड़े हैरान होकर कहने लगे नहीं तो, तुम तो मेरे शिष्य नहीं हो। मैंने तो तुम्हें कई बार इनकार किया है, तब बड़े ही विनम्र होकर कबीर ने कहा 'जब आप के चरणों का स्पर्श मेरे शरीर से हुआ तो आपने 'राम राम कहा' तो मुझे उठा दिया... आप तो मेरे गुरु ही हैं! तब से संत कबीर स्वामी रामानंद के प्रिय शिष्य बन गए। संत कबीर की बचपन से ही घुमंतू प्रवृत्ति थी तथा हमेशा साधु-संतों के साथ रहना ही पसंद करते थे। इनके साथ ही साथ निर्गुण ब्रह्म के उपासक होने साथ आडंबरों, अंधविश्वासों, जातिगत विभाजन, ब्राह्मणों के वर्चस्व, मूर्ति पूजन अनुष्ठानों व दिखावटी समारोहों के कट्टर विरोधी थे। संत कबीर यह भी कहा करते थे कि बौद्धिक दृष्टि व अध्यात्मिक संदेश से शांति, सद्भाव तथा धर्मों में सामंजस्य स्थापित होता है। कबीर जी के लेखन में उनके दो पंक्तियों के दोहे, कविताएं व अन्य सामाजिक साहित्य आदि सभी बुराइयों, अंधविश्वासों, आडंबरों, पूजा-पाठ तथा मिथकों के विरुद्ध ही संदेश देते हैं।

कबीर जी के संदेश किसी जाति विशेष के लिए न होकर, समस्त मानव समाज के लिए ही दिए गए देखे जा सकते हैं, तभी तो उन्हें आज समाज का हर धर्म व वर्ग के लोग उनको याद करते हैं। उनके दोहों और कविताओं को सिखों के पांचवें गुरु अर्जुन देव द्वारा संग्रहित करके गुरुग्रंथ साहिब में बड़े ही सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया था। संत कबीर के साहित्य के अंतर्गत अनुरागसागर, कबीर ग्रंथावली, बीजक व अरबी ग्रंथ आदि आ जाते हैं, जिनका धार्मिक धरोहर में अपना विशेष स्थान है और उनकी रचनाओं में अवधी व साधुककड़ी भाषा का प्रयोग देखा जा सकता है, इसलिए कबीर जी को राम भक्ति शाखा का कवि भी कहा जाता है क्योंकि उनके साहित्य से गुप्त व गूढ़ ज्ञान, कर्म की प्रधानता, धर्मनिरपेक्षता व सही भक्ति की जानकारी मिलती है। कबीर पंथ की स्थापना भी उन्हीं के प्रयत्नों से मानी जाती है।

घर-परिवार में सूफी संत कबीर दास के साथ उनकी पत्नी जिसका नाम लोई था, का एक बेटा कमाल और बेटी कमाली थी। अंतिम दिनों में संत कबीर जी को अपनी मृत्यु की पूर्व जानकारी हो गई थी। जैसा कि सभी को विधित ही था कि संत कबीर अंधविश्वाशों के बिलकुल ही विरुद्ध थे, जबकि लोग अक्सर कहा करते थे कि काशी में मरने वाला सीधा स्वर्ग पहुंचता है और जो व्यक्ति मगहर में मरता है, वह गधे की योनि में जन्म लेता है। इसी मिथक को नकारते हुए संत कबीर अपनी अंतिम बेला में मगहर को प्रस्थान कर गए थे, जहां विक्रमी संवत 1518 में उन्होंने अंतिम सांस ली थी। इस वर्ष संत कबीर जी जयंती की 647वीं वर्षगांठ 21 जून को सुबह 7.31 से 22 जून के 6.37 सुबह तक मनाई जा रही है। सिद्धपुरुष, विचारक, समाज सुधारक व महान कवि कबीर जी की इस शुभ जयंती पर मेरा उनका शत-शत नमन।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## करो योग, रहो निरोग



मंडी। शिक्षा खंड द्रंग-2 की राजकीय प्राथमिक व माध्यमिक पाठशाला गढ़गांव के नौनिहाल योग करते हुए। (अनंत ज्ञान)



गुलेरिया, मंडी। राजकीय केंद्र प्राथमिक बाल विद्यालय मंडी में समिति अध्यक्ष अंकुश मोहन की अध्यक्षता में योग किया। केंद्रीय मुख्य शिक्षक सुषमा शर्मा और विद्यालय स्टाफ ने भी इस मौके पर योगाभ्यास में शिरकत की। (अनंत ज्ञान)



सुंदरनगर। पदमा भीमा क्लब में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आयुष विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा मनाया गया। आयोजन की अध्यक्षता आयुष विभाग की चिकित्सक शुक्रमा शर्मा उपमंडलीय आयुष अधिकारी द्वारा की गई। वहीं कार्यक्रम का शुभारंभ तहसीलदार सुंदरनगर अंकित शर्मा द्वारा किया गया। (अनंत ज्ञान)



सरकाघाट। एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल में योगा टीचर सनी ठाकुर की अगुवाई में विश्व योग दिवस मनाया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार गौतम ने बच्चों को योग दिवस के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। (अनंत ज्ञान)



पुष्पराज, मंडी। कोर्ट परिसर में आयुष विभाग के सहयोग से योग का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश तोमर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। वहीं प्रिंसिपल जज फैमिली कोर्ट नितिन कुमार, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश-1 अरविंद कुमार, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट पीओसीएसओ शीतल शर्मा सहित आदि शामिल रहे। (अनंत ज्ञान)



पुष्पराज, मंडी। त्रिसंगम स्थान रिवालसर में राज्य स्तरीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन आयुर्वेद फार्मेसी अधिकारी भूप सिंह बंसल के द्वारा किया गया। इस मौके पर जिला परिषद प्रियंता शर्मा और लोअर रिवालसर ग्राम पंचायत की प्रधान कौशल्या देवी भी उपस्थित रही। (अनंत ज्ञान)



अभिषेक, जोगिंद्रनगर। माइंड ऑपरेशन अकादमी जोगिंद्रनगर द्वारा योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। निर्देशक राम प्रकाश ठाकुर ने कहा जीवन में आगे बढ़ने के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहना अति आवश्यक है। (अनंत ज्ञान)



रितेश, सरकाघाट। योग गुरु नेक राम शास्त्री और हिमालयन स्कूल सरकाघाट की प्रधानाचार्य प्रेमलता डोगरा के नेतृत्व में योग दिवस मनाया। हिमालयन स्कूल के अध्यक्ष राज कुमार, उपाध्यक्ष रमेश सहित सभी शिक्षकों ने योग किया। (अनंत ज्ञान)



उमेश, सुंदरनगर। समेकित क्षेत्रीय कौशल विकास पुनर्वास एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण केंद्र सुंदरनगर के सौजन्य से योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्र के पुनर्वास अधिकारी डॉ. प्रियदर्शी मिश्र ने योग दिवस के इतिहास पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य नीलम लगवाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत किया। (अनंत ज्ञान)



उमेश, सुंदरनगर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रोहांडा में विशेष योग सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विजय शर्मा प्रवक्ता इतिहास तथा हेमराज प्रवक्ता गणित ने योग प्रशिक्षण दिया। इस कार्यक्रम में स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य हरदेव कौंडल और स्कूल का अन्य स्टाफ व सदस्य भी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



अभिषेक, जोगिंद्रनगर। योग दिवस की उपलक्ष्य में डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर में वैदिक मंत्रोच्चारण व दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर शारीरिक शिक्षक रणवीर व अनीश शर्मा ने योग अभ्यास करवाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय ठाकुर के साथ शिक्षक वर्ग, गैर-शिक्षक वर्ग और बच्चों ने इसमें भाग लिया। (अनंत ज्ञान)



अभिषेक, जोगिंद्रनगर। हिम फ्लावर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में योग दिवस मनाया गया। पतंजलि योग समिति प्रभारी भीम सिंह चौहान और विजयकांत ने बच्चों को योग आसन प्राणायाम के गुर सिखाए। इस मौके पर ग्राम पंचायत भड़ोल के उप प्रधान रणजीत सिंह चौहान विषेश तौर पर उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# स्वस्थ जीवन शैली के लिए अपनाएं योग : डीसी

**पुष्पराज, मंडी**

जिला प्रशासन मंडी द्वारा आयुष विभाग के सहयोग से शुक्रवार को सेरी मंच पर 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर भी उनके साथ कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस मौके पर उपायुक्त ने सभी उपस्थित बच्चों व स्थानीय निवासियों को 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई देते हुए कहा कि योगाभ्यास व्यक्ति के मन, शरीर और आत्मा को नियंत्रित करने में सहायक होता है। योग शारीरिक और मानसिक अनुशासन को बनाए रखते हुए शरीर और मन को शांति प्रदान करता है।

उपायुक्त ने कहा कि योग तनाव और चिंता दूर करता है और हमें ऊर्जावान बनाए रखता है। उन्होंने कहा कि यह शरीर में लचीलापन और मांसपेशियों की ताकत बढ़ाने के साथ ही श्वसन प्रक्रिया और आंतरिक ऊर्जा के स्तर में भी बढ़ोत्तरी करता है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से आग्रह किया कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं तथा इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करें। आयुष विभाग से डॉ. प्रिया पाठक, अशोक कुमार व प्रजापति ब्रह्मकुमारी के योग शिक्षकों ने लोगों को योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया। आयुष विभाग से डॉ. प्रिया पाठक ने खड़े होकर की जाने वाली योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया, जिसमें मुख्यत: ग्रीवा चालन, स्कंध संचालन, कटि चालन व घुटना चालन शामिल हैं।





योगासन करते सामूहिक चित्र में व इनसेट में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गागल मंडी में योग करते हुए विद्यार्थी।

### लोगों ने किया विभिन्न योगासनों का अभ्यास

उन्होंने विभिन्न योगासनों जैसे ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन व त्रिकोणासन का भी अभ्यास करवाया। वहीं मुख्य आयुर्वेदिक फार्मेसी अधिकारी अशोक कुमार ने बैठ कर किए जाने वाले योगासनों जिसमें मुख्यत: भद्रासन, वज्रासन, शशांकासन, भुजंगासन, अर्धहलासन, कपालभाति व प्राणायाम आदि का अभ्यास करवाया।

योग दिवस कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के सदस्य, मंडी शहर के स्थानीय लोगों, स्कूली छात्र-छात्राओं, स्कूल व कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स व वल्लभ कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवकों ने भाग लेकर योग साधना कर स्वस्थ रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजेश कालिया ने उपायुक्त, अतिरिक्त उपायुक्त, विभागीय कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं व अन्य उपस्थित स्थानीय लोगों का आभार जताया। (अनंत ज्ञान)

### योगाभ्यास कर समझा उसका महत्व

रितेश, सरकाघाट। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रखोह में शिक्षकों व विद्यार्थियों द्वारा प्रार्थना सभा मैदान में प्रधानाचार्य राकेश कुमार की अध्यक्षता में योगाभ्यास कर उसके महत्व को जाना। इस मौके पर मुख्यातिथि के रूप में पधारे सूबेदार राकेश सकलानी ने योगासन, सूक्ष्म व्यायाम और प्राणायाम क्रियाओं का अभ्यास करवाया।

### उपायुक्त ने खंड विकास अधिकारियों से की बैठक

# ग्रामीण विकास कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

**पुष्पराज, मंडी**

उपायुक्त अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार में जिले के समस्त खंडों में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा को लेकर बैठक की। बैठक में जिले के समस्त विकास खंड अधिकारियों ने भाग लिया। उपायुक्त ने सभी विकास खंड अधिकारियों को ग्रामीण विकास से जुड़े कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को बेहतर क्रियान्वयन के लिए खंड विकास अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।

उन्होंने निर्देश दिए कि समस्त विकास कार्यों को निर्धारित समय अवधि के भीतर पूरा करें। उन्होंने लंबित कार्यों को शीघ्र अति शीघ्र प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना इत्यादि के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की।

इसके अतिरिक्त 15वें वित्तायोग, ऑडिट रिकवरी, पंचायत घर निर्माण व शिकायतों आदि पर भी चर्चा हुई। उन्होंने पंचायतों को ठोस व तरल कचरा प्रबंधन का सही से निष्पादन करने के निर्देश दिए। उन्होंने पंचायत स्तर पर मनरेगा के अंतर्गत विशेष बल देने को कहा ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की नियमित रूप से समीक्षा करना आवश्यक है ताकि कार्यों में तेजी लाई जा सके।

इस दौरान एडीसी रोहित राठौर, जिला पंचायत अधिकारी अंकित डोगरा, पीओ डीआरडीए गोपी चन्द पाठक, गोपाल कृष्ण अधिशाषी अभियंता सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



बैठक के दौरान उपायुक्त अपूर्व देवगन अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए।

# खुद को बचाने के चक्कर में सरकार जनता को भूली : नरेंद्र

**रितेश, सरकाघाट**



भाजपा प्रदेश सचिव नरेंद्र अत्री ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था बुरी तरह से चरमरा गई है प्रदेश सरकार कानून व्यवस्था बनाए रखने में पूरी तरह फेल हो चुकी है। शांतिप्रिय देवभूमि हिमाचल प्रदेश में आए दिन हो रही मार काट की घटनाओं से प्रदेश की जनता सहम गई है।

प्रदेश सचिव नरेंद्र अत्री ने कहा की कांग्रेस सरकार के डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में पहले चंबा में एक विशेष समुदाय के लोगों द्वारा एक व्यक्ति के टुकड़े-टुकड़े कर देना, पिछले दिनों पालमपुर में एक युवती पर दराट से जानलेवा हमला होना, हमीरपुर के भोरंज में एक युवती के साथ अमानवीय व्यवहार, बद्दी मैं गुंडागर्दी की घटनाएं और अब बिलासपुर में दिन दहाड़े गोली चलना और उसमें कांग्रेस नेता के बेटे का नाम आना ये दर्शाता है कि प्रदेश में सुक्खू सरकार हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है। प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमरा गई है। खुद को बचाने के चक्कर में ये सरकार जनता को भूल गई है। (अनंत ज्ञान)

## सीपीडी समीर ने किया नर्सरियों का निरीक्षण

**पुष्पराज, मंडी।** मुख्यमंत्री वन विस्तार योजना और वन समृद्धि-जन समृद्धि योजना के तहत जाइका वानिकी परियोजना इस बार अधिक से अधिक पौधे रोपेगी। इसके मद्देनजर जाइका के मुख्य परियोजना निदेशक समीर रस्तोगी ने तय लक्ष्य के मुताबिक पौधरोपण करने का निर्णय लिया है।

वन महोत्सव के दौरान चलने वाले पौधरोपण अभियान में जाइका वानिकी परियोजना अहम भूमिका निभाएगी। समीर रस्तोगी ने कहा कि प्रदेश में हरित आवरण बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री वन विस्तार योजना और वन समृद्धि-जन समृद्धि महत्वपूर्ण योजनाएं हैं।

# सरकार कर रही लोगों के साथ अन्याय : अजय सकलानी

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**



जोगिंद्रनगर से दिल्ली वाया मंडी के बीच चलने वाली निगम की लगजरी बस को परिवहन निगम द्वारा बुधवार को बंद करने पर जोगिंद्रनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय सकलानी ने निगम के इस कदम की आलोचना की है। सकलानी ने कहा कि जोगिंद्रनगर से वाया पधर दिल्ली के बीच चलने वाली एक इकलौती बस सेवा थी जिसे निगम द्वारा बंद करना पधर व जोगिंद्रनगर उपमंडल के लोगों के साथ अन्याय है।

उन्होंने कहा कि इस बस को मनाली से चलाने की बात कही जा रही है जबकि मनाली से दिल्ली तक निगम द्वारा दर्जनों रूट चलाए जा रहे है। लेकिन इकलौती बस सेवा को बंद करना निगम द्वारा जोगिंद्रनगर से किया जा रहा है भेदभाव है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

सकलानी ने कहा कि जब से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी है तब से जोगिंद्रनगर के साथ अनदेखी ही की गई है। (अनंत ज्ञान)

## पेड़ से गिरकर महिला की मौत

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** कधार पंचायत के चरीडूहग गांव में पेड़ से नीचे गिरने से महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार चरीडूहग गांव की 61 वर्षीय गुड्डी देवी अपने मवेशियों के लिए चारा एकत्रित करने के लिए पेड़ पर चढ़ी थी कि अचानक संतुलन बिगड़ने के कारण वहां नीचे गिर गई इसके कारण उसकी मौत हो गई पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा। पंचायत उप प्रधान नानक चंद ने दुख व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है। (अनंत ज्ञान)

## एफपीओ घरवासड़ा में स्थापित करेगा श्रीअन्न महिला एग्रो प्रोसेसिंग सेंटर



11 सदस्यीय कमेटी की सदस्य महिलाएं सामूहिक चित्र में।

**रितेश, सरकाघाट**

धर्मपुर किसान उत्पादक सहकारी सभा धर्मपुर ने घरवासड़ा में प्रोसेसिंग केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया है। एफपीओ के अध्यक्ष सत्तपाल चौहान, सचिव भूपेंद्र सिंह और नितेश पराशर की अगुवाई में 11 सदस्यीय कमेटी गठित कर दी गई है। जिसकी प्रभारी सरोजनी और सह प्रभारी विना विष्ट को बनाया गया तथा नितेश पराशर इसके समन्वयन का कार्य देखेगें। इसके अलावा रीता देवी, अरुणा, रीना, इन्दुवाला, आरती, सुमना, रेखा, आशा और सीतो देवी इसकी सदस्य होंगी।

## दो बहनों के साथ छेड़छाड़, मामला दर्ज

**जोगिंद्रनगर।** दो नाबालिग बहनों के साथ छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने आरोपी शिक्षक के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। पीड़ितों की माता ने पुलिस को दिए अपने शिकायत पत्र में कहा कि बड़ी बेटी ने उन्हें बताया कि वर्ष 2023 में प्राथमिक पाठशाला में पढ़ती थी, तो एक अध्यापक मेरे और छोटी बहन के साथ स्कूल के समय कार्यालय में बुलाकर छेड़छाड़ करता था।

इसके साथ ही अध्यापक दो अन्य लड़कियों के साथ भी अध्यापक ने छेड़खानी की है। थाना प्रभारी अश्विनी शर्मा ने कहा कि आरोपी अध्यापक के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। (अनंत ज्ञान)

# कुराश प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

हाल ही में महादेव में कुराश राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 8 जिलों के 250 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस ईगल स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स संस्था के 37 खिलाड़ियों ने भाग लिया और बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 26 पदक हासिल किए।

ईगल कराटे अकादमी के महासचिव व कोच कृष्ण लाल भुपी ने कहा कि पदक विजेताओं को सम्मानित किया है। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों ने 15 गोल्ड, 5 सिल्वर और 6 ब्रॉन्ज मेडल हासिल किए हैं। गोल्ड मेडल हासिल करने वाले खिलाड़ियों में काव्या चौहान, दीया शर्मा, सात्विका, अक्षिता, शानवी, प्रिशा ठाकुर, नक्श, दिव्यांश, पूर्वांशी, कृशिका, अराध्या व रिधुलव सिंह, सिल्वर मेडल हासिल करने वालों में मनत, हिमांशु, गुरजशन, मिशीता व नम्रता और ब्रॉन्ज मेडल हासिल करने वालों में रिधिमा, रिशव, उत्कर्ष, अनिश, शानवी शर्मा, चिराग, आदित्य, अभिनंदन, अनशुल व संजना शामिल हैं।

ईगल स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स संस्था के उपाध्यक्ष ओम प्रकाश, प्रधान हरी सिंह, वरिष्ठ उपप्रधान जीवा राम चौहान, उपप्रधान उपमा शर्मा आदि ने पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। (अनंत ज्ञान)



विजेता खिलाड़ी सामूहिक चित्र में।

## सेवानिवृत्त परिवहन कर्मियों की बैठक 24 को

**गुलेरिया, मंडी।** हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच की प्रदेश कार्य समिति की बैठक 24 जून को होगी प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में प्रस्तावित बैठक कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने की बुलाई गई है। यह जानकारी मंच की प्रदेश महामंत्री रूपचंद शर्मा ने दी।

बैठक विश्वकर्मा मंदिर में होगी। प्रदेश सरकार हिमाचल परिवहन से सेवानिवृत हुए कर्मचारियों की किसी भी समस्या का हल नहीं कर पाई है। यहां तक की उच्च न्यायालय के फैसले को भी नहीं माना जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

# भंग हो नेशनल टेस्टिंग एजेंसी : ऋत्विक

**अनिल शर्मा, मंडी**

स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के जिलाध्यक्ष ऋ त्विक ठाकुर व जिला सचिव दीपक कुमार ने मोदी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी शासन में प्रतियोगी परीक्षा आयोजित करने में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की निंदा की है।

नीट घोटाले का मुद्दा अभी सुलझ भी नहीं पाया है कि यूजीसी-नेट परीक्षा का मामला सामने आ गया है। उन्होंने कहा कि दोनों परीक्षाएं नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने आयोजित की हैं, लेकिन इसमें भारी धांधली के चलते परीक्षा रद्द कर दी है।

जिलाध्यक्ष ऋत्विक ठाकुर व जिला सचिव दीपक कुमार ने कहा कि ऐसा लगता है कि मोदी सरकार में ये एनटीए जैसी एंजेसियां भाजपा के लिए अनुचित तरीके से पैसा कमाने का जरिया बन चुकी है। स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया मांग करती है की एनटीए जैसी भ्रष्ट संस्था को भंग किया जाए व शिक्षा मंत्री भारत सरकार नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे। (अनंत ज्ञान)

## माधवन ने स्वर्ण जयंती मिडल मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा की पास

**कविता, पधर।** माधवन पंडित पुत्र मनीष कुमार निवासी पधर ने स्वर्ण जयंती मिडिल मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा का पहला पेपर उत्तीर्ण कर दूसरे पेपर के लिए योग्य हुआ है। माधवन ने इस परीक्षा के लिए माइंड ऑपरेशन अकादमी पधर से कोचिंग ली थी।



माधवन ने केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला नारला से पांचवी की कक्षा पास की है। माधवन पढ़ाई के साथ खेलकूद में भी आगे रहता है। माधवन ने बैडमिंटन में सुजानपुर में राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया था। इस उपलब्धि के लिए स्कूल की मुख्याध्यापिका कमलेश कुमारी, पूर्व स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विनय शर्मा, वर्तमान अध्यक्ष संतोष ठाकुर ने माधवन को इस उपलब्धि पर बधाई दी है। (अनंत ज्ञान)

## उपचुनाव में विजयी होगी कांग्रेस : ब्रह्मदास

**अनिल शर्मा, मंडी।** हिमाचल की तीन विधानसभा चुनावों में होने वाले उपचुनावों में कांग्रेस प्रत्याशी भारी मतों से विजयी परचम लहराएंगे। यह बात प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के उपाध्यक्ष ब्रह्मदास चौहान ने कही। हाल ही में प्रदेश की छह विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी ने चार गहों पर विजयी हुई थी और अब होने वाले तीन सीटों पर उपचुनावों में एकबार फिर कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी बड़े अंतर से विजयी होने वाले हैं। प्रदेश की जनता मुख्यमंत्री सुक्खू की जन कल्याणकारी सोच को पहचान व जान चुकी है। पूरे हिमाचल में हर क्षेत्र में एक समान समग्र विकास हो रहा है। (अनंत ज्ञान)



**राहत** | भाखड़ा ब्यास इंप्लाइज यूनियन के सदस्यों ने की बीबीएमबी अध्यक्ष से मुलाकात

# दूर होगी कर्मियों की कमी, खस्ताहाल बसें बदलेंगी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

सलापड़ दौरे पर आए बीबीएमबी अध्यक्ष मनोज त्रिपाठी से भाखड़ा ब्यास इंप्लाइज यूनियन के प्रतिनिधियों ने मुलाकात की। यूनियन द्वारा सलापड़ के कर्मचारियों को 10,900 का पे स्केल नहीं लगाने की बात को प्रमुखता से रखा, जिस पर विशेष सचिव द्वारा मुद्दे को जल्द हल करवाने की बात कही।

यूनियन द्वारा सलापड़ में हार्डशिप और कंपनसेक्ट्री अलाउंस लागू करनी की बात कही गई, जिस पर प्रबंधन द्वारा बोर्ड मीटिंग में मुद्दा लगाने व बीबीएमबी प्रबंधन द्वारा डीए और वर्ष 2022-23 और 2023-24 के इंसेंटिव को जल्द जारी करने की बात कही। यूनियन द्वारा राजस्थान राज्य से आए कर्मचारी में बीबीएमबी के स्केल नहीं देने, सलापड़ के हॉस्पिटल में लैब सुविधा शुरू करने, नई कॉलोनी में सड़क और डंगे का निर्माण करवाने, सलापड़ में बसों की खरीद, खस्ताहाल बसों को जल्द ठीक करवाने, कर्मचारियों की लगातार होती कमी को जल्दी दूर करने, पार्ट टाइम कर्मचारी के कार्य घंटे 4 से 6 करने के लिए यूनियन ने चेयरमैन और अन्य अधिकारियों से बात की। इस दौरान यूनियन की ओर से सचिव वैभव गौड, प्रधान इंद्र राज, सह सचिव खुशहाल सिंह, बच्चेश्वर प्रसाद, किशोरी लाल सदस्य उपस्थित थे।



बैठक में भाग लेते हुए अधिकारी व कर्मचारी।

### मॉर्डन स्कूल सुंदरनगर की फीस ज्यादा

यूनियन के प्रधान इंद्रराज ने बीबीएमबी स्कूल सुंदरनगर में सलापड़ से स्थानांतरित हुए कर्मचारी के बच्चों को सेशन के बीच में एडमिशन नहीं देने के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। साथ ही स्कूल की फीस के मुद्दे को उठाया, मॉर्डन स्कूल सुंदरनगर की फीस अन्य स्कूल से अधिक होने पर विचार-विमर्श हुआ। बीबीएमबी प्रबंधन की ओर से अध्यक्ष के साथ, सदस्य बीबीएमबी, विशेष सचिव, वरिष्ठ लेखा अधिकारी सुंदरनगर एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

**ग्राम पंचायत ब्रांग विकास खंड धर्मपुर स्थित सरकाघाट जिला मंडी हि.प्र.**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत ब्रांग के अंतर्गत वर्ष 2024-25 हेतु निम्न सामग्री के लिए कुटेशन/निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदाएं दिनांक 02.07.2024 को अपराह्न 5 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत में डाक के माध्यम से या व्यक्ति रूप से जमा करवाएं। निर्धारित फार्म संबंधित पंचायत कार्यालय से अवकाश के अतिरिक्त किसी भी दिन प्रातः 10 बजे से 5 बजे के बीच प्राप्त किये जा सकते है। कुटेशन / निविदा ग्राम पंचायत में दिनांक 05/07/2024 को 12:30 PM पंचायत कमेटी के समक्ष खोली जाएगी।

**सामग्री का विवरण :-** रेत क्रशर प्रति घन मीटर, रेत प्लांट FINE SAND प्रति घन मीटर, पक्की ईंट (A, B,C GRADE) प्रति 1000 no., बजरी क्रशर 10, 20,40 MM प्रति घन मीटर, पत्थर (Cut Stone) size प्रति घन मीटर, सोलिंग / बोल्डर पत्थर प्रति घन मीटर, JCB मशीन कटान प्रति घंटा, Paver Block ISI मार्क, Having Strenth M-25 M-30 M-35 M-40 Having Strenth, Cement bench, DUSTBIN 15, 20, 25 litter Ke Blue, Green, CIPET approved (Central Institute of Plastic Engineering and Technogy) हाने चाहिए with CIPET रिपोर्ट, सामग्री ढुलान सीमेंट प्रति किलोमीटर प्रति बैग, Sign board (3x2', 4"x3') प्रति बोर्ड, Painting and Carriage With Board, Airport 3 Seater waiting chair, Steel-No., Mixture Machine with opreter, Without opreter. Per day etc.

**नियम व शर्तें:-** 1. निविदादाता के पास अपना पंजीकरण, पैन न., GST No. होना आवश्यक है सिवाए सामग्री ढुलान, Mule Carriage 2. निविदादाता को निविदा अपने लैटर पैड पर संबंधित ग्राम पंचायत के नाम पर भेजनी होगी 3. निविदादाता को बिल के साथ Valid Transit Pass Form W औरX जमा करवाने होंगे। 4. सभी करों का लेन देन सरकार के प्रावधानों अनुसार होगा। 5. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग से स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। 6. दरें अंको व शब्दों में लिखी होनी चाहिए। 7. टेम्पू या ट्रेक्टर द्वारा निर्माण सामग्री कार्य स्थल / सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 8. पारित निविदादाता को निविदाएं के साथ मु. 20000/- रु. अग्रिम / सुरक्षित राशी के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करवाने होंगे व साथ में मु. 1000रु (नान रिफंडेबल) आवेदन शुल्क संबंधित पंचायत में जमा करवाने होंगे। 9. निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी दी गई सुरक्षित राशी वापिस नहीं होगी व सुरक्षित राशी में से ही बाजार भाव पर सामग्री क्रय की जायेगी तथा उसकी निविदा रद्द कर दी जाएगी। 10. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत / अस्वीकृत करने, सामान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदाएं किसी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत / विभाग के पास सुरक्षित रहेगा। 11. सामग्री राशी की अदायगी TA/JE की पैमाइश के उपरांत की जायेगी तथा बिलों के साथ मात्रा सहित Valid Transit Pass Form W औरX होना जरूरी है अन्यथा बिलों की अदायगी नहीं की जाएगी। 12. सामग्री लेने का अंतिम मूल्य/निर्णय विभाग की Justification व पारित निविदादाता के साथ Negotiation अनुसार / उपरांत किया जायेगा।

नोटः- नियम व शर्तें पंचायत के अनुरूप रहेगी।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत ब्रांग
विकास खण्ड धर्मपुर
जिला मंडी ( हि0 प्र0)

## करो योग, रहो निरोग

### हर परिवार योगाभ्यास से जुड़े, ताकि बने इतिहास : कंवर


पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर योगाभ्यास करते हुए।

**अभिषेक कुमार, ऊना।** राज्य भाजपा उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शिवालिक पब्लिक स्कूल बीहड़ू में सैकड़ों समर्थको और बच्चों सहित योगाभ्यास किया। लोगों को हर दिन योग करने के लिए प्रेरित किया। वीरेंद्र कंवर ने संबोधन में कहा कि योग हमारे जीवन का अभिन्न अंग है और हर दिन हर व्यक्ति को योग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर परिवार योगाभ्यास से जुड़े, ताकि योग एक इतिहास बने। इस मौके पर स्कूल प्रिंसिपल राकेश शर्मा, भाजपा नेता राम सिंह ककराना, सुरेश कुमार, संजय ठाकुर, अंकित, होशियार सिंह के अलावा अन्य मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### भुट्टो ने राधे कृष्णा गोशाला में किया योग



**राजेश ठाकुर, बंगाणा।** कुटलैहड़ के पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता देवेंद्र कुमार भुट्टो ने राष्ट्रीय योग दिवस पर राधे कृष्णा गोशाला डुमखर में भाजपा कुटलैहड़ मंडल द्वारा योग शिविर योगाभ्यास किया। इसमें सबसे सुखद बात यह रही कि मंडल के सभी गांवों से सैकड़ों की संख्या में योगार्थी पहुंचे। इसमे सुबह 7 बजे से योग का कार्यक्रम शुरू हुआ। योग प्रशिक्षक विनय, शिखा और दीपा रानी के द्वारा विभिन्न प्रकार के आसनों का अभ्यास कराया गया। (अनंत ज्ञान)

### योग शिक्षक को किया सम्मानित


गोंदपुर बनेहड़ा। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल में छात्र-छात्राओं ने योग दिवस मनाया। बच्चों को योग करवाने के लिए प्रिंसिपल व अन्य स्टाफ सदस्यों ने योग शिक्षक को सम्मानित किया। (छाया : आशीष शर्मा)

### आईटीआई बंगाणा में छात्रों ने किया योग


योग करते आईटीआई बंगाणा के छात्र-छात्राएं।

**राजेश ठाकुर, बंगाणा।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बंगाणा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इसमें योगा मार्गदर्शक सपना देवी, शुभलता, शोभा देवी और पवन कुमार ने आईटीआई के स्टाफ व प्रशिक्षणार्थियों को योग करवाया व योग के महत्व के बारे में जानकारी दी। इसके बाद आईटीआई के प्रधानाचार्य पुनीत कुमार ने बच्चों को योग के बारे में जानकारी दी। इस योग शिविर में आईटीआई बंगाणा से 150 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। इस मौके पर आयुर्वेद विभाग से डॉ. वरुण गोयल, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. तुसी शर्मा, सुखबीर सिंह के साथ आईटीआई बंगाणा के समूह अनुदेशक विनोद कुमार व अनुदेशक राकेश कुमार, अशोक कुमार, निशांत ठाकुर, अमित कुमार व कमला देवी ने भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

### कैडेट्स ने लोगों को स्वस्थ रहने का दिया संदेश


अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में योग करते छात्र।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा एनएसएस व एनसीसी इकाई के द्वारा महाविद्यालय में 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर थे। इस अवसर पर कार्यक्रम सचिव व एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर प्रोफेसर सिकंदर नेगी ने कहा कि आज एनएसएस व एनसीसी कैडेट्स ने योग के दो सत्र में बढ़-चढ़कर भाग लेकर लोगों को स्वस्थ रहने का संदेश दिया। एनसीसी के केयर टेकर डॉ. विनोद कुमार ने योगासान के प्रमुख विधियां बताईं।

### तलमेहड़ा में छात्रों ने किया योगाभ्यास


डीपीई रजनीश कुमार बच्चों को योगाभ्यास करवाते हुए।

**अभिषेक कुमार, ऊना।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तलमेहड़ा में योगाभ्यास किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्य जीवन मोदगिल ने की। इस अवसर पर प्रवक्ता सुनील संधू, कंप्यूटर प्रवक्ता वीरेंद्र कुमार, डीपीई रजनीश कुमार, अनिल कुमार, राकेश कुमार, ज्योति डोगरा, रजनी देवी, कांता देवी, रीना भारती, संजीवना, रजनीकांता, सुमन, बिशन दास सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा। (अनंत ज्ञान)

### कुठारबीत में मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस


नरेश सिंघा, टाहलीवाल। कुठार बीत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के विद्यार्थियों और अध्यापकों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग के विभिन्न आसन किए। प्रधानाचार्य वीरेंद्र चंदेल ने कि आज के समय में भागदौड़ भरी जिंदगी में योग सभी के लिए जरूरी है। इस अवसर पर सभी स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।

### योग से होता है स्वस्थ जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त : राजेंद्र


गोंदपुर बनेहड़ा में अंतर्राष्टीय योग दिवस के अवसर लोगों ने किया योग

**गोंदपुर बनेहड़ा, आशीष शर्मा।** गोंदपुर बनेहड़ा में आयोजित योग शिविर में योग, प्राणायाम, सूक्ष्म व्यायाम, अनुलोम विलोम, कपालभाति, भ्रामरी, ताड़ासन, वृक्षासन, सूर्यनमस्कार व अन्य आसान लोगों को कराए गए। पतंजलि योग पीठ संगठन बीएसटी तहसील घनारी प्रभारी एवं पतंजलि योग पीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित सहयोग शिक्षक राजेंद्र शर्मा ने योग प्राणायाम से निरोगी जीवन जीने के लिए विशेष रूप से प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हम सभी को हर दिन योग करने का संकल्प लेते हुए स्वस्थ जीवन की ओर बढ़ना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

# योग से दिया स्वस्थ जीवन का संदेश

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिले के कई स्थानों पर लगे योग शिविर

**राजेश शर्मा, ऊना**


ऊना में आयुष विभाग की ओर से आयोजित योग शिविर में योग अभ्यास करते ऊना के डीसी व अन्य गणमान्य।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को जिलेभर में योग शिविर लगाए गए। आयुष विभाग की ओर से ऊना के इंदिरा स्टेडियम में शिविर लगाया गया, जबकि बाबा बाल आश्रम कोटलाकलां और पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट की ओर से भी जगह-जगह योग शिविरों का आयोजन किया गया।

सकारात्मक जीवन के लिए योग और फिटनेस का बहुत महत्व है। आध्यात्मिक, मानसिक और शारीरिक स्थिरता के लिए योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर ऊना में आयुष विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त जतिन लाल ने ये शब्द कहे। आयुष विभाग ने यह कार्यक्रम एसबीआई, नेहरू युवा केंद्र, केसीसी बैंक और रेडक्रॉस के साझे सहयोग से आयोजित किया था। जतिन लाल ने कहा कि हमारी रोजमर्रा की

**सकारात्मक जीवन के लिए योग और फिटनेस का बहुत महत्व : जतिन लाल**

खानपान की आदतें और अव्यवस्थित जीवन शैली का शरीर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है और इनके चलते धीरे-धीरे शरीर हमारा साथ छोड़ने लगता है।

बहुत सी बीमारियां व्यक्ति को घेर लेती हैं। वहीं, युवा नशे की जकड़ में आ जाते हैं। ऐसी परिस्थितियों से बचाव में योग और फिटनेस का बहुत महत्व है। योग तथा व्यायाम जीवन में एक सकारात्मक परिवर्तन लाते हैं। इनसे आप शरीर में अच्छे बदलाव देखते हैं, जिससे प्रेरणा पाकर व्यक्ति प्रोत्साहित अनुभव करता है।

उन्होंने कहा कि शरीर सबसे पवित्र मंदिर है। इसे अच्छा बनाना सबसे बड़ा काम है। आवश्यक है कि योग और व्यायाम को हम सब अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाते हुए प्रतिदिन इसका अभ्यास करें। उपायुक्त ने कहा कि योग भारत की विश्व को अमूल्य भेंट है, जिससे प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन को सार्थक बना सकता है।

योगाभ्यास से केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं बल्कि आध्यात्मिक, मानसिक और वैचारिक स्वास्थ्य भी ठीक रहता है। उन्होंने कहा कि इसकी उपयोगिता और आवश्यकता को समझते हुए संयुक्त राष्ट्र ने भारत के आग्रह पर 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया। (अनंत ज्ञान)

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में जिला आयुष अधिकारी किरण शर्मा और डॉ. जगजीत कौर ने योगाभ्यास करवाया। इसमें उपायुक्त जतिन लाल के साथ पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता विजय डोगरा, जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी उत्तम डोड, रेडक्रॉस के सचिव संजय सांख्यान, नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी प्रदीप कुमार, एसबीआई की क्षेत्रीय प्रबंधक संजू बंगा सहित अन्य अधिकारियों तथा समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास में भाग लिया।

## सदवां में एके-74 वेब सीरीज की शूटिंग देखने उमड़ी भीड़


वेव सीरीज एके-74 की शूटिंग को देखते लोग।

**गोंदपुर बनेहड़ा, आशीष शर्मा**

हिमाचल अपने सौंदर्य, नदी-नालों व देवस्थलों के लिए विशिष्ट पहचान रखता है। वहीं वॉलीबुड व प्रोडक्शन घरानों के लिए किसी शूट के लिए आकर्षण का केंद्र बिंदु कहा जा सकता है।

इसी के मद्देनजर मुबारिकपुर से करीब 30 किलोमीटर की दूरी पर कांगड़ा जिला के कलोहा के साथ सदवां, चंबा पतन, कालेश्वर महादेव क्षेत्र में दिनों लाइट, कैमरा, एक्शन की धूम मची हुई है। जहां इन दिनों फिल्म डायरेक्टर अमन प्रीत छावड़ा के निर्देशन में सागा फिल्म के बैनर तले एके 74 (एके फोर्टिसेवन) की शूटिंग जोर-शोर से चल रही है । काबिलेगौर है कि इस शूटिंग में हिमाचल फिल्म लाइन प्रोड्यूसर मनीष भगानिया भी इस शूटिंग अपनी सेवाएं दे रहे हैं । शुक्रवार को शूटिंग के दौरान देखने के लिए क्षेत्र के लोगों की भीड़ लगी हुई थी। (अनंत ज्ञान)

## तेंदुए को पकड़ने के लिए लगाया पिंजरा


वन विभाग खुरबाई की टीम व अन्य तेंदुए को लगाए गए पिंजरे के साथ।

**अभिषेक कुमार, ऊना**

उपतहसील जोल की ग्राम पंचायत चौकीमन्यार के गांव बगलाना में तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने के लिए प्रकाशित हुई खबर का असर अब जमीन पर दिखने लगा है।

गांववासी राकेश कुमार, अमरचंद, शारदा देवी, किशन चंद, अशोक कुमार, हैप्पी, अमित ने पिंजरा लगाने पर वन विभाग का आभार व्यक्त किया है। वन विभाग खुरबाई की टीम ने शुक्रवार को गांव के साथ खेतों में पिंजरा लगा दिया है। वन विभाग खरबाई के रेंज ऑफिसर अश्वनी कुमार ने बताया कि मीडिया एवं ग्रामीणों द्वारा जंगली तेंदुए की सूचना मिली थी कि उनके गांव में शाम ढलते ही तेंदुआ घूम रहा है, जो किमवेशियों का शिकार कर रहा है। इस डर के कारण ग्रामीण खेतों में भी नहीं जा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## कुल्लू ने चंबा को 6 विकेट से हराया

**संजीव पुरी, ऊना।** महिला सीनियर वनडे प्रतियोगिता के तहत कुल्लू का चंबा के साथ मुकाबला ऊना के इंदिरा स्टेडियम में खेला गया। चंबा की टीम ने पहले खेलते हुए 47 ओवर में 9 विकेट खोकर 177 रन बनाए। पल्लवी ने नाबाद 77 रन बनाए, जिसने अपनी पारी में आठ चौके और एक छक्का लगाया। कषिका ठाकुर और ताबिश बाला ने 17 रन बनाए। यूनिक ठाकुर ने तीन खिलाड़ियों को आउट किया, रंजना, युमना राणा, कुंजमगिरि ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया और तीन खिलाड़ी रन आउट हुए।

कुल्लू की टीम ने अपना लक्ष्य 31 ओवर में चार विकेट खोकर प्राप्त कर लिया, जिसमें अंशिका ठाकुर ने 77 रन बनाए तथा अपनी पारी में 14 चौके लगाए। कुंजम गिरि ने 54 रन बनाए और अपनी पारी में 6 चौके लगाए, जबकि मोनिका देवी ने 25 रन बनाए। टी वाला ने तीन खिलाड़ियों को आउट किया। पल्लवी ने एक खिलाड़ी को आउट किया। कुल्लू ने चंबा को 6 विकेट से हराया और टूर्नामेंट की तीसरी जीत दर्ज की। (अनंत ज्ञान)

## पंचायत समिति सदस्य आर्य ने वार्ड तनोह लठियाणी के मुद्दों को लेकर दिया ज्ञापन

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**



उपमंडल बंगाणा के तनोह लाठियानी वार्ड से पंचायत समिति सदस्य जोगेंद्र देव आर्य ने बीडीसी अध्यक्ष बंगाणा देवराज शर्मा को अपने वार्ड की समस्याओं को लेकर एक मांग पत्र सौपा। आर्य ने कहा कि लोक निर्माण विभाग से संबंधित पंचायत लठियाणी के गांव हेरू, तनोह पंचायत के गांव डडयार और सासण में सड़क के किनारे कोई भी रेन शैल्टर नहीं है। इसके चलते गर्मी में धूप से और बरसात के मौसम में बारिश से आवागमन करने वाले लोगों का बचाव नहीं हो पाता है।

इसके अतिरिक्त पंचायत तनोह में मुख्य मार्ग पर रेन शेल्टर के समीप सार्वजनिक शौचालय बनाने की मांग पर भी अभी तक विभाग द्वारा कोई भी कारवाई अमल में नहीं लाई गई है। आर्य ने कहा कि खंड बंगाणा के तहत फैरी क्रॉसिंग के रूट बीहड़ू से लठियाणी पर स्थानीय लोगों समेत पर्यटकों का आना-जाना लगा रहता है, लेकिन बस सुविधा न होने के चलते स्थानीय जनता और पर्यटकों को मुश्किलों से दो-चार होना पड़ता है। अगर इस फैरी रूट पर बस सुविधा मुहैया हो जाती है तो आसपास के गांवों जिसमें राजली बन्याला, राजली जडोल, अलियाणा समेत लठियाणी स्कूल में पढ़ने आ रहे छात्रों और शिक्षकों को सुविधा हो जाएगी।

इससे पूर्व इन गांवों के लोग आने-जाने के लिए निजी वाहनों का ही प्रयोग करते आए हैं। अत: आप से प्रार्थना है परिवहन विभाग के इस फैरी क्रॉसिंग के रूट बीहड़ू से लठियाणी पर बस चलाई जाए, जिससे उपरोक्त गांवों के लोगों समेत अन्य बाहर से आने वाले पर्यटकों को सुविधा मिल सके। जोगेंद्र देव आर्य ने कहा कि खंड बंगाणा के तहत फैरी के रूटों पर सूचना पट्ट लगाए जाएं, जिसमें नावों के आने और जाने की समयसारिणी और रूटों का किराया अंकित किया जाए। जिससे यात्रियों सुविधा मिल सके। इसके अलावा उन्होंने अन्य मांगें भी रखीं। (अनंत ज्ञान)

**तैयारी** मानसून को लेकर एसडीएम ने ली समीक्षा बैठक

## आपात स्थिति के लिए तैयार रहें अधिकारी : चौहान

**राजेश शर्मा, ऊना**


मॉनसून संबंधी तैयारियों को लेकर एसडीएम अन्य विभागों के साथ बैठक करते हुए।

दक्षिण-पश्चिम मानसून संबंधी तैयारियों को लेकर एसडीएम ऊना विश्व मोहन देव चौहान ने समीक्षा बैठक ली। बैठक में विभिन्न विभागों को निर्देश दिए कि वे मानसून सीजन के दृष्टिगत सभी विभागों से उचित समन्वय स्थापित करें ताकि किसी भी आपात स्थिति में होने वाले नुकसान को कम किया जा सके।

विश्व मोहन देव चौहान ने कहा कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जल जनित रोगों के उपचार के लिए आवश्यक दवाइयों का स्टॉक सभी चिकित्सा संस्थानों में समुचित मात्रा में रखें। सर्पदंश के उपयोग में लाई जाने वाली दवाइयों का भी समुचित भंडारण रखें। मलेरिया व डेंगू जैसी बीमारियों से निपटने के लिए भी पूरी तैयारी रखें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि लोगों को जल जनित होने वाले रोगों के बारे जागरूक करने के लिए पंफ्लेट्स बनाएं और आशा वर्करों के माध्यम से घर-घर तक इन पंफ्लेट्स को पहुंचाना सुनिश्चित करें। एसडीएम ने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल स्रोतों तथा जल भंडारण टैंकों की साफ-सफाई तथा सभी पेयजल स्रोतों की क्लोरिनेशन करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा पेयजल नमूनों की भी समय-समय पर जांच करें ताकि जलजनित विषाणुओं का पता लगाया जा सके।

उन्होंने नगर परिषद ऊना, मैहतपुर-बसदेहड़ा व संतोषगढ़ को निर्देश दिए गए कि वर्षा जल के समुचित निकासी के लिए नालियों तथा नालों की साफ-सफाई के साथ-साथ आवश्यक उपकरणों को भी तैयार रखें। उन्होंने एमसी क्षेत्रों में बंद नालियों की निकासी का कार्य मानसून से पहले निपटाना सुनिश्चित करें, ताकि मानसून के दौरान किसी प्रकार दिक्कत न हो।

उन्होंने राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग, बिजली बोर्ड, अग्निशमन विभाग व शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने अधीनस्थ क्षेत्र में बरसात की तैयारियों के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं को शीघ्र पूर्ण करें ताकि आवश्यकता के समय प्रभावित क्षेत्र में तुरंत राहत पहुंचाई जा सके। इस अवसर पर तहसीलदार शीखा राणा, नायब तहसीलदार किरण चौहान, अग्निशमन अधिकारी सुरेश कुमार, एनएचएआई से इंजीनियर विनोद कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## अशोक बने धुंदला स्कूल के एसएमसी प्रधान


नवनिर्वाचित एसएमसी कमेटी के साथ अध्यापक और अभिभावक।

**अनंत ज्ञान,बंगाणा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धुंधला में सत्र 2024-25 हेतू अध्यापक, अभिभावक संघ के चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुए। पवना कुमारी ने बताया कि इसमें प्रधान अशोक कुमार, सचिव राजेंद्र चम्बयाल, सदस्य खुशबू, विधि चंद, बीना कुमारी, बनिता कुमारी, बीरवल शर्मा, रिंकू ठाकुर, राजरानी, विनोद सिंह, रीना कुमारी, मीना देवी, सुखराम, अवतार सिंह, सुजाता रानी और सीमा शर्मा को चुना गया। स्कूल के प्रधानाचार्य ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतू शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम जोड़ने का भी आह्वान किया। इस मौके पर राजेंद्र चम्बयाल, प्यारे लाल, मनोज कुमार, सतीश डोगरा, रंजना, पवना कुमारी, नीता, रीता, गीता, राजेश कुमार, राम कुमार, राजेंद्र कुमार, चमन लाल, विजय कुमार और संतोष कुमारी समेत अन्य उपस्थित रहे।

## एसएमसी कमेटी के चेयरमैन बने राजेश ठाकुर


नव निर्वाचित चेयरमैन स्कूल स्टाफ और अभिभावकों के साथ।

**अभिषेक कुमार, ऊना।** राजकीय वरिष्ट माध्यमिक पाठशाला बंगाणा में एसएमसी कमेटी का गठन किया गया। इसमें राजेश ठाकुर (लक्की) को सर्वसम्मति से एसएमसी का चेयरमैन चुना गया। एसएमसी कमेटी में अनीता कुमारी, रेणुका शर्मा, संजय कुमार, सुषमा देवी, शशि वाला, राकेश कुमार, जमीला, सीमा देवी, ममता देवी, बलबीर सिंह, ओंकार चंद, शशि देवी, अंजु, निधि शर्मा, अनीशा, सहित अध्यापक रीता देवी, राममूर्ति शर्मा, जितेंद्र कुमार, सुनील कुमार व स्कूल प्रधानाचार्य सुरजीत सिंह को सदस्य बनाया गया। इस मौके पर स्कूल स्टाफ के सदस्य सहित बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## सोमनाथ हीर बने एसएमसी खड्ड के प्रधान


खड्ड स्कूल में एमएमसी के चुनाव में मौजूद गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, हरोली।** राजकीय माध्यमिक वरिष्ठ पाठशाला खड्ड स्कूल में प्रधानाचार्य प्रशोतम दास शर्मा की अध्यक्षता में एमएमसी का चुनाव संपन्न हुआ। इसमें सोमनाथ हीर विजय हुए। इसमें कमेटी सदस्य समाज सेविका भगवती देवी, रीना देवी हीर, अमरजीत कौर, गुरमीत कौर, रीना देवी, सुखविंद्र सिंह, सुरजीत सिंह सर्वसम्मति से चुने गए। मौके पर पंचायत खड्ड प्रधान वीरेंद्र हीर, उपप्रधान रविंद्र खसरू मौके पर उपस्थित रहे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत सुकडीयाल
विकास खंड बंगाणा जिला ऊना (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सुकडीयाल विकास खंड बंगाणा जिला ऊना (हि.प्र.) हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षा, सकर्त, कराधान और भत्ते) नियम, 2002 के नियम 67 (5) क तथा ख के अंतर्गत वित्त वर्ष 2024-25 के लिए मनरेगा तथा अन्य समस्त मद के विकास कार्यों की सामग्री हेतु निविदाएं आमतंत्रित करती है। अतः फर्मों/विक्रेताओं से अनुरोध है कि वह निम्नलिखित अनुसार अपनी निविदा भरकर डाक द्वारा दिनांक 27/06/2024 को सायं 3:00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत सुकडीयाल में जमा करवाएं। अतः यह भी सूचित किया जाता है कि फर्म विक्रेताओं के पैन नं./जीएसटी नं. व पेवल ब्लॉक की लेब टेस्टिंग रिपोर्ट होना अनिवार्य है। क्रय की जाने वाली सामग्री का ब्यौरा निम्न प्रकार से है।

| क्र. | क्रय की जाने वाली सामग्री का नाम | संख्या | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 1. | ईंटें | प्रति ईंट | मात्रा प्राकलन अनुसार |
| 2. | टाइल (पेवल) 40,60,80 एमएम | प्रति पीस | मात्रा प्राकलन अनुसार |
| 3. | धुला रेता, पत्थर, क्रशर बजरी 10,20,40 एमएम | क्यूबिक मीटर | मात्रा प्राकलन अनुसार |
| 4. | पानी टैंक/मिक्चर/लोकल चक्र | रेट प्रतिदिन | |

मुहर बंद निविदाएं पंचायत कार्यालय में डाक द्वारा दिनांक 27/06/2024 को सायं 3:00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत सुकडीयाल में पहुंच जानी चाहिए। तत्पश्चात दिनांक 28/06/2024 को 11:00 बजे निविदाएं कमेटी के समक्ष खोली जाएंगी। देरी से प्राप्त कुटेशन स्वीकार्य नहीं होगी।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत सुकडीयाल



## करो योग, रहो निरोग


एनएचपीसी चरण तीन की ओर से सपांगनी में योगासन करते अधिकारी व कर्मचारी।


ढालपुर स्थित क्रिश्चियन नर्सिंग इंस्टीट्यूट की छात्राएं योग कर निरोग का संदेश देती हुई।


डीएवी पब्लिक स्कूल मनाली के विद्यार्थी योगाभ्यास करते हुए।


योग दिवस पर एनएचपीसी चरण-दो के अधिकारी परिवार सहित योगाभ्यास करने के दौरान।


रौरिक मेमोरियल ट्रस्ट नग्गर योग दिवस के अवसर पर योगासन करते हुए।

# कुल्लू व लाहौल-स्पीति में योग से निरोग रहने का दिया संदेश

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जगह-जगह कार्यक्रम हुए आयोजित, अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल में 200 लोगों ने किया योग

**कमलेश वर्मा, कुल्लू/केलांग**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला कुल्लू व लाहौल-स्पीति में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों सहित अन्य लोगों ने योगासन कर निरोग रहने का संदेश दिया। इसी कड़ी में समुद्रतल से 10,075 फुट की ऊंचाई पर स्थित अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल पर हल्की बारिश के बीच 200 लोगों ने योग किया। आयुष विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम केलांग रजनीश शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। घाटी में सुबह बारिश का दौर शुरू हुआ, जिसके चलते कार्यक्रम में देरी हुई। बारिश के खलल के बीच भी 200 लोगों ने अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल पर योग क्रियाएं कीं। कार्यक्रम में तंजिन फुंचोग राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिस्सू के विद्यार्थियों समेत स्थानीय पंचायत के


अटल टनल रोहतांग में योग के माध्यम से निरोग रहने का संदेश देते हुए।

ग्रामीणों ने भी भाग लिया। बीआरओ के योजक परियोजना के अधिकारियों, जवानों और कामगारों ने अटल टनल के उत्तरी छोर में फिट इंडिया का संदेश दिया। रजनीश ने कहा कि योग को सिर्फ आज तक ही सीमित न रखें।

इसे दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। वहीं, स्पीति उपमंडल में काजा के लोसर गांव में मनाए गए योग दिवस पर विधायक अनुराधा राणा विशेष तौर पर उपस्थित रहीं। ग्यू, कीह मॉनेस्ट्री और कुंजम दर्रा तथा केलांग में सीमा सड़क संगठन के स्तींगरी कैंप, दालंग में आर्मी के ट्रांजिट कैंप, कारगा में आईटीबीपी कैंप, त्रिलोकनाथ मंदिर, आईटीआई उदयपुर के कैंपस में भी योग किया गया। उदयपुर में एसडीएम केशव राम की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। उधर, कुल्लू के रथ मैदान में भी जिला स्तरीय योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि डीसी कल्लू तोरुल एस रवीश ने विशेष तौर पर शिरकत की। योगाभ्यास कार्यक्रम में जिले के विभिन्न गैर सरकारी संस्थाओं के स्वयंसेवियों सहित विद्यालयों के स्टडेंट्स सहित विभिन्न कर्मचारी, अधिकारियों को मिलते हुए कुल 500 से अधिक लोगों ने योग के आसन सीखे। इस अवसर पर अपने संबोधन में तोरुल एस रवीश ने सभी को विश्व योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आयुष विभाग के द्वारा जिले के 10 प्रमुख स्थान पर योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

इस आयोजन में नेहरू युवा केंद्र स्वयं सहायता समूह, चामुंडा नर्सिंग संस्थान, क्रिश्चियन नर्सिंग संस्थान, राजकीय माध्यमिक पाठशाला ढालपुर तथा माध्यमिक पाठशाला (बालिका) सुल्तानपुर, पुलिस विभाग, पंचायतों से आए प्रतिनिधियों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया। उधर, एनएचपीसी जलविद्युत परियोजना चरण -दो के सभी कार्यस्थलों क्रमश नगवाईं परिसर, मणिकर्ण परिसर तथा सैंज परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया।

वहीं, एनएचपीसी चरण-तीन पावर स्टेशन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कार्मिकगणों ने एनएचपीसी कॉलोनी सपांगनी में योग प्रोटोकाल के अनुसार प्रातः सात से आठ बजे तक पारिवारिक सदस्यगणों के साथ योगाभ्यास के कार्यक्रम में हिस्सा लेकर इसे सफल बनाया। पार्वती-तीन पावर स्टेशन प्रमुख महाप्रबंधक (प्रभारी) प्रकाश चंद सहित पावर स्टेशन के अधिकारियों, कर्मचारियों और महिलाओं ने योग-अभ्यास कार्यक्रम में भाग लिया। वहीं, कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल के छात्रों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को बड़े उत्साह के साथ मनाया। (अनंत ज्ञान)

### क्रिश्चयन नर्सिंग कॉलेज ने मनाया योग दिवस

क्रिश्चयन नर्सिंग कॉलेज कुल्लू में विश्व अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया। इस दौरान भारतीय योग पद्धति से शारीरिक, मानसिक कल्याण के लिए योग क्रियाएं की गईं। इस दौरान विशेष तौर पर कॉलेज के प्रबंधक सुखदेव मसीह शामिल हुए और साथ में सभी कक्षाओं की छात्राओं ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### विभिन्न स्कूलों में मनाया गया योग दिवस

वहीं, द हंस फाउंडेशन एमएमयू नग्गर की ओर से विभिन्न स्कूलों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विशेष चिकित्सा शिविर में टीम-2,3 ने निशुल्क जांच-परीक्षण और उपयुक्त टेस्ट की सेवाएं प्रदान की। साथ ही उन्होंने मुफ्त दवाइयों की सुविधा भी उपलब्ध करवाई। वहीं, आनी के मेला मैदान में भी प्रशासन के साथ-साथ स्कूली बच्चों और आम लोगों ने योगाभ्यास किया। वहीं, अंतरराष्ट्रीय मेमोरियल ट्रस्ट नग्गर सहित मनाली, बंजार व विश्व जागृति मिशन के तत्वावधान में घुड़दौड़ नग्गर के साधना धाम आश्रम योग दिवस का आयोजन किया गया। वहीं, सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय कटराई में भी योग दिवस मनाया।

## स्कूली बच्चों ने अटल सदन में दिखाई प्रतिभा

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

कुल्लू के अटल सदन के विशाल सभागार में 47वां सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है।

अटल सदन में नन्हे-मुन्न बच्चों के गीतों की धुन से गूंज उठा है। सूत्रधार कला सस्था की ओर से आयोजित 47वें वर्षगांठ उत्सव में जिले के विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाकर सबका खूब मनोरंजन कर रहे हैं। इसके अलावा देवसदन कुल्लू में भी विभिन्न नाटकों का मंचन हो रहा है। इस अवसर पर आयोजित हो रही प्रिंसेस सूत्रधार प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। विभिन्न स्कूलों की छात्राएं इस दौरान रैंप पर हुस्न का जलवे बिखेर रही हैं। इस उत्सव में कुल्लू जनपद के बजौरा से लेकर मनाली तक के लगभग 40 निजी व सरकारी विद्यालयों के लगभग 1500 स्टूडेंट्स अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। इस 47वें सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव में 9 तरह की विभिन्न सांस्कृतिक विधाएं करवाई जा रही



हैं, जिसमें लोकगीत, फिल्म गीत, समूह गान, वाद्यवृंद, फैंसी ड्रेस, लघुनाटक, समूह नृत्य, लोक नृत्य तथा प्रिंसेस सूत्रधार शामिल है। इस चार दिवसीय उत्सव के तीसरे दिन चमन कूपर नगर पालिका अध्यक्ष मनाली ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की लोकगीत विधा में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुल्तानपुर कुल्लू, काईस स्कूल, खराहल स्कूल, कुल्लू साइंस स्कूल बाशिंग, कुल्लू वैली स्कूल रामशिला, मैक्स इंटरनेशनल स्कूल जिया, शहीद बालकृष्ण राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छात्र कुल्लू व साईं स्टार वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ढालपुर कुल्लू, फिल्म गीत विधा में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुल्तानपुर कुल्लू, कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल ढालपुर, कुल्लू साइंस स्कूल बाशिंग, कुल्लू वैली स्कूल रामशिला, मैक्स इंटरनेशनल स्कूल जिया, शहीद श्री बालकृष्ण राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छात्र कुल्लू व साईं स्टार वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ढालपुर कुल्लू, समूह गान विधा में कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल मौहल व मैक्स इंटरनेशनल स्कूल जिया, वाद्यवृंद विधा में भारत भारती वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ढालपुर कुल्लू आदि स्कूलों के स्टूडेंट्स ने प्रदर्शन किया। (अनंत ज्ञान)

## कुल्लू में दुष्कर्म के दो मामले

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** कुल्लू जिले में दुष्कर्म के दो मामले सामने आए हैं, जिनमें एक बच्ची और एक नाबालिग लड़के से दुष्कर्म के दो अलग-अलग मामले दर्ज हुए हैं। पहले मामले में महिला पुलिस थाना कुल्लू को बाल कल्याण समिति कुल्लू (सीडब्ल्यूसी) के अध्यक्ष ने शिकायत दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि काउंसलिंग के दौरान एक नौ साल की बच्ची ने खुलासा किया कि उसके नाबालिग भाई और चचेरे भाई ने उसका यौन शोषण किया है। पुलिस ने पीड़िता की कुल्लू अस्पताल में मेडिकल जांच करवाई है, वहीं दूसरा मामला भी महिला थाना कुल्लू में सामने आया है। चाइल्ड हेल्पलाइन कुल्लू की लिखित काउंसलिंग रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया है। आरोप लगाया कि काउंसलिंग के दौरान पीड़ित आठ साल के बच्चे ने खुलासा किया कि उसके नाबालिग चचेरे भाई ने उसके साथ अप्राकृतिक तरीके से यौन शोषण किया है। पीड़ित की जिला अस्पताल कुल्लू में मेडिकल जांच की गई। उधर, एएसपी कुल्लू संजीव चौहान ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। (अनंत ज्ञान)

## मणिकर्ण में माता भागासिद्ध ने किया शाही स्नान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** धार्मिक नगरी मणिकर्ण में पीणी क्षेत्र की अधिष्ठात्री माता भागासिद्ध ने शाही स्नान किया। मणिकर्ण में शाही स्नान की रस्म को शुक्रवार की सुबह निभाया गया। वहीं, माता के साथ आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भी आस्था की डुबकी लगाई। शाही स्नान के बाद माता अपने मंदिर की ओर दोपहर बाद रवाना हुई और शाम के समय पीणी गांव में स्थित अपने देवालय में पहुंची। माता भागासिद्ध शाही स्नान करने के लिए विगत वीरवार को मंदिर से मणिकर्ण के लिए निकली थीं। (अनंत ज्ञान)


## कार्यालय ग्राम पंचायत सोयल
विकास खंड नगर, जिला कुल्लू (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

ग्राम पंचायत सोयल एत्त द्वारा वर्ष 2024-25 में ग्राम पंचायत के क्षेत्र में होने वाले विकास कार्यों में प्रयोग होने वाली निम्न सामग्री हेतु वार्षिक कुटेशन/निविदाएं आमंत्रित करती है । यह कुटेशन/निविदाएं दिनांक 27/06/2024 को ग्राम पंचायत की बैठक में खोली जाएगी। ईच्छुक दुकानदारों/फर्मों/सरकारी सप्लायर्ज/व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे उक्त तिथि से पहले ग्राम पंचायत कार्यालय में डाक या स्वयं बंद लिफाफों में अपनी कुटेशने जमा कर सकते हैं। सबसे कम दर बाली कुटेशन/निविदा स्वीकृत की जाएगी। सामग्री जिसकी कुटेशने आमंत्रित है:-

| क्र. | नाम सामग्री | इकाई |
|---|---|---|
| 1. | रेत | घन फुट |
| 2. | बजरी | घन फुट |
| 3. | पत्थर, बोल्डर | घन मीटर |
| 4. | लकड़ी व प्लाई | वर्ग मीटर/फुट |
| 5. | ईंट | प्रति इकाई |
| 6. | स्लेट | प्रति इकाई |
| 7. | गेट/पौड़ी (वेल्डिंग सामग्री व वेल्डिंग कार्य) | प्रति किलो |
| 8. | सटरिंग | वर्ग फुट |
| 9. | किराया गाड़ी ,कुल्लू, पतली कूहल से (रेत बजरी क्रशर से हरिपुर टीपर) | प्रति चक्कर |
| 10. | इंटर लॉक टाइल/ पेवर | वर्ग फुट |
| 11. | पीवीसी पाइप 8 इंच साइज तक टंकी 300 लीटर से 5000 लीटर तक | प्रति इकाई |
| 12. | टाइल, मारबल | फुट/इकाई |
| 13. | किचन व शौचालय सामग्री | इकाई |

**कुटेशने निम्न शर्तों के आधार पर स्वीकृत की जाएंगी**
1. किसी भी मद की अदायगी साम्रगी पहुंचाने के बाद की जाएगी।
2. स्पलाई आर्डर जारी होने के तीन दिनों के भीतर साम्रगी मौके पर पहुंचानी होगी।
3. सप्लायर से साम्रगी की गुणवत्ता की कमी या सप्लाई समय पर न होने पर ग्राम पंचायत अपने प्रस्ताव द्वारा किसी भी समय बिना नोटिस उस सप्लायर की कुटेशन रद्द कर अगले व्यक्ति को दे सकती है।
4. फर्म/दुकानदार/ सरकारी सप्लायर्ज को एमफार्म जमा करने होंगे।
5. ग्राम पंचायत के क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा।
6. कुटेशन पारित होने के उपरांत तय दर में किसी प्रकार का कोई बदलाव नहीं किया जाएगा।
7. समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदाताओं के लिए आदेश निर्गत करने, साम्रगी की गुणवत्ता के चयन तथा निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत सोयल**


## 14100 फुट की ऊंचाई पर दिया योग का संदेश

**कमलेश वर्मा, मनाली।** देश सहित विश्व के कई देशों में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की धूम रही। वहीं, हिमाचल प्रदेश और कुल्लू सहित लाहौल-स्पीति जिले में भी योग दिवस पर लोगों ने योगाभ्यास किया। इसी कड़ी में विंटर गेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष लुदर ठाकुर ने 14100 फुट ऊंचे ऐतिहासिक दशोहर( भृगु) झील में बर्फ के बीच योग की। लुदर ठाकुर 10 घंटे ट्रैकिंग कर भृगु झील पहुंचे। उन्होंने भृगु झील में योग कर दुनिया को फिट रहने का संदेश दिया। लुदर ने कहा कि हम सभी को स्वस्थ रहने के लिए योग करना चाहिए। योग तनाव से राहत देता है और बेहतर नींद लाता है, भूख और पाचन को बढ़ाता है। यह दिमाग को हमेशा शांत रखता है। जब हम योग करते हैं, तो मांसपेशियों में खिंचाव, मरोड़, मरोड़ और खिंचाव जैसी कई क्रियाएं होती हैं। इससे हमारे शरीर की थकान दूर होती है और हम हमेशा तरोताजा महसूस करते हैं। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। (अनंत ज्ञान)



## ढाली देवी बनी एसएमसी डोभी की प्रधान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** राजकीय केंद्रीय प्राथमिक विद्यालय डोभी की नई स्कूल प्रबंधन समिति का गठन किया गया। समिति का सर्वसम्मति से ढाली देवी को प्रधान और केंद्रीय मुख्य अध्यापक देवेंद्र सिंह को सचिव नियुक्त किया गया। इसके अलावा शांति देवी, सुनीता, ईश्रा, शिल्पा, सुआरी देवी, केशवा, पोरवाणी, रीना कुमारी, सवित्रा, रेशमा, लीला, सीता व कृष्णा को सदस्य चुना गया। केंद्रीय मुख्य अध्यापक देवेंद्र सिंह ने कहा कि यह समिति शैक्षणिक सत्र 2024 से 2027 तक चुनी गई है। (अनंत ज्ञान)

## पशु मारने की घटना शर्मनाक : जयचंद

**कमलेश वर्मा, मनाली।** जिला कारदार संघ कुल्लू के पूर्व अध्यक्ष जयचंद ठाकुर ने नाहन में पशु को मारने की निंदा की है। उन्होंने कहा कि देवभूमि हिमाचल में इस तरह कि घटना शर्मनाक है। इससे देवी-देवता भी नाराज हो रहे हैं।

उन्होंने हिमाचल के देव समाज व जनमानस से इस घटना कि घोर निंदा करने की अपील की है। नाहन मे दुकान चलाने वाले व्यक्ति ने जिस प्रकार के फोटो सोशल मीडिया मे जारी किए हैं। उससे हिमाचल कि शांत वादियों में माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया है। ऐसे कृत्याओं से देवी-देवता भी रुष्ट हो जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

## दौड़ प्रतियोगिता में प्रदीप प्रथम

**शीला कौल, बंजार**

जिला कुल्लू उपमंडल बंजार की तीर्थन घाटी में हर वर्ष की भांति विश्व धरोहर उत्सव-2024 का आगाज हो गया है। 21 से 25 जून तक मनाए जा रहे इस उत्सव के दौरान ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क की तीर्थन रेंज शाईरोपा में अनेक गतिविधियां और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

तीर्थन घाटी के केंद्रे बिंदु गुशैनी में इस उत्सव का आगाज कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति एपीएमसी अध्यक्ष राम सिंह मियां ने रन फॉर जीएचएनपी के प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गुशैनी से देहूरी तक हुई इस पांच किलोमीटर



विश्व धरोहर उत्सव के शुभारंभ मौके पर अधिकारी व अन्य लोग।

की दौड़ में गुशैनी और बठाहड़ स्कूल के करीब 200 स्टूडेंट्स, स्थानीय महिलाओं, युवाओं, विभागीय अधिकारियों और बाहरी राज्यों से आए पर्यटकों ने हिस्सा लिया। ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क शमशी के वनमंडल अधिकारी सचिन शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जीएचएनपी की समृद्ध यूनेस्को विरासत का संरक्षण कर इसे संजोए रखना है। रन फॉर जीएचएनपी के लिए प्रतिभागियों को स्टूडेंट्स, पुरष ओपन और महिला ओपन चार वर्गों में रखा गया था। इस दौड़ प्रतियोगिता में छात्र वर्ग से गुशैनी स्कूल के प्रदीप कुमार प्रथम, चंदन जुफरा द्वितीय और हरीश कुमार तीसरे स्थान पर रहे। (अनंत ज्ञान)



अनंत ज्ञान

# नारी शक्ति विशेष



# बेटियों को संपत्ति में भी बेटों के बराबर देना चाहिए हिस्सा

*बड़े लंबे समय से एक बहस चली आ रही है कि बेटियों को शिक्षा ज्यादा जरूरी है या फिर अपने माता-पिता की संपत्ति में हक देना ज्यादा जरूरी है। यह एक गंभीर विषय है और इस विषय पर सभी की अपनी एक राय है। आज के समय में अभिभावकों में बेटियों की शिक्षा को लेकर बहुत जागरूकता आ चुकी है और इसके साथ ही बेटियों को संपत्ति में हिस्सा देना भी अभिभावक अपनी जिम्मेदारी समझते हैं। आज के समय में माता-पिता और बेटा-बेटियों में खुल कर संवाद होता है और बच्चे भी अपने अभिभावकों से हर बात खुल कर बयां करते हैं। आधुनिकता के दौर में आज संस्कृति, संस्कार और रीति रिवाजों को साथ लेकर जाना जरूरी है और बेटियों से विशेष तौर पर उम्मीद की जाती है कि वह आधुनिक होने के साथ संस्कार को साथ लिए रीति-रिवाजों को पोषित करने में भी अपना योगदान दें। इन्हीं सब बातों को लेकर महिलाओं की राय को समझने प्रयास करते हैं।* सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू।

## बेटियों को शिक्षित करना सबसे जरूरी


सरिता, निवासी गांव जागला, लाहौल-स्पीति

मैं मानती हूं कि आज के समय में सभी माता-पिता के लिए अपनी बेटियों को शिक्षित करना सबसे जरूरी है। इसके साथ ही बेटियों को बराबरी का हक देते हुए उनके साथ समान व्यवहार करना भी बहुत जरूरी है। जहां तक बात है संपत्ति में बराबर हिस्सा देने की तो इस बारे में बेटियों को बेटों के बराबर हिस्सा जरूर देना चाहिए। मुझे लगता है कि बेटियों को माता और पिता दोनों ही अच्छे से समझ सकते हैं बस जरूरत है बेटियों को समझने की ओर बेटियों के लिए क्या अच्छा है और क्या बुरा। बेटियों को बचपन से लेकर युवा होने तक माता-पिता ही सब कुछ होते हैं, वहीं बेटियों के संरक्षक होते जो उन्हें अपने प्यार और अपनेपन से उन्हें पोषित करते हैं और उन्हें अपने हिसाब से जीने के लिए सही वातावरण देते हैं। आज की पढ़ी लिखी युवतियां संस्कार और रीति-रिवाजों को महत्व देना उचित समझती हैं और आज की बेटियां आधुनिक ख्यालात की होने के बावजूद संस्कार और अपने रीति-रिवाजों को भी उतना ही सम्मान देना जानती हैं।

## आज की बेटियां जितनी आधुनिक हैं उतनी ही समझदार भी

*मैं मानती हूं कि बेटियां परिवार की जान होती हैं इसलिए हर परिवार के माता-पिता का फर्ज है कि वो अपनी बेटियों को बेहतरीन शिक्षा उपलब्ध करवाएं। इसके साथ ही बेटियों को संपत्ति में हिस्सा देना और उन्हें एहसास दिलाना की वो भी बेटों से किसी भी तरह कम नही हैं, ये माता-पिता का ही फर्ज है। माता-पिता की नजर में उनकी संतान सिर्फ उनकी संतान होती है इसलिए बेटा हो या बेटी हो वह फर्क करना नहीं जानते इसलिए बेटियों को यथासंभव शिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाने पर बल देना चाहिए। एक बेटी के माता-पिता की एहमियत दुनिया में सबसे ज्यादा है और माता-पिता अपनी बेटियों को सबसे बेहतर समझती हैं। जहां तक बात संस्कार, संस्कृति और रीति-रिवाजों को निभाने की है, वहां पर बेटियों की भूमिका ज्यादा महत्वपूर्ण है, आज के जमाने की बेटियां जितनी आधुनिक हैं उतनी ही समझदार भी हैं और आज के जमाने की बेटियों को पता है कि किस तरह से अपनी संस्कृति का मान रखते हुए आधुनिकता को साथ लेकर चलना है। आधुनिक होना गलत नहीं है, मगर आधुनिकता के साथ चलते हुए अपने वजूद को खो देना, पुरानी विचारधारा को पूरी तरह से नकार देना गलत है। इसलिए जरूरी है कि आधुनिकता के साथ अपनी संस्कृति से लगाव बनाए रखना।*


नोरु पलजोम, निवासी दुर्गानगर जिला कुल्लू।

## नौकरी कर रही बेटियां किसी पर नहीं रहती निर्भर


यिशै डोलमा, निवासी लिदांग जिला लाहौल-स्पीति।

*मुझे लगता है कि आज के समय में बेटियों के लिए शिक्षा के अवसर देना और बेटियों के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में खुद के लिए निर्णय का सम्मान करना बहुत ही जरूरी है। आज के समय में शिक्षा की बदौलत सभी को मान-सम्मान और वह सब मिलता है जिसकी हम तम्मन्ना करते हैं। शिक्षित महिला और पुरुष को समाज में भरपूर मान सम्मान मिलता है, सरकारी हो या गैर सरकारी नौकरी की बदौलत आर्थिक रूप से संपन्नता भी आती है। सबसे बड़ा लाभ यह भी है कि शिक्षित और नौकरी कर रही बेटियां कभी भी किसी पर निर्भर नहीं रहती। बेटियां अपने माता-पिता दोनों की ही करीब होती हैं मगर मां बेटी को बेहतर समझ सकती हैं और पिता बेटियों की हर जरूरत को पहले ही भांप जाते हैं। इसलिए बेटियों को माता-पिता दोनों ही बेहतर समझ सकते हैं। आधुनिक होना, आधुनिक दिखना और अपनी सोच को आधुनिक रखते हुए जीवन में आगे बढ़ना जरूरी है, मगर इसके साथ ही अपनी संस्कृति को, अपने संस्कार और अपने रीति-रिवाजों को जो सम्मान देती हुई आगे बढ़ती हैं।*

## बेटियों को शिक्षित करने से उनकी संवर जाती है जिंदगी


तंजिन छोडोन, न्यू कॉलोनी सेरिबेहड़ शमशी जिला कुल्लू।

मुझे लगता है कि बेटियों को शिक्षित करना ज्यादा मायने रखता है, क्योंकि बेटियां अगर शिक्षित होंगी, तो वह अपनी काबिलियत की बदौलत पूरी दुनिया में अपना और अपने परिवार का नाम रौशन कर सकती हैं। बेटियां जब काबिल होंगी, तो वह अपनी काबिलियत की बदौलत अपनी संपत्ति खुद बना सकती हैं। आज के समय में ऐसा भी देखने में आ रहा है कि संपत्ति के लालच में बेटियों को बहुत से लोगों का विरोध भी सहना पड़ता है इसलिए मैं मानती हूं कि बेटियों को शिक्षित करने से बेटियों की जिंदगी सवंर जाती है। जहां तक बात है कि बेटियों को कौन सबसे बेहतर समझ सकता है, तो मेरा जवाब है कि मां ही अपनी बेटियों को सबसे बेहतर समझ सकती है और स्त्री होने के कारण मां अपनी बेटियों से भावनात्मक रूप से भी ज्यादा जुड़ी रहती है। मुझे लगता है कि आज के बदलते समय में जिस तरह से आजकल के युवा जिस रफ्तार से आधुनिकता की तरफ बढ़ रहे हैं। वह चिंताजनक है क्योंकि आज की बेटियां आधुनिकता की होड़ में अपने संस्कृति, संस्कार और रीति-रिवाजों से लगातार दूर होती जा रही हैं, जो कि हमारी संस्कृति के लिए सही नहीं है।

## न्यूज ब्रीफ

### विश्व एथलेटिक्स मीट में शैली ने रजत जीता



**नई दिल्ली।** लंबी कूद एथलीट शैली सिंह ने स्लोवाकिया के कोसिसे में विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर (कांस्य स्तर) जेबीएल जंप फेस्ट में रजत पदक जीता। 20 वर्षीय शैली ने 5वें राउंड में 6.43 मीटर की सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाकर छह एथलीटों में दूसरा स्थान प्राप्त किया। बुल्गारिया की प्लामेना मितकोवा ने 6.70 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीता, जो एक नया रिकॉर्ड है। पुरुषों की ट्रिपल जंप में एल्डोज पॉल ने कांस्य पदक जीता, जबकि प्रवीण चित्रावेल छह प्रतिभागियों में अंतिम स्थान पर रहे। राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता एल्डोज 16.45 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे, जबकि प्रवीण 15.87 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रयास करके छठे स्थान पर रहे। क्यूबा के लाजारो मार्टिनेज ने 16.88 मीटर के साथ स्वर्ण पदक जीता। तीनों भारतीय 27 से 30 जून तक पंचकूला में राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे और पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश करेंगे। ओलंपिक क्वालीफिकेशन चक्र 30 जून को समाप्त होगा।

### अगले महीने पाक टीम से जुड़ेंगे गिलेस्पी


**कराची।** पाकिस्तान के नए टेस्ट कोच जेसन गिलेस्पी अगले महीने टीम से जुड़ेंगे और बांग्लादेश के खिलाफ अगस्त में होने वाली घरेलू सीरीज के लिए उन्हीं की



देखरेख में शिविर आयोजित किया जाएगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सूत्रों के अनुसार शिविर 24 जुलाई से आयोजित किया जाएगा, जिसमें राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों के अलावा पाकिस्तान-ए टीम में शामिल खिलाड़ी भी भाग लेंगे। उन्होंने कहा,"शिविर का आयोजन गिलेस्पी और सहयोगी स्टाफ के अन्य सदस्यों की मौजूदगी में ही किया जाएगा। टेस्ट कप्तान शान मसूद भी इंग्लैंड से जल्दी लौट आएंगे ताकि बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले दो टेस्ट मैच की सीरीज के लिए तैयारी कर सकें।" सूत्रों ने कहा कि मसूद पहले ही बोर्ड को बता चुके हैं कि वह आगामी सीरीज के लिए बाबर आजम को टीम में चाहते हैं लेकिन अन्य सीनियर खिलाड़ियों को विश्राम दिया जाएगा।

### अल्काराज क्वींस क्लब के दूसरे दौर में हारे

**लंदन।** विंबलडन चैंपियन कार्लोस अल्काराज की विंबलडन की तैयारियों को करारा झटका लगा जब वह क्वींस क्लब टेनिस के दूसरे दौर में जैक ड्रेपर से 6-7, 3-6 से हार गए। ब्रिटेन के नंबर-1 खिलाड़ी ड्रेपर की यह कैरियर की सबसे बड़ी जीत थी। अब उनका सामना 5वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल से होगा। विंबलडन से पहले क्वींस फ्रेंच ओपन चैंपियन अल्काराज का एकमात्र ग्रासकोर्ट टूर्नामेंट था। अन्य मैचों में इटली के लोरेंजो मुसेत्ती ने ब्रेंडन नकाशिमा को 6-4, 4-6, 6-4 से मात दी। अब उनका सामना ब्रिटेन के वाइल्ड कार्डधारी बिली हैरिस से होगा। वहीं टॉमी पॉल ने अलेजांद्रो ताबिलो को 6-3, 6-4 से हराया।



### एआईएफएफ फुटसल क्लब चैंपियनशिप आज से

**वडोदरा।** एआईएफएफ फुटसल क्लब चैंपियनशिप का तीसरा संस्करण 22 जून से स्वर्णिम गुजरात स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी में शुरू होने वाला है। 19 टीमें 16 दिनों तक फाइनल में जगह बनाने और 7 जुलाई को ट्रॉफी उठाने के लिए संघर्ष करेंगी। उन्हें चार समूहों में विभाजित किया गया है, (ग्रुप-ए, बी और सी में 5-5 टीमें और ग्रुप-डी में चार टीमों को रखा गया है। प्रत्येक समूह की शीर्ष-2 टीमें क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। एआईएफएफ फुटसल क्लब चैंपियनशिप के पहले दो संस्करण दिल्ली में आयोजित किए गए थे, यह पहली बार है जब टूर्नामेंट राजधानी के बाहर खेला जाएगा।

### श्रेयसी भारतीय निशानेबाजी टीम में शामिल

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएफएसएफ) से मंजूरी मिलने के बाद अनुभवी ट्रैप निशानेबाज श्रेयसी सिंह को शुक्रवार को पेरिस ओलंपिक के लिए



21 सदस्यीय भारतीय निशानेबाजी टीम में शामिल किया गया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने आईएसएसएफ से मंजूरी मिलने के बाद यह घोषणा की। भारतीय संघ ने निशानेबाजी की विश्व संस्था से कोटा बदलने का आग्रह किया था। मनु भाकर एयर पिस्टल और स्पोर्ट्स पिस्टल दोनों में शीर्ष पर रही थी इसलिए उनका एक कोटा स्थान महिला ट्रैप निशानेबाजी में बदल दिया गया जिससे श्रेयसी को टीम में जगह मिल गई। श्रेयसी सक्रिय राजनीति में भी शामिल हैं और बिहार के जमुई विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। यह 32 वर्षीय निशानेबाज राजेश्वरी कुमारी के साथ महिला ट्रैप स्पर्धा में भाग लेंगी।

### बुमराह बाकी गेंदबाजों से मीलों आगे : मांजरेकर

**ब्रिजटाउन।** पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर का मानना है कि भारतीय टीम भाग्यशाली है जिसके पास जसप्रीत बुमराह जैसा गेंदबाज है जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बाकी गेंदबाजों से मीलों आगे है। बुमराह ने अफगानिस्तान के खिलाफ टी-20 विश्व कप सुपर-8 चरण के पहले मैच में चार ओवर में सात रन देकर तीन विकेट लिए। भारत ने यह मैच 47 रन से जीता। मांजरेकर ने कहा ," कई मैचों में हमने चौके नहीं गंवाए। उनके और बाकी तेज गेंदबाजों के बीच का अंतर देखिए। दुनिया के बाकी शीर्ष गेंदबाजों को देखें तो बुमराह और उनमें बाकी अंतर है। भारत भाग्यशाली है कि उसके पास बुमराह जैसा गेंदबाज है।"



सूर्यकुमार यादव के बारे में मांजरेकर ने कहा कि उसकी मौजूदगी से भारत को फायदा मिल रहा है। उन्होंने कहा ," भारत के पास दुनिया के सर्वश्रेष्ठ टी-20 बल्लेबाजों में से एक है। कठिन पिच पर सामने फॉर्म में चल रहा राशिद खान जैसा गेंदबाज हो, तब पता चलता है कि सूर्यकुमार के टीम में होने का क्या फायदा है। वह हमेशा छक्के लगाने की फिराक में नहीं रहता बल्कि डटकर संयमित पारी भी खेलता है।"

## टी-20 विश्व कप | टीम इंडिया के शीर्ष क्रम और दुबे पर सुपर-8 मुकाबले में अच्छे प्रदर्शन का दबाव

# भारत को बांग्लादेश से रहना होगा सतर्क

**एजेंसी, एंटीगा**

जीत के अश्वमेधी रथ पर सवार भारतीय टीम टी-20 विश्व कप के सुपर-8 चरण के मैच में शनिवार को अपने स्टार बल्लेबाजों के फॉर्म में लौटने की उम्मीद के साथ बांग्लादेश के खिलाफ उतरेगी चूंकि प्रतिद्वंद्वी के पिछले रिकॉर्ड को देखते हुए उसे हलके में कतई नहीं लिया जा सकता। दोनों टीमों के एक-दूसरे के खिलाफ रिकॉर्ड में भारत का पलड़ा भारी है, लेकिन बांग्लादेश उलटफेर करने में माहिर है और टीम इंडिया को इसका बखूबी इल्म है।

खिताब की प्रबल दावेदार भारतीय टीम ने अफगानिस्तान के खिलाफ सुपर-8 चरण के पहले मैच में बेहतरीन प्रदर्शन किया। बाकी दोनों मैचों के बीच ज्यादा अंतराल नहीं है लिहाजा कप्तान रोहित शर्मा उम्मीद कर रहे होंगे कि उनके स्टार खिलाड़ी रंगत में लौटें।

विराट कोहली और रोहित ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन बड़ी पारी अभी तक नहीं खेल सके हैं। बाएं हाथ के बल्लेबाज शिवम दुबे को डैथ ओवरों में छक्के लगाने के लिए टीम में रखा गया था, लेकिन अभी तक वह अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे हैं। आईपीएल में जिस फॉर्म के कारण उन्हें भारतीय टीम में जगह दी गई थी, वह अभी तक नजर नहीं आया है। उन्होंने अमेरिका के खिलाफ ग्रुप मैच में नाबाद 31 रन बनाए, लेकिन सूर्यकुमार यादव के प्रयासों से भारत को जीत मिली। एक और बार उनके नाकाम रहने पर टीम प्रबंधन संजू सैमसन को उतारने का फैसला ले सकता है।



भारतीय खिलाड़ियों की फाइल फोटो।

अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में हार्दिक पांड्या का बल्लेबाजी फॉर्म में लौटना सुखद रहा। गेंदबाजी में भारत उसी संयोजन को उतार सकता है। बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव को पहली बार अफगानिस्तान के खिलाफ ही मौका मिला और वह प्रभावी साबित हुए।

वेस्टइंडीज में भारत का एकमात्र लक्ष्य खिताब जीतना है और बांग्लादेश के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन उसी सिलसिले में अगला कदम होगा चूंकि 24 जून को सामना ऑस्ट्रेलिया से है। बांग्लादेश के बल्लेबाजों ने अभी तक निराश किया है और उसे उम्मीदें बनाए रखने के लिए हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी। उसे टीम में पावर हिटर्स की कमी खल रही है। सलामी बल्लेबाज लिट्टन दास और तंजीद खान के खराब प्रदर्शन ने भी उसकी परेशानियां बढ़ा दी हैं। बांग्लादेश के बल्लेबाजों के सामने चुनौती जसप्रीत बुमराह का सामना करने की है जो अब तक बेहतरीन फॉर्म में हैं और उनका इकॉनॉमी रेट 3.46 रहा है।

### संभावित टीमें

**भारत।** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

**बांग्लादेश।** नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), तस्कीन अहमद, लिट्टन दास, सौम्या सरकार, तंजीद हसन तमीम, शाकिब-अल-हसन, तौहीद हृदोय, महमूदउल्लाह रियाद, शाक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, शोरीफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब।

### टीम इंडिया ने अफगानिस्तान को 47 रनों से हराया

**बारबाडोस।** टी-20 विश्व कप में भारत ने सुपर-8 में अफगानिस्तान को 47 रनों से मात दी है। टीम की जीत में मध्यक्रम के बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन, खासकर सूर्यकुमार यादव (53 रन) का तेजतर्रार अर्धशतक रहा वहीं गेंदबाजों की सधी लाइनलेंथ ने अफगान खिलाड़ियों को मैच में पैर जमाने का मौका ही नहीं दिया। सूर्यकुमार यादव को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। भारत की ओर से मिले 182 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तानी टीम की 134 रन पर सिमट गई।

दरअसल इस मैच में अफगानिस्तान के सभी बल्लेबाज कैच आउट हुए। टी-20 विश्व कप के इतिहास में यह दूसरी बार है जब किसी टीम के सभी बल्लेबाज कैच आउट हुए हैं। 2022 में इंग्लैंड ने यह रिकॉर्ड अफगानिस्तान के खिलाफ ही बनाया था। तब इंग्लैंड ने पर्थ में अफगानिस्तान के सभी 10 खिलाड़ियों को कैच आउट कर पवेलियन भेजा था। इतना ही नहीं ये भारत की टी-20 क्रिकेट में लगातार 8वीं जीत है। भारत का यह जीत का सिलसिला दिसंबर 2023 से चला आ रहा है।

## पोंटिंग ने कमिंस को 'पुरुष क्रिकेटर ऑफ द ईयर' की ट्रॉफी प्रदान की

**एजेंसी, एंटीगा**

ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी रिकी पोंटिंग ने (भारतीय समयानुसार) सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में स्टार ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस को आईसीसी 'पुरुष क्रिकेटर ऑफ द ईयर' का पुरस्कार प्रदान किया।

आईसीसी हॉल ऑफ फेमर और 2006 और 2007 में इसी सम्मान के विजेता पोंटिंग ने अपने हमवतन कमिंस को 2023 में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए ट्रॉफी प्रदान की। कमिंस ने बतौर कप्तान 2023 में अपने देश को एकदिनी विश्व कप और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब दिलाया। दोनों ही मौके पर ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया।



उन्होंने 2023 में 27.50 की औसत से 42 टेस्ट विकेट लिए, 254 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने उनके नेतृत्व में भारत में एक टेस्ट जीता और घर से दूर एशेज बरकरार रखी।

## अमेरिका के खिलाफ विंडीज के लिए 'करो या मरो' का मुकाबला

**एजेंसी, ब्रिजटाउन**

टी-20 विश्व कप सुपर-8 चरण के पहले मुकाबले में मिली हार के बाद वेस्टइंडीज को सेमीफाइनल की उम्मीदें बरकरार रखने के लिए 'छिपे रूस्तम' अमेरिका के सामने शनिवार को दूसरे मैच में हर हालत में बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी। ग्रुप चरण में अपराजेय रहने के बाद वेस्टइंडीज को सुपर-8 चरण के पहले मैच में गत चैंपियन इंग्लैंड ने आठ विकेट से हराया।

वेस्टइंडीज के बल्लेबाज स्ट्राइक रोटेट करने में नाकाम रहे और पारी में 51 डॉट गेंदें रही। इस हार के बाद रोवमैन पॉवेल की टीम अंक तालिका में सबसे नीचे खिसक गई है और उसका नेट रनरेट भी माइनस 1.343 है। उसे तीसरा खिताब जीतने की उम्मीदें बनाए रखने के लिए बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी।



दूसरी ओर पाकिस्तान को हराने के बाद अमेरिका ने भले ही कोई मैच नहीं जीता हो, लेकिन भारत के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका पर अप्रत्याशित जीत के करीब पहुंचने के बाद 18 रन से हार गई।

अमेरिका ने अभी तक आक्रामक क्रिकेट खेली है और इस मैच में भी उससे यही उम्मीद होगी। अमेरिकी बल्लेबाज स्टीवन टेलर ने मैच से पूर्व कहा ," हम अच्छी क्रिकेट खेल रहे हैं और टीम का आपसी तालमेल कमाल का है। हमें पता है कि सुपर-8 की बाकी टीमों के सामने हमें कमजोर माना जाएगा। हम यहां अच्छा खेलने आए हैं। ऐसा कर सके तो जीतेंगे वरना हारेंगे।"

अमेरिका की कमजोरी उसका अनुभवहीन गेंदबाजी आक्रमण है जिसके लिए वेस्टइंडीज के पावर हिटर्स निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल और पॉवेल को गेंदबाजी करना बड़ी चुनौती होगा।

## टी-20 विश्व कप में हैट्रिक लेने वाले सातवें गेंदबाज बने कमिंस

**एजेंसी, एंटीगा**

पैट कमिंस ने बांग्लादेश के खिलाफ आईसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर-8 मुकाबले में हैट्रिक लेकर एक विशेष उपलब्धि हासिल कर ली है। कमिंस टी-20 विश्व कप में हैट्रिक लेने वाले सातवें और दूसरे ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज बन गए हैं, वहीं टी-20 विश्व कप 2024 में यह पहली हैट्रिक है। पैट कमिंस के पहले दो विकेट 18वें ओवर के पांचवें और छठे गेंद पर आए। फिर उन्होंने अंतिम ओवर की शुरुआत में धीमी गेंद पर खतरनाक तौहीद हृदय को आउट किया।

वहीं ऑस्ट्रेलिया ने डकवर्थ लुईस नियम से बांग्लादेश को सुपर-8 मुकाबले में 28 रन से हरा दिया है। बांग्लादेश ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 140 रन बनाए थे। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने बारिश की वजह से खेल रुकने तक 11.2 ओवर में दो विकेट गंवाकर 100 रन बना लिए थे। डकवर्थ लुईस नियम के तहत ऑस्ट्रेलिया के लिए इस वक्त पार स्कोर 72 रन था। कंगारू टीम इससे 28 रन आगे थी।




**विश्व कप में हैट्रिक विकेट लेने वाले गेंदबाज**

| वर्ष | खिलाड़ी | देश | विरोधी टीम |
|---|---|---|---|
| 2007 | ब्रेट ली | ऑस्ट्रेलिया | बांग्लादेश |
| 2021 | कर्टिस कैंफर | आयरलैंड | नीदरलैंड |
| 2021 | वानिंदु हसरंगा | श्रीलंका | दक्षिण अफ्रीका |
| 2021 | कैगिसो रबाडा | दक्षिण अफ्रीका | इंग्लैंड |
| 2022 | कार्तिक मयप्पन | यूएई | श्रीलंका |
| 2022 | जोश लिटिल | आयरलैंड | न्यूजीलैंड |
| 2024 | पैट कमिंस | ऑस्ट्रेलिया | बांग्लादेश |

## नवंबर में दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगा भारत

**जोहानिसबर्ग।** भारत इस साल नवंबर में चार मैच की संक्षिप्त टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगा। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट (सीएसए) और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को संयुक्त बयान में इसकी घोषणा की। सीएसए द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार सीरीज आठ नवंबर को डरबन में किंग्समीड स्टेडियम में शुरू होगी। इसके बाद 10 नवंबर को गक्बेरहा, 13 नवंबर को सेंचुरियन और 15 नवंबर को जोहानिसबर्ग में मैच खेले जाएंगे।

सीएसए चेयरपर्सन लॉसन नायडू ने कहा, "मैं दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट के लगातार समर्थन के लिए बीसीसीआई और विश्व क्रिकेट को धन्यवाद करना चाहूंगा। भारतीय क्रिकेट टीम का हमारी सरजमीं पर दौरा हमेशा रोमांचक होता है। मैं जानता हूं कि हमारे प्रशंसक इस सीरीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे होंगे "

भारत के इस संक्षिप्त दौरे को न्यूजीलैंड के खिलाफ उसकी घरेलू सीरीज और बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के लिए आस्ट्रेलिया के दौरे के बीच में जगह दी गई है।

## रिकर्व तीरंदाजी टीमें ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के करीब

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रियांश ने कंपाउंड डिवीजन में व्यक्तिगत पदक जीतने की अपनी संभावनाओं को जीवित रखा है, जबकि भारतीय पुरुष और महिला रिकर्व टीमें तुर्की के अंताल्या में तीरंदाजी विश्व कप चरण-3 के तीसरे दिन के अंत में ओलंपिक बर्थ के लिए रेस में बनी हुई हैं। प्रियांश कंपाउंड पुरुष व्यक्तिगत सेमीफाइनल में पहुंचने वाले एकमात्र भारतीय तीरंदाज थे। अद्भुत निरंतरता दिखाते हुए प्रियांश ने जर्मनी के सेबेस्टियन हैमडॉर्फ को 149-141, मैक्सिको के जुआन डेल रियो को 149-149 (शूट-ऑफ: 10-9), हमवतन प्रथमेश फुगे को 149-148 और तुर्की के बटुहान अक्काओग्लू को 149-147 से हराया। वहीं, अभिषेक वर्मा को अक्काओग्लू ने 148-146 से हराया।



महिलाओं की व्यक्तिगत स्पर्धा में वी. ज्योति सुरेखा तीसरे राउंड में इटली की एलिसा रोनेर से 147-145 से हार गईं। अदिति स्वामी को पाओला रामिरेज गोंजालेज ने 142-140 से हराया, जबकि परनीत कौर को दूसरे राउंड में यूएसए की एलेक्सिस रुइज ने 146-144 से हराया। रिकर्व महिला टीम स्पर्धा में दीपिका कुमारी, भजन कौर और अंकिता भक्त की 5वीं रैंकिंग वाली भारतीय टीम को पहले राउंड में बाई मिली और उसने नीदरलैंड को 6-2 और यूक्रेन को 5-3 से हराया, लेकिन सेमीफाइनल में फ्रांस से 5-4 (शूटऑफ 28-25) से हार गई।

भारत कांस्य पदक के मैच में जापान से 6-0 से हार गया। भारतीय पुरुष और महिला टीमों के पेरिस 2024 के लिए क्वालीफाई करने की संभावना उन टीमों की विश्व रैंकिंग के माध्यम से है, जिन्होंने अभी तक क्वालीफाई नहीं किया है।

## यूरो-2024 | मोर्टेन हुल्मंड के गोल से डेनमार्क ने इंग्लैंड को 1-1 से ड्रॉ पर रोका

# गत चैंपियन इटली को हराकर स्पेन अंतिम-16 में

**एजेंसी, बर्लिन**

स्पेन ने यूरो 2024 ग्रुप चरण के दूसरे दौर में ग्रुप-बी के मुकाबले में रिकार्डो कैलाफियोरी के आत्मघाती गोल से गत चैंपियन इटली को हराकर अंतिम-16 में प्रवेश किया, जबकि इंग्लैंड ने डेनमार्क से 1-1 से ड्रा खेला। मैच में इंग्लैंड ने जोरदार शुरुआत की और मैच के 18वें मिनट में हैरी केन ने गोल कर अपनी टीम का खाता खोला।

हालांकि मैच के 34वें मिनट में मोर्टेन हुल्मंड के गोल से डेनमार्क ने 1-1 की बराबरी हासिल कर ली और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ। ग्रुप-बी में स्पेन ने लगातार दूसरी जीत हासिल करके अंतिम-16 में अपनी जगह पक्की कर ली है।

स्पेन ने एकतरफा मुकाबले में दबदबा बनाए रखा, लेकिन उन्हें गोल करने में कोई सफलता नहीं मिली, हालांकि दूसरे हाफ में इटली को उस समय झटका लगा, जब 55वें मिनट में कैलाफियोरी के आत्मघाती गोल की बदौलत स्पेन ने 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। इटली के पास स्पेन की रक्षा को भेदने के लिए कोई रणनीति नहीं थी और अंत में स्पेन 1-0 से यह मैच जीतने में कामयाब रहा।



मुकाबले के दौरान स्पेन और इटली के खिलाड़ी।

### सर्बिया ने स्लोवेनिया से 1-1 से ड्रॉ खेला

**म्यूनिख।** स्थानापन्न खिलाड़ी लुका जोविच के इंजरी टाइम में दागे गोल की बदौलत सर्बिया ने यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2024) में स्लोवेनिया को 1-1 से बराबरी पर रोका दिया। जेन कार्निकनिक ने 69वें मिनट में स्लोवेनिया को बढ़त दिलाई और ऐसा लग रहा था कि टीम एतिहासिक जीत दर्ज करने में सफल रहेगी, लेकिन जोविच ने इंजरी टाइम में गोल दागकर स्कोर 1-1 कर दिया।

जोविच के गोल से सर्बिया के दर्शक खुशी से झूम उठे, लेकिन उन्होंने मैदान पर चीजें भी फेंकनी शुरू कर दी। गोल होने के बाद खेल शुरू होते ही रैफरी ने मैच खत्म होने का इशारा करने वाली सीटी बजा दी, जिसके बाद स्लोवेनिया के खिलाड़ियों के चेहरों पर निराशा साफ देखी जा सकती थी।

# अर्जेंटीना की कनाडा पर शानदार जीत

### लियोनेल मेसी ने कोपा अमेरिका में खेला 35वां मैच

**एजेंसी, अटलांटा**

मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना ने कोपा अमेरिका फुटबॉल में अपने अभियान का आगाज कनाडा को 2-0 से हराकर किया और दोनों गोल में लियोनेल मेसी ने सूत्रधार की भूमिका निभाई। मेसी ने 49वें मिनट में जूलियन अल्वारेज को गेंद सौंपी, जिन्होंने पहला गोल किया। इसके बाद 88वें मिनट में लौटारो मार्तिनेज के गोल में सहायक की भूमिका निभाई।

अर्जेंटीना 2021 कोपा अमेरिका और 2022 विश्व कप के बाद लगातार तीसरा बड़ा खिताब जीतने की कोशिश में है। अमेरिका में दूसरी बार दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल की यह सबसे बड़ी चैंपियनशिप हो रही है। मेसी का यह 35वां मैच था और उन्होंने चिली सर्जियो लिविंगस्टोन को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 1941 से 1953 के बीच 34 कोपा अमेरिका मैच खेले थे। अब अर्जेंटीना का सामना मंगलवार को चिली से न्यूजर्सी में होगा। इसके बाद 29 जून को मियामी गार्डंस में उसे पेरू से खेलना है। वहीं कनाडा की टीम कंसास सिटी में मंगलवार को पेरू से और 29 जून को ओरलैंडो में चिली से खेलेगी। अमेरिका के 14 स्टेडियम में यह टूर्नामेंट खेला जा रहा है, जिसमें दक्षिण अमेरिका की दस टीमें भाग ले रही हैं।



गोल करने के बाद खुशी मनाते अर्जेंटीना के खिलाड़ी।

## योग



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग करतीं बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी।



बॉलीवुड एक्ट्रेस एवं मंडी से भाजपा सांसद कंगना रनौत योगासन करती हुईं।



एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपने पति जैकी के साथ योग किया।



योगासन करतीं बॉलीवुड एक्टर्स करीना कपूर और दीपिका पादुकोण

## न्यूज ब्रीफ

### पाकिस्तान में ईशनिंदा के आरोपी को जिंदा जलाया



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में एक बार फिर कट्टरपंथियों ने एक शख्स की जान ले ली है। पुलिस ने कहा कि गुरुवार रात खैबर पख्तूनख्वा के स्वात जिले के मदयन इलाके में पवित्र कुरान के कथित अपमान पर भीड़ ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी। स्वात जिला पुलिस अधिकारी डॉ. जाहिदुल्ला खान ने कहा कि इस हंगामे के कारण आठ लोग घायल हो गए। उन्होंने कहा कि पुलिस कथित अपमान की घटना के कारण आरोपी को थाने ले गई थी। लेकिन उग्र भीड़ पुलिस स्टेशन पर हमला कर आरोपी को अपने साथ ले गई। भीड़ ने पुलिस स्टेशन और एक मोबाइल वाहन में आग लगा दी। भीड़ ने संदिग्ध को भी आग के हवाले कर दिया गया।

### नीट मामले को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में राजधानी लखनऊ में यूजीसी-नेट और नीट यूजी परीक्षा में कथित पेपर लीक को लेकर कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। वहीं इस प्रदर्शन के दौरान विधानसभा घेरने जा रहे प्रदर्शनकारियों और पुलिस की बीच झड़प हो गई। इस दौरान कांग्रेसियों ने सड़क पर लगी बैरिकेडिंग को तोड़ने का प्रयास किया, इसके बाद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय समेत 100 के करीब कांग्रेसियों को लखनऊ पुलिस ने किया हिरासत में लिया।

### चीन में मूसलाधार बारिश ने मचाई भारी तबाही



**बीजिंग।** चीन में भारी बारिश ने भारी तबाही मचाई है। चीन की ज्यादातर नदियां खतरे के निशान के ऊपर बह रही हैं। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों के लिए भी अलर्ट जारी किया है। सेना और बचाव दल की टीमें लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचा रही हैं, हर ओर हाहाकार मचा हुआ है।

### चंडीगढ़ भाजपा के लगे 100 जगह योग शिविर



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** विश्व योग दिवस पर भाजपा ने चंडीगढ़ में लगभग 100 से अधिक स्थानों पर अष्ठांग योग क्रियाएं कर 'करें योग रहें निरोग' का संदेश दिया। सम्पूर्ण देश में 'स्वयं और समाज के लिए योग' थीम के तहत योग का प्रचार एवं प्रसार किया गया। योग दिवस के समारोह का नेतृत्व करने वाले पार्टी अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा ने कहा, 'योग मन, शरीर और आत्मा को तरोताजा करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही देश सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रहा है। मोदी जी के साथ-साथ पूरे देश ने आज 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' के अवसर पर योग किया।' योग सत्र के दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय टंडन भी अन्य भाजपा नेताओं के साथ शामिल हुए। पार्टी के महा सचिव अमित जिंदल को योग दिवस के समारोह का संयोजक नियुक्त किया गया, जबकि हुकम चंद, रुचि सेखरी और मीनाक्षी ठाकुर इस कार्यक्रम केसह-संयोजक थे। (अनंत ज्ञान)

### सीएम धामी ने समस्याएं सुलझाने के दिए निर्देश



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सांय गुंजी में आयुक्त कुमांऊ, जिलाधिकारी पिथौरागढ़ के साथ सेना, आईटीबीपी तथा बॉर्डर रोड आर्गेनाइजेशन एवं अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ सीमांत क्षेत्र विकास से जुडे विषयों के साथ ही क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की तथा सीमांत क्षेत्र विकास से संबंधित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हमारे सीमान्त क्षेत्रवासी भी हमारी सीमाओं के प्रहरी है। उन्होंने क्षेत्र के निवासियों की समस्याओं के निराकरण के निर्देश देते हुए अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने को कहा। (अनंत ज्ञान)

### सोलापुर में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट

**मुंबई।** सोलापुर जिले के बार्शी तहसील में स्थित घारी गांव में फटाखा फैक्टरी में शुक्रवार को अचानक विस्फोट होने के बाद आग लग गई। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। घटनास्थल पर आग लगने के कारणों की छानबीन की जा रही है। पुलिस के अनुसार सोलापुर जिले के बार्शी तहसील में स्थित घारी गांव में युनुस मुलानी की पटाखा बनाने की फैक्टरी है। इस फैक्टरी में 15 महिला मजदूर काम करती हैं, लेकिन आज महिलाएं काम पर नहीं आई थी, इसलिए फैक्टरी बंद थी।

### बाढ़ के पानी में डूबी नाव, स्कूल जा रहा छात्र डूबा

**बरपेटा (असम)।** जिले के सर्थेबारी इलाके में स्कूल जा रहा एक सात वर्षीय छात्र बाढ़ के पानी में डूबने के बाद बह गया। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि घटना बेसीमारी पामगांव की है। छात्र नाव से स्कूल जा रहा था। इसी बीच नाव दुर्घटनाग्रस्त हो कर पानी में डूब गई। नाव पर सवार अन्य छात्र एवं लोग तैरकर किनारे पहुंच गए, जबकि, सर्थेबारी रंगिया नदी के पामगांव निवासी सात वर्षीय छात्र कैस अहमद बाढ़ के पानी में डूब गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने राहत एवं बचाव अभियान शुरू कर दिया है।

### अमेरिका ने की भारत-पाक के बीच सीधी बातचीत की हिमायत

**वाशिंगटन।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत की हिमायत करते हुए अमेरिका ने कहा है कि दोनों देश स्वयं सीधे संवाद की दिशा तय करेंगे। अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान के साथ संबंधों को महत्व देने को लेकर प्रतिबद्धता दोहराई। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने प्रेस वार्ता में कहा कि हम भारत-पाकिस्तान दोनों के साथ संबंधों को महत्व देते हुए दोनों देशों के बीच सीधी बातचीत का समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका-भारत घनिष्ठ आर्थिक और सांस्कृतिक संबंध साझा करते हैं।

# सियाचिन की बर्फीली चोटियों से लेकर कन्याकुमारी तक किया योग

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना प्रमुख के साथ मथुरा में किए योगासन


**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय सेना ने शुक्रवार को सियाचिन ग्लेशियर की बर्फीली चोटियों से लेकर कन्याकुमारी के तटीय क्षेत्रों और अंडमान निकोबार के अपतटीय द्वीपों पर 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। पश्चिम में लोंगेवाला (राजस्थान) और कच्छ (गुजरात) से लेकर पूर्व में किबिथू (अरुणाचल प्रदेश) और इंफाल (मणिपुर) के पहाड़ी इलाकों में तैनात सैनिकों ने भी योग किया। इन कार्यक्रमों में विभिन्न स्थानों पर सेवारत कर्मियों, उनके परिवारों, बच्चों, एनसीसी कैडेटों और आम नागरिकों की भी भागीदारी देखी गई।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह प्राचीन शहर मथुरा में आयोजित इस समारोह में सभी रैंक के अधिकारियों और उनके परिवारों के साथ शामिल हुए। थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे भी इस अवसर पर उपस्थित थे। दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस दिल्ली छावनी के करिअप्पा परेड ग्राउंड में मनाया गया, जहां सेवारत भारतीय सेना के जवान, मित्र देशों के रक्षा अताशे अपने परिवारों और एनसीसी कैडेटों के साथ शामिल हुए। दिल्ली में योग सत्र का नेतृत्व उपसेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने किया। भारत के अलावा दुनिया भर में संयुक्त राष्ट्र मिशनों में तैनात सभी भारतीय सेना की टुकड़ियों ने भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया।



सियाचिन ग्लेशियर में योगासन करते भारतीय सेना के जवान।



रक्षा मंत्री मथुरा में सेना के अधिकारियों के साथ योग करते हुए।


### वर्ष 2014 से मनाया जा रहा योग दिवस

वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून के दिन को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया था। तब से इसे अलग-अलग थीम पर मनाया जा रहा है। इस बार की थीम 'योगा फॉर सेल्फ एंड सोसायटी' है। पहले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'सद्भाव और शांति के लिए योग' थी।

### जापान में लोगों ने छाता लेकर किया योग



**टोक्यो।** दुनियाभर में शुक्रवार को 10वां योग दिवस मनाया गया। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक जापान के त्सुकिजी होंगवानजी मंदिर में लोगों ने योग किया। यहां बारिश के बीच लोग छाता लेकर योग करते नजर आए। ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा में लोगों ने योग कर तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट कीं। वहीं, चीन की राजधानी बीजिंग में स्टूडेंट्स ने योग किया।



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ योग करते हुए।

## सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का दावा

# यूपी में सिपाही भर्ती का पेपर लीक करने के पीछे गुजरात की कंपनी

**एजेंसी, लखनऊ**



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने यूपी पुलिस भर्ती मामले में बड़ा दावा किया है। उनका दावा है कि गुजरात की कंपनी ने पुलिस भर्ती का पेपर लीक कराया है।

उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की राज्य सरकार पर बड़ा जुबानी हमला बोला है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर अखिलेश ने लिखा– 'भाजपाइयों' की है यही पहचान झूठों को काम, झूठों को सलाम ये आरोप बेहद गंभीर है कि पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर आयोजित करवाने वाली गुजरात की कंपनी का ही, पेपर लीक करवाने में हाथ है और उसका मालिक जब सफलतापूर्वक विदेश भाग गया, उसके बाद ही उप्र सरकार ने उसके बारे में जनता को बताया और जनता के गुस्से से बचने के लिए दिखाने भर के लिए उस कंपनी को ब्लैकलिस्ट कर दिया। यूपी सरकार उस कंपनी और उसके मालिक के खिलाफ एफआईआर की कॉपी सार्वजनिक करे। गुजरात भेजकर उसकी संपत्ति से खामियाजा वसूलने की हिम्मत दिखाए। ऐसे आपराधिक लोग उप्र के 60 लाख युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने के दोषी है। उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार साबित करे कि वो इन अपराधियों के साथ है या प्रदेश की जनता के साथ। उन्होंने कहा कि आजकल पेपर लीक होना आम बात हो गई है।

# रूस के हमले से यूक्रेन ने की पूरे देश में ब्लैकआउट की घोषणा

**एजेंसी, कीव**




रूस ने बुधवार रात नौ क्रूज मिसाइलों व 27 ड्रोन से यूक्रेन के बिजली ग्रिड को निशाना बनाया है। जिसके बाद यूक्रेन ने पूरे देश में ब्लैकआउट की घोषणा की है। वहीं, यूक्रेन ने भी रूस के तेल डिपो पर ड्रोन से हमले किए हैं। इससे दोनों देशों के बीच एक दूसरे के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाने की कोशिश और तेज होने की आशंका बढ़ गई है।

यूक्रेनी वायुसेना ने कहा है कि तीन महीने पहले यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्रों पर सातवां बड़ा हमला करने वाले रूस ने अब फिर नौ मिसाइलों व 27 शहीद ड्रोन से यूक्रेन के मध्य व पूर्वी क्षेत्र में बिजली ग्रिड को निशाना बनाया है। यूक्रेन ने कहा कि सुरक्षाबलों ने रूस के सभी ड्रोन और पांच क्रूज मिसाइलों को रोकने में सफलता हासिल की है।

नेशनल पावर कंपनी यूक्रेनेरगो के अनुसार, रूसी हमले में सात कर्मचारी घायल हुए हैं। वहीं, रूस के रक्षा मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि यूक्रेन के बिजली संयंत्रों को निशाना बनाने का उद्देश्य उसकी रक्षा तैयारियों को बाधित करना है। पश्चिमी सैन्य मदद पर निर्भर यूक्रेन सीमित, किंतु तेजी से रक्षा उद्योग को विकसित कर रहा है।

## तमिलनाडु शराब कांड

# मरने वालों की संख्या 47 हुई

**एजेंसी, तमिलनाडु**



तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले में जहरीली शराब पीने से मरने वालों का संख्या बढ़कर 47 हो गई है। इनमें से 24 तो एक ही गांव करुणापुरम के थे। 20 जून को सभी मृतकों का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया। चिकित्सा शिक्षा निदेशक जे. संगुमनी के मुताबिक अभी भी 30 की हालत गंभीर बताई गई है।

उधर, शराब कांड के तीन आरोपियों को 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इन्हें कड्डलोर जेल में रखा गया है। तीनों आरोपी 5 जुलाई तक हिरासत में रहेंगे। 100 से ज्यादा पीड़ितों का कल्लाकुरिची सरकारी मेडिकल कॉलेज के अलावा दूसरे अस्पतालों में इलाज जारी है। सभी को सांस लेने में दिक्कत, कम दिखाई देने और शरीर में तेज दर्द की शिकायत है।

# वित्त मंत्री ने किसान संघों और कृषि अर्थशास्त्रियों से की बजट से पहले बैठक

**एजेंसी, नई दिल्ली**



किसान संघों और कृषि अर्थशास्त्रियों के प्रतिनिधियों के साथ शुक्रवार को केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैठक की। बैठक में किसान संघों ने आगामी आम बजट 2024-25 में किसानों को मिलने वाली सहायता राशि में बढ़ोतरी की मांग की।

मंत्रालय के मुताबिक आम बजट 2024-25 को लेकर किसान संघों और कृषि अर्थशास्त्रियों के प्रतिनिधियों के साथ चौथे बजट-पूर्व परामर्श बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव और व्यय विभाग के सचिव आदि भी शामिल हुए।

## हिजबुल्ला की धमकी

# इसराइल का कोई भी हिस्सा नहीं रहेगा सुरक्षित

**एजेंसी, बेरूत**

इसराइल-हमास युद्ध के बीच हिजबुल्ला के नेता हसन नसरुल्ला ने धमकी दी है कि इसराइल का कोई भी हिस्सा सुरक्षित नहीं रहेगा। नसरुल्ला ने कहा है कि इसराइल के साथ अगर उनके संगठन का युद्ध हुआ तो उसकी कोई सीमा नहीं होगी। इसराइल पर सभी ओर से हमले होंगे और उसका कोई भी हिस्सा हिजबुल्ला के हमलों से अछूता नहीं रहेगा। नसरुल्ला ने साइप्रस के साथ भी युद्ध की बात कही है, जिसे साइप्रस ने खारिज कर दिया है।

हिजबुल्ला नेता ने यह बात इसराइली हमलों में मारे गए संगठन के कमांडरों और लड़ाकों को श्रद्धांजलि देने के कार्यक्रम में कही। नसरुल्ला ने कहा कि उनका संगठन सबसे मुश्किल दौर के लिए तैयार है। वह किसी भी स्तर का तनाव और टकराव झेलने के लिए भी तैयार है। हिजबुल्ला प्रमुख का यह बयान तब आया है जब इजरायली सेना ने संगठन के खिलाफ कार्रवाई के लिए योजना तैयार होने की बात कही है। नसरुल्ला ने कहा कि हम ऐसी धमकियों से डरने वाले नहीं हैं। हिजबुल्ला की मिसाइल और रॉकेट इसराइल के किसी भी हिस्से को सुरक्षित नहीं रहने देंगे, वहां भारी तबाही फैलाएंगे।

## ग्लोबल मार्केट से सुस्त संकेत

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से आज सुस्त संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान दबाव का माहौल बना रहा। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल जोरदार मजबूती के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार के विपरीत यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान तेजी बनी रही। एशियाई बाजारों में भी आज मिलाजुला कारोबार हो रहा है।

## सर्राफा बाजार में तेजी का रुख

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज तेजी का माहौल बना हुआ है। इस तेजी के कारण चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 72,600 रुपए से लेकर 72,450 रुपए प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज चेन्नई के अलावा दूसरे सर्राफा बाजारों में 66,560 रुपए से लेकर 66,410 रुपए प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चेन्नई में 24 कैरेट सोना 73 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर के ऊपर पहुंचा हुआ है। सोने की तरह ही आज चांदी के भाव में भी मजबूती आई है। आज की तेजी के कारण आज दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 92,600 रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## बाजार — सेंसेक्स 269 लुढ़ककर हुआ बंद, निफ्टी फिसलकर 23,500 पर पहुंचा

# शेयर बाजार में निवेशकों के 1.67 लाख करोड़ डूबे

**एजेंसी, मुंबई**

कमजोर ग्लोबल संकेतों के बीच भारतीय शेयर बाजार आज 21 जून को गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 269 अंक लुढ़क गया। वहीं, निफ्टी फिसलकर 23,500 पर आ गया।

इसके चलते गोपर बाजार के निवेशकों की संपत्ति आज करीब 1.67 लाख करोड़ डूब गई। डॉलर के मुकाबले रुपया गिरकर अपने कई हफ्तों के निचले स्तर पर पहुंच गया, जिससे निवेशकों का सेंटीमेट आज कमजोर रहा। बीन और यूरोपीय यूनियन के बीच व्यापार को लेकर तनाव बढ़ने का सेंटीमेंट पर असर रहा।



इस बीच ब्रॉडर मार्केट में मिलाजुला रुख रहा। बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.26 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ। वहीं स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.06 फीसदी की मामूली बढ़ोतरी देखी गई। सेक्टरोल इंडेक्स की बात करें तो आईटी, टेलीकॉम और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स शेयरों में तेजी रही। दूसरी ओर ऑयल एंड गैस, एनर्जी और एफएमसीजी शेयरों के इंडेक्स एक फीसदी से अधिक टूट गए।

कारोबार के अंत में, बीएसई सेंसेक्स 269.03 अंक या 0.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77.209.90 अंक पर बंद हुआ। वहीं एनएसई का 50 शेयरों वाला इंडेक्स निफ्टी 65.90 अंक या 0.20 प्रतिशत नीचे आकर 23.501.10 के सार पर बंद हुआ।